राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 131, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 26 नवंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

दिल्ली में 25 लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों पर ऐक्शन की तैयारी .... पेज 03

बलरामपुर अस्पताल के मेकओवर की तैयारी, सर्जरी वॉर्ड होगा मॉडर्न इक्विप्मेंट्स से लैस .... पेज 05

दक्षिण अफ्रीका ने 2027 में होने वाले महिला विश्वकप के मेजबानी की दोवदारी वापस ली .... पेज 07


## मोदी ने तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी

### गजब का एक्सपीरियंस था, देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ा : मोदी



बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में शनिवार 25 नवंबर को तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी। पीएम ने कहा- तेजस में सफलतापूर्वक सॉर्टी की। ये गजब का अनुभव रहा। इस उड़ान से मेरे अंदर देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ गया है।

पीएम ने ये भी लिखा- मैं आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं। भारतीय वायुसेना, DRDO और HAL के साथ ही समस्त भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड भी पहुंचे थे। तेजस को HAL ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। वायुसेना में इसकी दो स्क्वॉड्रन शामिल हो चुकी हैं।

# राजस्थान : 199 सीटों पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग

### भाजपा प्रत्याशी पर हमला; बूथ कैप्चर किया, जान बचाकर भागी पोलिंग पार्टी, धौलपुर में फायरिंग

जयपुर। राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई। इस चुनाव में 70 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के अनुसार शाम 5 बजे तक प्रदेश में 68.24 फीसदी मतदान हुआ है। माना जा रहा है कि वोटिंग प्रतिशत इस बार रिकॉर्ड तोड़ सकता है। फाइनल फिगर थोड़ी देर में आएगा। मतदान के बीच कई जगह झड़प और बवाल हुआ। बूथ कैप्चर किया गया। मतगणना 3 दिसंबर को होगी।



भरतपुर जिले की कामां और नगर विधानसभा क्षेत्र में विवाद हुआ। नगर विधानसभा क्षेत्र के सुकेत गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के बूथ पर हंगामा कर दिया। यहां लतीफ नाम का व्यक्ति दीवार फांदकर बूथ में घुस गया और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मारपीट शुरू कर दी। उसने वीवीपैट में तोड़फोड़ की। लतीफ के कुछ साथी पोलिंग बूथ के अंदर पहले से मौजूद थे।

विवाद इतना बढ़ गया कि वोट डालने आए लोग पोलिंग बूथ से भागने लगे। सभी लोग दो गुटों में बंट गए। एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। पोलिंग पार्टी जान बचाकर भाग गई। हंगामे की वजह से करीब 30 मिनट तक मतदान बंद रहा।

कामां विधानसभा के सांवलेर गांव में भी पुलिस और जाहिदा खान के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। जाहिदा खान के बेटे प्रधान साजिद प्रधान गांव के माध्यमिक स्कूल गांव में बने पोलिंग बूथ पर पहुंचे थे, जहां बीएसएफ के जवानों ने उन्हें रोक दिया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया और बीएसएफ जवान को हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

इस दौरान वहां तैनात अन्य सुरक्षाकर्मियों ने साजिद खान के समर्थकों पर लाठियां बरसा दीं। पुलिस ने साजिद खान के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। सूचना पर एसपी मृदुल कच्छावा मौके पर पहुंचे।इस दौरान करीब 45 मिनट तक मतदान बंद रहा।

वहीं नगर विधानसभा के सीकरी में बीजेपी प्रत्याशी जवाहर सिंह बेड़म पर पथराव हुआ। शाम करीब साढ़े पांच बजे बीजेपी प्रत्याशी सीकरी कस्बे के महात्मा गांधी स्कूल के पोलिंग बूथ पर पहुंचे थे। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसके बाद बीजेपी प्रत्याशी, वोटर और पोलिंग एजेंट को छुपना पड़ा। पथराव करने वाले लोगों ने बेड़म की कार में तोड़फोड़ की। आरोप है कि पथराव करने वाले कांग्रेस के कार्यकर्ता थे।

धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में खुले का पूरा गांव में बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की गई। यहां लोगों की फ्लाइंग स्क्वॉड के मजिस्ट्रेट हरिओम सिरवार से झड़प हो गई। गाड़ी में तोड़फोड़ कर ड्राइवर से मारपीट की। कैमरामैन का कैमरा और फोन छीनकर ले गए। इसके बाद गांव के दो पक्षों के बीच फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। घटना में मजिस्ट्रेट के ड्राइवर सहित तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई कला गांव में भी फायरिंग का मामला सामने आया। कंचनपुर के एक मतदान केंद्र पर बसपा प्रत्याशी जसवंत गुर्जर और भाजपा कैंडिडेट गिर्राज मलिंगा के समर्थक आमने-सामने हो गए। वहीं अब्दुलपुर गांव में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव कर दिया।

सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना बोचीवाल भवन के पीछे बूथ संख्या 128 से 200 मीटर दूर मोहल्ले में हुई। पथराव में एक कॉन्स्टेबल समेत 3 लोग घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है। जोधपुर के लूणी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल के कार्यालय पर हमले का आरोप लगाया।

सीकर, श्रीगंगानगर जिलों के कई बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान में देरी हुई। अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी वोट करने पहुंचे। टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की वोटर भूली देवी ने भी वोट डाला।

## सीबीआई ने महुआ मोइत्रा की खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की

### कैश फॉर क्वेरी केस से जुड़ा है मामला; भाजपा सांसद ने लोकपाल से शिकायत की थी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ शनिवार से प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। मामला कैश फॉर क्वेरी केस से जुड़ा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश के बाद जांच शुरू की है। एजेंसी इस जांच के आधार पर ही तय करेगी कि मोइत्रा के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाए या नहीं।



प्रारंभिक जांच के तहत सीबीआई किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती या तलाशी नहीं ले सकती है, लेकिन वह जानकारी मांग सकती है। साथ ही टीएमसी सांसद से पूछताछ भी कर सकती है।

मामले में महुआ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा किसीबीआईद्ध जांच की जानकारी मुझे नहीं दी गई है। लोकपाल एक्ट के तहत लोकपाल की वेबसाइट में भी आदेश की कॉपी को अपलोड नहीं किया गया है। महुआ ने आगे कहा कि उम्मीद है कि 13,000 करोड़ रुपए के घोटाले में अडाणी के खिलाफ भी सीबीआई जांच करेगी।

### ओडिशा में दो सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गयी और छह घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, हादसा आज उस वक्त हुआ, जब ट्रक चित्रकोंडा से जोदाम्बा की ओर जा रहा था। उसी दौरान, मल्कानगिरि जिले के स्वाभिमान इलाके के हंतालगुड़ा में सीमेंट से लदे ट्रक के पलट जाने से छह मजदूरों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। घायलों को चित्रकोंडा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में, नयागढ़ा जिले के दासपल्ला थाना क्षेत्र के तहत सुबलाया चक में छत्तीसगढ़ से पुरी जा रही एक कार और एक मोटर साइकिल की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी।

# उत्तराखंड : कोटाबाग में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

### ग्रामीणों की सचूना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई में से शवों को बाहर निकाला

यूपी पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिर गई। चिंता की बात है कि सड़क हादसे में पांच युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की सचूना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई में से शवों को बाहर निकाला। यह दर्दनाक सड़क हादसा उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हुआ है। जिले के कोटाबाग ब्लॉक के बाघनी गांव में पर्यटकों की कार करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार सभी पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर हुए इस हादसे के समय का सही अंदाजा नहीं लग पाया है। शनिवार दोपहर में बाघनी गांव के लोग पेयजल लाइन ठीक करने पहुंचे तो उन्हें पुल के नीचे गधेरे में क्षतिग्रस्त कार और शव दिखाई दिए।

सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया और शवों को खाई से बाहर निकाला। सभी मृतकों की उम्र 23 से 27 साल थी। ये सभी उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के बिलासपुर निवासी थे।



जानकारी के अनुसार शनिवार को बाघनी गांव में पानी की लाइन खराब होने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई थी। इसपर ग्रामीण लाइन को दुरुस्त करने के लिए शनिवार दोपहर करीब सवा बजे गधेरे की ओर गए। इस बीच उन्हें बाघनी पुल के ठीक नीचे गधेरे में दिल्ली नंबर की एक क्षतिग्रस्त कार दिखाई दी। पास जाने पर कुछ लोगों के क्षत-विक्षत शव पड़े मिले। उन्होंने मामले की सूचना तत्काल अन्य ग्रामीणों और नजदीकी पुलिस को दी।

**सभी मृतक यूपी के रामपुर जिला निवासी**

1-रवि प्रताप सिंह (27) पुत्र बलवीर सिंह निवासी बिजली फार्म बिलासपुर, रामपुर
2-सुखमीत सिंह (27) पुत्र इकबाल सिंह निवासी बिजली फार्म बिलासपुर, रामपुर
3-जगरूप सिंह (27) पुत्र अमरीक सिंह निवासी ग्राम रतनपुर बिलासपुर, रामपुरर
4-गुरु सेवक सिंह (26) पुत्र मलकीत सिंह निवासी बारादरी बिलासपुर, रामपुर
5-जगजीत सिंह (23) पुत्र जीव सिंह सिकरौरा बिलासपुर

### सड़क दुर्घटना में महिला और दो बच्चों की मौत, दो अन्य घायल

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र में एक डंपर और दुपहिया वाहन की टक्कर में एक महिला और दो बच्चों की मृत्यु हो गई, जबकि महिला का पति एवं एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के पीपल झोपा रोड पर कदवाली फाटे पर कल एक डंपर ने मोटरसायकल सवार दंपति को टक्कर मार दी। घटना में वाहन चला रहे दिनेश की पत्नि छीनी बाई, उसका पुत्र अर्जुन (5) और पुत्री आरती (3) की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। इस हादसे में दिनेश और उसकी डेढ़ वर्ष की एक अन्य पुत्री भी गंभीर रूप से घायल हुई है।

**विधानसभा चुनाव**




तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले खम्मम में रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी।

**'नगर कीर्तन'**



अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देव की जयंती से पहले 'नगर कीर्तन' जुलूस के दौरान सिख श्रद्धालु गुरु ग्रंथ साहिब को पालकी में ले जाते हुए।

### सीजेआई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर जताई चिंता

## एआई का जिम्मेदारी से इस्तेमाल कैसे करें, यह है बड़ा सवाल

बेंगलुरु। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बेंगलुरु में आयोजित 36वें LAWASIA सम्मेलन में शिरकत की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के नैतिक इस्तेमाल को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि इन दिनों हम एआई के नैतिक इस्तेमाल के बुनियादी सवालों का लगातार सामना कर रहे हैं।

### 36वें लवासिया सम्मेलन में सीजेआई ने की शिरकत

यह बातें चीफ जस्टिस ने 36वें लवासिया कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन के दौरान कहीं। इस कॉन्फ्रेंस में जस्टिस चंद्रचूड़ का टॉपिक था- पहचान, व्यक्ति और राज्य; आजादी के नए पथ। लवासिया एशिया पैसिफिक रीजन के वकीलों, जजों, ज्यूरिस्ट और वैधानिक संगठन का एक एसोसिएशन है।



### व्यक्ति की पहचान की उसके फैसलों से जुड़ी है

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आजादी कुछ नहीं बल्कि अपने लिए फैसला लेने योग्यता है जिससे हमारा जीवन बदल जाए। चीफ जस्टिस ने कहा व्यक्ति की पहचान की उसकी एजेंसी और जीवन में लिए गए उसके फैसलों से जुड़ी है।

उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग अपनी जाति, जाति, धर्म, लिंग या यौन रूझान के कारण भेदभाव का सामना करते हैं। उन्हें हमेशा उत्पीड़न का सामना करना पड़ेगा। यह सामाजिक रूप से प्रभावी है।

**आंदोलन**

### 14 किसान संगठन-5 ट्रेड यूनियन शामिल, मुआवजा समेत कई मांगे

## हरियाणा से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में करेंगे कूच : 3 दिन राजभवन पर पड़ाव

रोहतक। हरियाणा से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर सवार होकर राजभवन की ओर कूच करेंगे। यह केवल हरियाणा में ही नहीं अन्य प्रदेशों में भी किसानों द्वारा राजधानियों में पड़ाव डालने का कार्यक्रम है। जिसको प्रभावी बनाने के लिए 14 किसान संगठनों, 5 ट्रेड यूनियनों व 2 कर्मचारी संगठनों ने ताकत झोंक रखी है।

उम्मीद लगाई जा रही है कि पंचकूला में 3 दिन तक प्रदेश के हजारों किसान पड़ाव डालेंगे। साथ ही यहां से बड़े आंदोलन की घोषणा भी हो सकती है। इससे पहले तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉलियों को लेकर दिल्ली की तरफ कूच किया था। यहां एक साल से भी अधिक समय तक आंदोलन चला। अब फिर से किसान उसी तरह ट्रैक्टर ट्रॉलियों में तीन दिन पड़ाव के लिए जरूरी सामान लेकर राजभवन की तरफ कूच करने की तैयारी में हैं।

किसान पहले से ही मन बनाकर जा रहे हैं कि जरूरत पड़ी तो वे तीन दिन के पड़ाव को आगे भी बढ़ा सकते हैं।

### कई दिनों से जारी पड़ाव की तैयारी

राजभवन में होने वाले पड़ाव को लेकर संगठन पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हैं। इसके लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। वहीं



गांवों में जाकर मीटिंग की जा रही हैं और किसानों को तीन दिवसीय पड़ाव में पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है। साथ ही पर्चे बांटकर जागरूक भी कर रहे हैं।

### सड़कों पर बढ़ेगा ट्रैफिक

तीन दिवसीय पड़ाव को लेकर किसानों के रवाना होने से सड़कों पर भी ट्रैफिक बढ़ने की संभावना है। क्योंकि प्रदेश के विभिन्न जिलों से ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों में सवार होकर हजारों किसान पंचकूला पहुंचेंगे। पंचकूला से दूर के जिलों से किसान शनिवार को रवाना होंगे। लेकिन नजदीक के किसान रविवार को सुबह चलेंगे।

### किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों को हल करने के लिए डालेंगे पड़ाव

किसानों द्वारा राजभवन पर पड़ाव किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों को हल करवाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किया जा रहा है। किसानों की मांग है कि बाढ़ और सूखे से बर्बाद धान की फसल का मुआवजा अभी तक किसानों को नहीं दिया गया। इसी तरह ओलावृष्टि से को गेहूं की फसल बड़ी हुई थी, उसके मुआवजे को भी वितरित नही करना चाहती।

फसल बर्बादी की स्थिति में किसान हर साल कर्ज के जंजाल में फंसता जा रहा है। किसानों का लंबित बीमा क्लेम भी बकाया है, जिसे कंपनियां देने में मनमानी कर रही है। किसान सभा ने जल्द फसल खराबे का मुआवजा और बीमा क्लेम जारी करने की मांग की है।

## कोच्चि यूनिवर्सिटी में म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान भगदड़, 4 छात्रों की मौत और 60 घायल

**एजेंसी**

केरल की कोच्चि यूनिवर्सिटी में शनिवार को भगदड़ मच गई। इसकी चपेट में आने से 4 छात्रों की मौत हो गई और 60 घायल हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के दौरान हुई।

जॉर्ज ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, कलामसेरी मेडिकल कॉलेज में 4 लोगों के शव मिले हैं। इनमें से 2 लड़के और 2 लड़कियों की डेड बॉडीज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा कॉलेज में म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान हुआ और उस वक्त सिंगर निकिता गांधी परफॉर्म कर रही थीं। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने कहा कि भगदड़ तब मची जब अचानक बारिश शुरू हो गई। उन्होंने कहा, यह उत्सव शुक्रवार को शुरू हुआ था।

फेस्ट के हिस्से के रूप में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना था। इसी कड़ी में आज संगीत कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान पड़ोसी कॉलेजों के छात्र भी कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। दुर्भाग्य से भीड़ बहुत अधिक हो गई। करीब 2,000 से अधिक लोग अंदर चले आए और वे सीढ़ियों पर दौड़ने लगे।

**नगर निगम पार्षद ने बताया हादसे का कारण**

कोच्चि के नगर निगम पार्षद प्रमोद का भी घटना पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि एक ही गेट से एंट्री और एग्जिट के कारण भगदड़ मची। प्रमोद ने कहा, स्टूडेंट्स एक ही गेट से आने की कोशिश कर रहे थे। जो छात्र सीढ़ियों से एंट्री कर रहे थे, वे पहले गिरे और फिर गेट पर भारी भीड़ ने उन्हें कुचल दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, घायलों को कलामासेरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जिला कलेक्टर एनएसके उन्मेश ने कहा कि घायलों में 2 लोगों की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि हादसे को देखते हुए हमने शहर के सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। अभी तक मृतकों पहचान नहीं हो सकी है।

## शार्ट न्यूज

### मनरेगा मानव दिवस में त्रिपुरा दूसरे स्थान पर

अगरतला। विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नौकरी संकट के आरोपों को खारिज करते हुए, त्रिपुरा सरकार ने शनिवार को दावा किया कि राज्य ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही तक मनरेगा के कार्यान्वयन के लिए देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। कृषि मंत्री रतन लाल नाथ ने माकपा द्वारा सोचे समझे गए प्रयास को लेकर कहा कि त्रिपुरा ने मनरेगा के तहत औसतन 51.37 मानव दिवस सृजित किए हैं, जो 53.44 मानव दिवस के रिकॉर्ड के साथ मिजोरम के बाद देश में दूसरे स्थान पर है। श्री नाथ ने कहा,2.94 करोड़ से अधिक मानव दिवस पहले ही पूरे हो चुके हैं, जबकि 81 लाख मानव दिवस अभी भी वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक शेष हैं और अगले साल जनवरी के बाद अंतिम तिमाही के लिए अधिक आवंटन आएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा का लगभग 59.47 प्रतिशत जनजातीय लोगों के लिए मानव दिवस सृजित किये गये। उल्लेखनीय है कि 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से पिछले छह वर्षों में राज्य में जल निकायों के निर्माण, सड़कों और पुलियों के निर्माण जैसी कुल 5,22,233 स्थायी संपत्तियां बनाई गई हैं।

### युवा मस्तिष्क के पोषण से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि ऊर्जावान और प्रेरित होने से प्रदर्शन करने की क्षमता अनंत हो जाती है। धनखड़ ने शनिवार को संसद भवन में 'जी-20 थिंक क्विज़ फाइनलिस्ट् प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि जी-20 में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी रही है । उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए मानसिक और शारीरिक पोषण आवश्यक है। युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब वे ऊर्जावान और प्रेरित होते हैं तो उनकी प्रदर्शन करने की क्षमता अनंत हो जाती है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन के निर्माण की उल्लेखनीय उपलब्धि केवल 30 माह में प्राप्त हुई है। इस परियोजना में देश के हर कोने से मानव संसाधन शामिल थे। साथ ही साथ, उन्होंने भारत की अध्यक्षता के दौरान हाल ही के जी-20 शिखर सम्मेलन की उपलब्धियों पर बल दिया और स्पष्ट किया कि देश भर में 60 स्थानों पर 200 से अधिक बैठकों का आयोजन हुआ।

### संविधान दिवस पर आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

नयी दिल्ली। विधि एवं न्याय मंत्रालय रविवार को यहां भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में संविधान दिवस मनाएगा। इसी दिन 1949 में भारत ने संविधान को अपनाया था। इस कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्रों वाली एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी भी आयोजित की जायेगी। इससे कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शिक्षा जगत सहित अन्य लोगों को 2047 के विजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में कानूनों में सुधार की जरूरतों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिलेगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और वह पूर्ण सत्र में मुख्य भाषण देंगे। विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल , न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी (अध्यक्ष विधि आयोग) सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा (अध्यक्ष एनएचआरसी) न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी (पूर्व न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय) और डॉ. नितेन चंद्रा, सचिव कानूनी मामलों के विभाग भी इस अवसर पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान ए गाइड टू अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन और पर्सपेक्टिव्स ऑन कॉन्स्टिट्यूशन एंड डेवलपमेंट नामक दो पुस्तकों का विमोचन भी होगा।

### ओडिशा के 26 'विश्वकर्मा गुरुओं' को सम्मानित किया धर्मेंद्र प्रधान ने

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भुवनेश्वर में एक सम्मान समारोह में 18 परम्परागत हस्तशिल्प और पेशवर कार्यों में निपुण 26 'विश्वकर्मा गुरुओं' को सम्मानित किया । प्रधान ने इस अवसर पर कहा, ओडिशा में प्रत्येक कारीगर और मूर्तिकार एक विश्वकर्मा है। उनकी रचना अद्वितीय है। हम जागरूकता पैदा करने और ऐसे और अधिक कारीगरों को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न हस्तकलाओं और परम्परागत व्यवसायों में दक्ष व्यक्तियों को प्रशिक्षक के रूप में पीएम विश्वकर्मा गुरू के रूप में सम्मानित करती है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री प्रधान ने कल भुवनेश्वर में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान 26 विशेषज्ञ कारीगरों और शिल्पकारों को सम्मानित किया। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत विश्वकर्मा गुरु जो आगे चलकर इस योजना के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे और उन्हें अपने संबंधित ट्रेडों में मास्टर ट्रेनर और प्रशिक्षक बनने के अवसर भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मछली के जाल बुनने, बाल बनाने-सैलून चलाने, सिलाई बुनाई चिनाई, बढ़ई गिरी, आभूषण बनाने, लोहे के कृषि उपकरण बनाने, प्राथमक श्रेणी मूर्तिकला, ऊन के परंपरागत खिलौने बनाने जैसी 18 तरह की विधाओं में पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की, जिसमें 28 उप-विधाएं हैं।

### कश्मीर में न्यूनतम तापमान फिर शून्य से नीचे

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में हल्की राहत के बाद शनिवार को शीत लहर की स्थिति जारी रही और अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान फिर से शून्य से नीचे चला गया। जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर सहित अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान फिर से शून्य से नीचे चला गया, जिससे आज घाटी में शीत लहर की स्थिति पैदा हो गई। अगले 24 घंटों के दौरान आमतौर पर बादल छाए रहने और शुष्क रहने के अनुमान हैं। इसके अलावा 27 और 28 नवंबर को भी आमतौर पर बादल छाए रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 29-30 नवंबर के दौरान जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात होने तथा एक से पांच दिसंबर तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार हैं। मौसम कार्यालय ने कहा कि कश्मीर संभाग के कई स्थानों पर 28 नवंबर तक हल्का से मध्यम कोहरा जारी रहने के आसार हैं। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से शून्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

# ग्रेनो में बनेगा एनसीआर का सबसे बड़ा मनोरंजन पार्क

## वैश्विक निवेश सम्मेलन में हुआ था करार



ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो के मुरसदपुर गांव के पास नाइट सफारी योजना फ्लॉप होने के बाद खाली भूखंड के 100 एकड़ में एनसीआर का सबसे बड़ा मनोरंजन पार्क/वाटर पार्क बनाने की तैयारी है। बेंगलुरु से वांडरेला कंपनी की टीम जल्द ही जमीन का निरीक्षण करने आ रही है। कंपनी ने वैश्विक निवेश सम्मेलन में इस बाबत करार किया था। ग्रेटर नोएडा में नाइट सफारी के लिए 260 एकड़ जमीन चिह्नित की गई थी। करीब 277 करोड़ की लागत से इसका निर्माण कराया जाना था। यहां 120 एकड़ जमीन पर मनोरंजन पार्क समेत अन्य पर्यटन गतिविधियों के लिए चिन्हित की गई थी। हालांकि प्रदेश में सरकार बदलते ही परियोजनाएं भी बदल गईं। अब नाइट सफारी के लिए आरक्षित जमीन खाली है। अभी तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से कोई योजना नहीं बनाई है। इसी जमीन पर वांडरेला कंपनी 100 एकड़ में पार्क बनाना चाहती है। कंपनी बेंगलूरु में करीब 88 एकड़ में बने वाटर पार्क का संचालन करती है।

हालांकि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इस जमीन को देने से पीछे हट रहा है, लेकिन कंपनी ने इसी जमीन की मांग शासन में रखी है। कंपनी की ओर से ग्रेटर नोएडा में स्थलीय निरीक्षण के लिए एक कमेटी अगले सप्ताह आएगी। इसकी खबर मिलते ही अधिकारियों ने जमीन से जुड़ी सारी जानकारी और दस्तावेज जुटाने शुरू कर दिए हैं।

### पांच हजार करोड़ का निवेश

लखनऊ में हुए वैश्विक निवेश सम्मेलन में कंपनी ने प्रदेश सरकार के साथ करार में पांच हजार करोड़ से अधिक का निवेश की इच्छा जताई थी। फिलहाल कंपनी बेंगलूरु समेत कई स्थानों पर अलग-अलग परियोजनाएं चला रही हैं। इससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

ग्रेनो में नहीं है मनोरंजन पार्क तीन दशक पहले बसे ग्रेटर नोएडा में मनोरंजन पार्क नहीं हैं। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि मांगी गई जमीन नाइट सफारी के लिए आरक्षित की थी। मास्टर प्लान में इस जमीन के लिए तय की गई योजना का अध्ययन किया जा रहा है। इसके बाद ही आगे कार्रवाई होगी।

### फसल कटाई को लेकर चली गोली, एक की मौत, एक घायल

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के नौगावा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीकच के ग्राम नाखनौल मे फसल कटाई को लेकर दो भाइयों मे आपस मे विवाद हो गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। मृतक की पहचान सरपु पुत्र घुटमल मेव उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई। मृतक के पुत्र शाहिद ने बताया कि कुछ दिनों से उनके चाचा और उनके पिता के बीच फसल कटाई को लेकर विवाद चल रहा था। दोपहर को उसके ताऊ अहमद के लड़के अलियाद और चाचा हाजी इजराइल के लड़के नासिर और आदिल ने फरसी और बंदूक से हमला कर दिया। उसके पिता को 2 गोलियां लगी और ताऊ के लड़के अलियाद को दो गोलिया लगी। एक गोली उसको छूकर निकल गई जिससे वह बाल बाल बच गया। खेतो मे भागकर उसने अपनी जान बचाई। सूचना पर रामगढ़ सीओ हेमेन्द्र शर्मा और नौगावा थानाधिकारी नेकीराम मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। घायलों को स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र नौगावा लाया गया जहाँ सरपु पुत्र घुटमल को मृत घोषित कर दिया और घायल अलियाद को अलवर रैफर किया गया।

# जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं : उमर



श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में कोई सामान्य स्थिति नहीं है और जो लोग दावा कर रहे हैं वे देश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

उमर ने राजौरी में हाल ही में हुई मुठभेड़ पर प्रतिक्रिया देते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने कहा,यहां कोई सामान्य स्थिति नहीं है, जो भी दावा कर रहे हैं वे न केवल खुद को धोखा दे रहे हैं, बल्कि देश के लोगों को भी गुमराह कर रहे हैं।

गौरतलब है कि उक्त मुठभेड में दो अधिकारियों सहित पांच सैनिक मारे गए थे जबकि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया था।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान राजौरी में स्थिति सामान्य थी। उन्होंने उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एक पार्टी सम्मेलन के बाद संवाददाताओं से कहा,नेशनल कॉन्फ्रेंस के शासन के दौरान राजौरी उग्रवादियों से लगभग मुक्त था। मुझे याद नहीं है कि मेरे कार्यकाल के दौरान राजौरी में ऐसी कोई मुठभेड़ हुई थी।

नेकां के उपाध्यक्ष ने कहा,जब आप राजौरी, कोकेरनाग या उत्तरी कश्मीर के बारे में बात करते हैं। यहां-वहां ऐसी मुठभेड़ें देखने को मिलती हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारे अस्तित्व से डरती है और इसीलिए उन्होंने जम्मू-कश्मीर में यूएलबी, पंचायत और विधानसभा चुनाव में देरी की।

एक सवाल के जवाब में श्री उमर ने कहा कि कुछ सम्मेलनों को छोड़कर सभी सफल रहे।

उन्होंने कहा,मैं यह नहीं कहता कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को सारे वोट मिलेंगे, लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि अगर चुनाव हुए तो लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। लेकिन मेरा और मेरे कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को चुनाव में अधिकतम वोट मिलना चाहिए।

# घर में आग लगने से 5 लोग झुलसे, 3 की मौत

मोतिहारी। (पी एम ए) बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में एक आवासीय घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोग बुरी तरह झुलस गए। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर अग्निशमन दस्ता और पुलिस की टीम पहुंची। किसी तरह घर में बंद लोगों को बाहर निकाला जा सका।

आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, पुरनहिया चौक निवासी सुबोध पंडित अपने परिवार के साथ बीती रात घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर सोए थे। सुबह में मॉर्निंग वाक को निकले लोगों ने घर से धुआं उठता देखा शोर मचाया। इस दौरान घर में आग फैल चुकी थी। इसी बीच स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन दस्ते को इसकी सूचना दी। अग्नि शमन की टीम पहुंची और घर के अंदर फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया।

इसी दौरान घर के मालिक सुबोध पंडित ने छत से नीचे छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की मदद से छत के रास्ते फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। उन्हें स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। घोड़ासहन के थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। मृतकों की पहचान रौशन कुमार पंडित, कविता देवी और शालू कुमारी के रूप में की गई है।

# पुलिस ने चार बदमाशों को दौड़ाकर मारी गोली

## सीमेंट से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली लूटने वाले बदमाशों से हुई मुठभेड़, पैरों में लगी गोलियां, लूट का माल बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** सीमेंट से लोडेड हुआ ट्रैक्टर-ट्राली लूटने वाले बदमाशों से दादरी थाना पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। सभी बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है ।पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा हुआ सीमेंट, एक गाड़ी, तमंचा कारतूस अन्य सामान बरामद किया है।



दो दिन पहले 23 नवंबर को बदमाशों ने ड्राइवर को धोखा देकर ट्रैक्टर-ट्राली लूट ली थी। ट्रैक्टर में 320 बोरियां सीमेंट लोड थी। बदमाश सीमेंट के बिल व ट्रैक्टर ट्रॉली छीनकर भाग गये थे। इसकी सूचना दादरी पुलिस को दी गई। इसके बाद दादरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और इस घटना की अनावरण के लिए टीम का गठन किया गया। थाना दादरी पर तत्काल 04 टीमों का गठन किया गया। टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से घटना के अनावरण के लिए प्रयास किया। इसी कड़ी में थाना दादरी पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि बदमाश लूट हुआ माल लेकर उसे कहीं बचने के लिए जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बोडाकी रामगढ मार्ग पर सर्वोत्तम सोसायटी के गेट के पास दादरी पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में चार बदमाशों विजय, विष्णु, पिन्टू और विनोद के पैर में गोली लगी है।

मुठभेड़ में घायल हुए चारों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से लुटे गये ट्रैक्टर ट्रॉली (जिसमें श्री सीमेन्ट के 320 कट्टे भरे हुए हैं) व घटना मे प्रयुक्त होन्डा सिटी का, 04 अवैध तमंचे व कारतूस बरामद हुए।

एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे है। इनके द्वारा जीटी रोड से निकलने वाले सीमेन्ट से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली के ड्राइवर को चकमा देकर लूटपाट की गई। सम्पूर्ण प्रकरण में मास्टर माइन्ड विजय है, जिसके द्वारा इस पूरी घटना की योजना बनाकर अपने साथियों को घटना में शामिल कर उस घटना को अंजाम दिया गया था।

मास्टर माइंड विजय कुमार का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। घटना में प्रयुक्त होन्डा सिटी कार भी विजय कुमार की है। इन लोगों के अपराधी के इतिहास की पुलिस जानकारी जुटा रही है।

# लाढोवाल टोल प्लाजा पर फिर बढ़ा टोल रेट




**फगवाड़ा।** पंजाब में फिल्लौर से लुधियाना का सफर जेब पर अब और भारी पड़ेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने लाढोवाल टोल प्लाजा पर टोल दरें 85 दिन बाद पुनः बढ़ा दी हैं और ये आज से लागू भी हो गईं हैं।

इस टोल प्लाजा पर एनएचएआई ने गत एक सितम्बर को ही टोल दरें बढ़ाईं थीं लेकिन आज से इनमें फिर से वृद्धि की गई है।

टोल प्लाजा प्रबंधक गौरव कुमार ने आज यहां बताया कि अब हर कार चालक को एक तरफ का टोल 215 रूपये चुकाना होगा जो अब से पहले 165 रूपये था। जबकि आने जाने की यह राशि 325 रूपये होगी जो पहले 245 रूपये थी। ऐसे में जब फिल्लौर और लुधियाना के बीच की दूरी मात्र 12 किलोमीटर है। इसी तरह हल्के वाहनों को एक तरफ के लिये 285 रूपये की जगह 350 रूपये और आने-जाने के लिये 430 रूपये की जगह 520 रूपये चुकाने होंगे।

उन्होंने बताया कि बस और ट्रक चालकों को अब एक तरफ का टोल 575 की जगह 730 रूपये तथा दो तरफ का 850 रूपये की जगह 1095 रूपये देना होगा। इससे भारी वाहनों को एक तरफ के लिये 925 रूपये की जगह 1140 रूपये तथा दो तरफ आने जाने के लिये 1385 रूपये की जगह 1715 रूपये चुकाने होंगे। टोल प्लाजा की 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वालों के लिये मासिक पास 300 रूपये की जगह अब 330 रूपये का बनेगा।

इस बीच कांग्रेस विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल, विक्रम सिंह चौधरी, डा. नवजोत सिंह दहिया और परमिंदर मेहता ने टोल दरें बढ़ाने का विरोध किया है तथा इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार और प्राईवेट कम्पनियों को टोल दरें बढ़ाने से पूर्व लोगों को बेहतर सड़कें और अन्य सुविधाएं मुहैया करानी चाहियें। उन्होंने कहा कि यह टोल वृद्धि कम दूरी तय करने वालों के लिये बड़ा बोझ साबित होगी।

### कौशांबी: दुष्कर्म पीड़िता के हत्या का इनामी आरोपी गिरफ्तार

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के महेवा घाट थाने में रेप पीड़िता युवती के हत्या का मुख्य आरोपी 25000 रुपए के इनामिया बदमाश को पुलिस ने आज मुड़भेड के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 20 नवंबर को महेवाघाट थाना क्षेत्र के ढेरहा गांव की 20 वर्षीय युवती की गांव के ही पवन और उसके सगे तीन भाइयों द्वारा कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में पवन मुख्य आरोपी था जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि पवन महेवा घाट के यमुना कछार में मौजूद है। आज सुबह तड़के पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर घेराबंदी कर दी। पवन ने पुलिस से स्वयं को घिरा हुआ देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने की कोशिश की।

# केबीसी के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**नैनीताल।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के नाम पर लाखों की ठगी करने के फरार आरोपी को पुलिस ने देहरादून से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के दो साथी पहले से जेल में हैं।

पिथौरागढ़ के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के अनुसार इसी साल चार जनवरी को बेरीनाग के बनकोट, गणाई गंगोली निवासी राजेन्द्र सिंह कार्की से केबीसी में 25 लाख रुपये की लाटरी निकलने के नाम पर 28 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी थी।

वादी की तहरीर पर बेरीनाग थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। साथ ही मामले के खुलासा के लिये एक टीम का गठन किया गया। जांच में धोखाधड़ी में दो आरोपियों एसके अफरोज अली निवासी मिर्जा पटना, गुआल सिंह, केन्द्र पारा, ठाकुर पटना, उड़ीसा और अल्ताफ अली निवासी चतुरसिला खुंता, मयूरभंज, केन्द्र पारा, उड़ीसा के नाम सामने आये।

एसके अफरोज अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि अल्ताफ अली फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश देती रही लेकिन वह पुलिस से बचने के लिये लगातार ठिकाने बदलता रहा।

आखिर आरोपी को बीती देर रात को ऋषिकेश, देहरादून से गिरफ्तार लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश करने के साथ ही जेल भेज दिया गया है।

# युवा पीढी को अनुशासन व अटूट देशभक्ति का पाठ पढाया है एनसीसी ने

## दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) आज अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाएगा

नयी दिल्ली। दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) रविवार को अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाएगा।




वर्ष 1948 में गठित बल के इस महत्वपूर्ण पड़ाव के स्मरणोत्सव के अवसर पर रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पूरे एनसीसी समुदाय की ओर से शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

बल ने स्थापना के बाद से ही अनुशासन, नेतृत्व और अटूट देशभक्ति जैसे मूल सिद्धांतों के साथ युवाओं को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

अरमाने ने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा,एनसीसी आज एक असाधारण मंजिल पर पहुंच गई है। इन 75 वर्षों में यह प्रतिष्ठित संगठन अपने लोकाचार पर दृढ़ रहा और युवाओं के बीच एकता और अनुशासन का प्रतीक बनकर उभरा। उन्होंने एनसीसी समुदाय को उनकी असीम उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएँ दी और उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस मौके पर यहां कमला नेहरू कॉलेज की एनसीसी विंग की 26 प्रतिभाशाली लड़कियों के बैंड ने देशभक्ति की थीम पर प्रस्तुति दी।

पिछले सात दशकों में एनसीसी की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संगठन ने लाखों एनसीसी कैडेटों के चरित्र को दिशा देने, कर्तव्य की भावना पैदा करने और भविष्य के लिए नेतृत्व को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

एनसीसी ने सामाजिक विकास, आपदा राहत, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा जैसी विभिन्न पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेकर सामाजिक ताने-बाने पर गहरी छाप छोड़ी है। इस अवसर एनसीसी कैडेटों ने दो सप्ताह तक चलने वाले अखिल भारतीय स्वच्छता और जागरूकता अभियान %स्वच्छता ही सेवा% का नेतृत्व किया, जिसमें कचरा मुक्त भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रभावशाली कार्यक्रम शामिल थे। इसी तरह 1 अक्टूबर, 2023 को 15 लाख से अधिक कैडेट एक घंटे की 'श्रमदान' गतिविधियों में शामिल हुए और इस उद्देश्य में अपना योगदान दिया।

संगठन की 75वीं वर्षगांठ के इस ऐतिहासिक दिवस के अवसर पर एनसीसी समाज और राष्ट्र निर्माण में भावी पीढी को दिशा प्रदान करने के लिए कृतसंकल ?प है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए पूरे देश में रक्तदान अभियान, परेड, पुष्पांजलि समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और एनसीसी द्वारा समर्थित उपलब्धियों और लोकाचार को प्रदर्शित करने वाले जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं।

### कृषि गोदाम सुरक्षा में सौर कैमरा प्रणाली की सिफारिश

नयी दिल्ली। कृषि उपज प्रबंध क्षेत्र में काम करने वाली एक फर्म ने कृषि गोदामों की सुरक्षा और गुणवत्ता पर कम लागत के साथ निरंतर निगरानी के लिए सौर ऊर्जा से परिचालित कैमरों के प्रयोग की अवधारणा प्रस्तुत की है। सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) ने अपने 'एग्रीसुरक्षा' उद्यम के अंतर्गत 24/7 डिजिटल गोदाम निगरानी, केंद्रीय नियंत्रण और निगरानी और सभी गोदामों की जियोटैगिंग जैसे समाधान शामिल किए हैं। एसएलसीएम के लीड ऑडिट कंट्रोल अनुज कुमार ने एग्रीसुरक्षा के बारे में कहा, एग्रीसुरक्षा' के अंतर्गत कृषि गोदामों में सौर ऊर्जा से चलने वाले कैमरों की स्थापना भी शामिल है। पारंपरिक निगरानी प्रणालियों की तुलना में सौर कैमरों के कई फायदे हैं। वे पर्यावरण के अनुकूल और लगत बचाने वाले हैं।

# शुभेंदु ने ममता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने मध्य कोलकाता के हेयर स्ट्रीट पुलिस थाने के ओसी को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है कि वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ नेताओं को गिरफ्तार करने की कथित धमकी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करें, अन्यथा वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।



अधिकारी ने कहा, मैंने हेयर स्ट्रीट पुलिस थाना प्रभारी को अपनी शिकायत ईमेल कर दी है और उनसे कल (शुक्रवार) को नेताजी इंडोर स्टेडियम में की गयी टिप्पणी के लिए मुख्यमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया है।

नंदीग्राम विधायक ने कल रात इस मुद्दे पर पुलिस प्रभारी को ईमेल भेजने के बाद सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी की ओर से शपथ लेते हुए हमारे (भाजपा) आठ लोगों को गिरफ्तार करने की धमकी दी।

पूर्व शिकायत में बताया गया है कि गुरुवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री का संबोधन था।

जहां उन्होंने कथित तौर पर यह संकेत देते हुए टिप्पणी की थी कि अगर उनके राजनीतिक दल के चार विधायकों को जेल भेजा जाता है, तो वह विपक्षी दल के आठ नेताओं की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगी।

अधिकारी ने कहा, नेताजी इंडोर स्टेडियम हालांकि हेयर स्ट्रीट पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए मैंने अपनी शिकायत संबंधित पुलिस थाने के अधिकारियों को ईमेल कर दी है।

मुझे उम्मीद है कि पुलिस डराने-धमकाने और प्रशासनिक अधिकार का दुरुपयोग करने की धमकी देने के लिए उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी।

यदि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया तो मैं (शुभेन्दु अधिकारी) 72 घंटे तक इंतजार करूंगा और फिर शिकायत पर संज्ञान लेने का अनुरोध करते हुये एसीजेएम अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगा।

## शार्ट न्यूज

### मालिनी अवस्थी , उस्ताद अनवार खान ने राजधानी में बिखेरे अपने जलवे

नयी दिल्ली। उत्कृष्ट लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी और प्रसिद्ध राजस्थानी सूफी गायक पद्मश्री उस्ताद अनवार खान ने साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवाँ विरासत 2023 में शनिवार को अपनी प्रस्तुति दीं। प्रसिद्ध ओटीटी अभिनेता मनु ऋषि चड्ढा और प्रियांशु पेनयुली ने सिनेमा, वेब सीरीज और रंगमंच - कभी दूर कभी पास सत्र में चर्चा की। यह बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक कार्यक्रम केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय और केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय - अतुल्य भारत के सहयोग से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (लोधी रोड) में आयोजित किया जा रहा है। दर्शक इस ऐतिहासिक सांस्कृतिक समारोह में रविवार को पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के विशेष प्रदर्शन देख सकेंगे।दर्शकों के लिये प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क है। शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत सूफ़ी ब्रदर्स- दिलशाद साबरी, इरशाद साबरी एंड ग्रुप की महफ़िल-ए-कव्वाली से हुई। दिन की श्रेष्ठ प्रस्तुति जिसे जबरदस्त तालियाँ मिलीं, वह था जश्न-ए-अदब मुशायरा, जिसमें उत्कृष्ट शायर फरहत एहसास, मशहूर शायर शारिक कैफ़ी, मशहूर शायर जमुना प्रसाद उपाध्याय, डॉ. सुनील पनवार आईएफएस, वसीम नादिर, मनीष शुक्ला, जावेद मुशिरी, आशु मिश्रा और कुँवर रंजीत चौहान शामिल थे।

### ग्रेटर नोएडा में एंटी करप्शन टीम का छापा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एंटी करप्शन की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार निवारण मेरठ की टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में वन विभाग के एक डिप्टी रेंजर और वन विभाग के दरोगा को वन विभाग के कार्यालय से ही गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से रिश्वत की 8000 की रकम भी बरामद हुई है। दरअसल बुलंदशहर के रहने वाले इसराइल ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। उनके द्वारा बुलंदशहर के बादशाहपुर गांव में 10 नवंबर को एक पेड़ काट दिया गया था। इस मामले को खत्म करने के लिए वन विभाग के अधिकारी 10000 की रिश्वत मांग रहे थे। यह शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन की टीम योजना के तहत ग्रेटर नोएडा पहुंची। पूरी प्लानिंग करते हुए शुक्रवार की शाम को कासना स्थित वन विभाग कार्यालय पहुंच गए। एंटी करप्शन टीम ने वहां पर रिश्वत लेते हुए दरोगा अमित कुमार और डिप्टी रेंजर तालीम को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह लोग पीड़ित से 8000 रुपये की रिश्वत ले रहे थे। एंटी करप्शन मेरठ के निरीक्षक रामसहाय यादव ने बताया कि वन विभाग ने नोट में पाउडर लगा रखा था। वही रुपए पीड़ित को दिए गए जो कि पीड़ित के द्वारा रिश्वत के रूप में उन लोगों को दिए गए थे। जैसे ही उन लोगों ने वह पैसे पकड़े तुरंत एंटी करप्शन टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को पकड़ लिया।

### गाजियाबाद में मास्टर प्लान-2031 को मंजूरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 163वीं बोर्ड बैठक शनिवार को मेरठ में कमिश्नरी सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने मास्टर प्लान-2031 को मंजूरी दे दी है। अब इसे स्वीकृति के लिए शासन के पास भेजा जाएगा। बता दें कि चार बार की बैठक के बाद ये मास्टर प्लान स्वीकृत हुआ है। कंसलटेंट द्वारा गाजियाबाद महायोजना-2031 में भविष्य में होने वाले डवलपमेंट को देखते हुए नए आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक क्षेत्रों के प्रस्ताव दिए गए। इसमें आवासीय 35.7 फीसदी, व्यवसायिक 2.09 फीसदी, औद्योगिक 10.01 फीसदी, मिश्रित भू उपयोग 2.4 फीसदी, मनोरंजन 19.8 फीसदी, पब्लिक उपयोग हेतु 9.2 फीसदी और परिवहन के लिए 16.8 फीसदी का प्रस्ताव पारित हुआ। देश की पहली रीजनल रैपिड रेल संचालन के मद्देनजर इसके स्टेशनों के आसपास इंफ्लुएंस जोन एवं एसडीए क्षेत्रों में बड़े स्तर पर निर्माण करने के लिए निश्चित भू-उपयोग का भी प्रस्ताव पास हुआ। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नए ट्रक टर्मिनल, बस टर्मिनल, मार्गों के चौड़ीकरण, चौराहों के डिजाइन एवं सौंदर्यकरण जैसे प्रस्ताव भी पास हुए हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए शहर से दूर प्रोसेसिंग प्लांट के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शहर से दूर दो स्थानों पर सिटी लॉजिस्टिक प्लान के प्रस्ताव दिए गए हैं।

### बॉयफ्रेंड से मिलने के बाद मेडिकल छात्रा का सुसाइड

गाजियाबाद। गाजियाबाद की एटीएस एडवांटेज सोसाइटी के 23वें फ्लोर से कूदकर मेडिकल की स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली। उसकी लाश ग्राउंड फ्लोर में एक बिजनेसमैन के फाउंटेन में पड़ी थी। सीसीटीवी में युवती शुक्रवार शाम को गिरती हुई दिखी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। यह सोसाइटी इंदिरापुरम इलाके में है। इसके 11वें टॉवर में ग्राउंड फ्लोर पर बिजनेसमैन अमित जैन का फ्लैट है। अमित जैन बड़े-बड़े ट्रेड फेयर में कैनोपी लगाने का काम करते हैं। उन्होंने अपने फ्लैट के बाहर सोसाइटी के कॉमन एरिया में एक छोटा-सा फाउंटेन बनवा रखा है। अमित कारोबार के सिलसिले में इजिप्ट गए हुए हैं, जबकि पत्नी और बच्चे घर में हैं। शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे इसी फाउंटेन में युवती का शव पड़ा मिला। उसके सिर में चोट के निशान थे, जैसे ऊपर से गिरने के बाद होते हैं। एसीपी इंद्रापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिलती है कि ATS Advantage सोसाइटी, जो अहिंसा खंड में स्थित है, वहां पर एक युवती मृत पड़ी है। वह सलवार सूट पहने थी। तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त का प्रयास किया गया। शव की शिनाख्त आस्था शर्मा पुत्री अजय शर्मा के रूप में हुई, जो मूलरूप से दिल्ली के मंडी इलाके की रहने वाली थी।

### थाने में बनाई रील: उसी थाने की हवालात में हुए बंद

गाजियाबाद। गाजियाबाद में युवा शोहरत पाने के लिए और अपनी स्टोरी और रील पर अधिक लाइक पाने के लिए कानून से खिलवाड़ करने में भी नहीं चूक रहे हैं। नया मामला गाजियाबाद के थाना नंदग्राम इलाके का है। जहां दो युवक थाने के अंदर वीडियो शूट करते हैं। उसके बाद उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं। अपना भोकाल जमाए रखने के लिए वॉइस ओवर में कोतवाली और कचहरी का नाम लेते हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद के थाना नंदग्राम के अंदर शूट हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। इसमें दो युवक थाना नंदग्राम में ऐसे घूम रहे हैं जैसे वह उनके घर का आंगन हो। इतना ही नहीं वीडियो के पीछे जो गाना लगाया है उसमें शब्द है कि कोतवाली से इनका पुराना रिश्ता है और कचहरी इनका ठिकाना है। वीडियो सोशल मीडिया पर पेस्ट होते ही विवादों में आ गया। लोग सोशल मीडिया पर ही पुलिस के इकबाल पर सवाल उठाने लगे। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह के मुताबिक वीडियो बनाने वाले दोनों युवक शोएब और आदिल सैफी हैं। जैसे ही सोशल मीडिया से इस मामले में जानकारी मिली तो दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### अदालत के आदेश पर बैंक ने उपभोक्ता को किया 2.90 लाख का भुगतान

गुरुग्राम। सिविल जज हिमानी गिल के आदेश का पालन करते हुए बैंक ने उपभोक्ता द्वारा जमा कराई गई जुर्माना राशि का भुगतान 24 प्रतिशत ब्याज दर से कर दिया है। बैंक ने 2.90 लाख रुपये का चेक उपभोक्ता को अदालत में दे दिया है। अदालत बिजली निगम का बैंक अकाउंट अटैच कर चुकी थी। उपभोक्ता बलराम सिंह के अधिवक्ता क्षितिज मेहता से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनवरी 2016 में उपभोक्ता के बिजली मीटर की निगम ने जांच कराई थी। अक्तूबर 2016 में मीटर टैंपर्ड कर बिजली चोरी करने का आरोप लगाते हुए बिजली निगम ने उपभोक्ता पर एक लाख 17 हजार 774 रुपये का जुर्माना लगा दिया था। उपभोक्ता ने जुर्माना राशि का भुगतान कर 10 नवंबर 2016 को बिजली निगम के खिलाफ अदालत में केस दायर कर दिया था। सिविल जज हिमानी गिल ने 25 अगस्त 2022 को उपभोक्ता के हक में फैसला देते हुए जमा कराई गई जुर्माना राशि का भुगतान 24 प्रतिशत ब्याज दर से उपभोक्ता को करने के आदेश बिजली निगम को दिए थे। बिजली निगम ने निचली अदालत के फैसले को जिला एवं सत्र न्यायालय में चुनौती दी थी।

# दिल्ली में 25 लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों पर ऐक्शन की तैयारी

**निगम ने सभी संपत्ति कर दाताओं से अपील की है कि वह निगम की वेबसाइट में अपने डाटा को जांच लें**

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने 25 लाख रुपये से अधिक के संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करेगा। निगम ने सभी संपत्ति कर दाताओं से अपील की है कि वह निगम की वेबसाइट में अपने डाटा को जांच लें। डाटा मौजूद न होने की स्थिति में 31 दिसंबर 2023 तक विशिष्ट संपत्ति पहचान कोड (यूपीआईसी) आईडी बनवा लें। यूपीआईसी आईडी के जरिए संपत्ति करदाता की संपत्ति से जुड़े कर के बारे में व अन्य जानकारी मिलती हैं।



#### जुर्माना लगाने का प्रावधान

इस आईडी के होने से संपत्ति से जुड़ी सभी सूचना निगम की वेबसाइट पर मौजूद होती हैं। निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निगम के नियम अनुसार 25 लाख से अधिक राशि के बकाया संपत्ति कर का भुगतान न करने के खिलाफ जुर्माना लगाने का प्रावधान है। ऐसी स्थिति में में 3 माह से 7 साल की जेल का सख्त कारावास की सजा हो सकती है। साथ ही बकाया संपत्ति कर के 50 फीसदी जुर्माने को लगाने का भी प्रावधान है।

#### संपत्ति कर जमा नहीं करने वालों की पहचान

बीते 3 से 4 वर्षों में काफी समय से अपना संपत्ति कर न जमा कराने वालों की पहचान की गई है। साथ ही यूपीआईसी आईडी बनवाने के लिए 31 दिसंबर 2023 तक की अंतिम तिथि है।

अपना सही संपत्ति कर न भरने की सूरत में निगम के नियम के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों से अपील की गई है कि वो अपना संपत्ति कर से संबंधित डाटा जांचें। इसके आधार पर अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान सुनिश्चित करें। निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निगम ने थर्ड पार्टी डाटा जैसे भवनों की रजिस्ट्री,बिजली बिल, जीएसटी पंजीकरण, लाइसेंसिंग पंजीकरण डाटा से तैयार डेटाबेस से निगम के पास मौजूद संपत्ति कर डाटा बेस का मिलान करता है।

इन सभी संपत्ति कर बकायेदारों से अपील की गई है की वो जल्द से जल्द अपना यूपीआईसी आईडी बनवा कर संपत्ति कर का भुगतान कर दें। ऐसा न करने पर बकायेदारों के खिलाफ न्यायालयों में अभियोजन दायर किया जाएगा।

#### नए संपत्ति करदाताओं को भी जोड़ रहा निगम

निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को तय समय के अंदर संपत्ति कर जमा कराने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इसके मद्देनजर, निगम नए संपत्ति करदाताओं को भी जोड़ रहा है।

#### राजस्व बढ़ाने पर है जोर

साथ ही इस वित्तीय वर्ष संपत्ति कर से राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। निगम को उम्मीद है कि इस वर्ष तीन हजार करोड़ रुपये या इससे अधिक तक संपत्ति कर से राजस्व प्राप्त करें। अभी तक 1500 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति कर का भुगतान किया जा चुका है। निगम को दिल्ली भर से लगभग 12 लाख संपत्तियों द्वारा संपत्ति कर का भुगतान किया जाता है। जिनमें तीन लाख व्यावसायिक संपत्तियां हैं। वहीं, संपत्ति करदाताओं की संख्या को लगातार बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

**गोविंदपुरी इलाके में कंधा टकराने के बाद बवाल**

# चाकू मारकर युवक की हत्या, दो घायल

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में महज कंधा टकराने के बाद उपजे विवाद के बाद दूसरे गुट के हमले में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हुए हैं।

दक्षिण पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दक्षिणपुरी के शिवम उर्फ कुनाल व सौरभ उर्फ कोकी, गोविंदपुरी के नेहरू कैंप निवासी शनि उर्फ लालू, नवजीवन कैंप के मोहम्मद जुनैद के रूप में हुई है। उनके पास से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल खून से सना चाकू बरामद कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि 08 नवंबर को रात करीब 10.26 बजे पुलिस को डीडीए फ्लैट्स कालकाजी स्थित मछली बाजार में चाकू से गोदने की पीसीआर कॉल मिली।

मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि वारदात में घायल तीन लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

पीड़ितों की पहचान गोविंदपुरी भूमिहीन कैंप के 28 वर्षीय मो. अबरार, 25 वर्षीय मो. इरशाद, 24 वर्षीय मो. सादाब नामक सगे भाइयों के रूप में हुई। अस्पताल से पता चला कि मो. आजाद की मौत हो गई है। जबकि मो. इरशाद उपचाराधीन हैं और सादाब को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मौके से क्राइम टीम ने जरूरी सुराग जुटा लिए।

जांच में पता चला कि रात करीब 09.30 बजे शिवम उर्फ कुनाल की तीनों आरोपियों से मो. जुनैद की मीट की दुकान के पास एक लड़ाई हुई थी। इस दौरान पीड़ितों ने शिवम की जमकर पिटाई कर दी और शिवम ने सादाब की ठुड्डी पर वार किया।

इसके चलते बाद में वह अपने दोस्तों सनी उर्फ लालू, सौरभ उर्फ कोकी व जुनैद के साथ उसकी दुकान से मीट काटने वाला चाकू लेकर आया और रविदास मार्ग पर मछली मार्केट के पास इरशाद व अबरार पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी बीच पुलिस को जुनैद के एम्स ट्रामा सेंटर आने की सूचना मिली और पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### नोएडा में जलती कार के अंदर मिले 2 शव

नोएडा। नोएडा में बड़ी घटना हुई है। यहां सोसायटी के बाहर खड़ी कार में भीषण आग लग गई। कार के अंदर दो शव मिले हैं। फॉरेंसिक टीम ने कार की जांच की। काफी छानबीन के बाद सामने आया कि मरने वालों में नोएडा की आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी के विजय चौधरी थे। साथ में, नोएडा के सेक्टर-53 में रहने वाले अनश थे। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इसमें नजर आ रहा है कि स्विफ्ट कार सुबह 6.08 बजे आकर सेक्टर-119 की आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी के बाहर खड़ी हुई। 3 मिनट बाद यानी 6.11 बजे कार में अचानक आग लग गई। सोसायटी में रहने वाले लोगों ने पुलिस और फायर बिग्रेड को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। लेकिन, तब तक कार काफी जल चुकी थी। टीम ने कार का गेट अंदर खोला तो उसमें दो लोगों के शव मिले। शव पूरी तरह जल चुके हैं। उनको पहचानना मुश्किल है। शुरुआत में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह कार उनकी सोसाइटी की नहीं है। ये बाहर रोड पर थी। पुलिस ने बताया कि शव जल गए हैं। गाड़ी में उनकी कोई भी आइडेंटिटी नहीं मिली है। कार में आग कैसे लगी ? क्या आग लगने से दोनों की मौत हुई है ? या फिर कोई और साजिश है। फिलहाल, पुलिस ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस अफसरों ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट का इंतजार है।

# सिख विरोधी दंगों के आरोपी को रिहा करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर होगी याचिका, एलजी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में छह आरोपियों को बरी करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने को अनुमति दे दी है। मामले में लापरवाही बरतने के लिए उन्होंने दिल्ली सरकार के अभियोजन विभाग को फटकार भी लगाई है। यह मामला उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार पुलिस स्टेशन (वर्तमान में सुभाष प्लेस) क्षेत्र में दंगों के दौरान हत्या के प्रयास, लूटपाट और दंगे से संबंधित है।



इस मामले में हरिलाल, मंगल, धर्मपाल, आजाद, ओम प्रकाश और अब्दुल हबीब छह आरोपी हैं।

इस मंजूरी के लिए दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने प्रस्ताव भेजा था, जिसे एलजी ने मंजूरी दे दी। हाईकोर्ट का कहना था कि 28 मार्च 1995 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर करने में 28 वर्षों की देरी के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था और राज्य द्वारा उठाए गए आधार उचित नहीं थे। इसी तरह के एक अन्य मामले में उपराज्यपाल द्वारा नांगलोई पुलिस स्टेशन में दर्ज एक अन्य सिख विरोधी दंगा मामले में 12 लोगों को बरी करने के खिलाफ शीर्ष कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करने की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है।

उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर करने की मंजूरी दिसंबर 2020 में दी गई थी, लेकिन, अपील दो वर्ष से अधिक की देरी के बाद 2023 में दायर की गई थी। सक्सेना ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि मानवता के खिलाफ अपराध के ऐसे मामलों को बहुत ही अनौपचारिकता, रूटीन तरीके तथा लापरवाही से निपटाया जाता है, जिससे अपील दायर करने में अधिक देरी होती है।

उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के गृह विभाग को इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर करने में हुई देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारी की पहचान करने, जिम्मेदारी तय करने और 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।

# राजधानी में 'ब्यूटीफुल लद्दाख' प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** राजधानी में सात दिवसीय एक अंतरराष्ट्रीय मेगा फोटो प्रदर्शनी 'ब्यूटीफुल लद्दाख' का शनिवार शाम औपचारिक उद्घाटन किया गया।

इस समारोह का आयोजन राजधानी में स्थित आल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसायटी (आईफैक्स) भवन में लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद लेह (एलएएचडीसी) की ओर से किया गया है और इसकी अंतरराष्ट्रीय मेगा फोटो प्रदर्शनी 'ब्यूटीफुल लद्दाख' के आयोजन में राजधानी के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर हिमालयन एशिया स्टडीज एंड एंगेजमेंट' (चेज) ने नॉलेज-पार्टनर के रूप में सहयोगी आयोजक की भूमिका निभायी है।

इस प्रदर्शनी में लद्दाख की कलाओं, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के साक्षी 160 से अधिक फोटो प्रदर्शित किये गये हैं। इनका प्रदर्शन आई फैक्स की सभी चार गैलरियों में किया गया है। विकास परिषद और चेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता के माध्यम से इकट्ठा किये गये ये फोटो लद्दाख, देश और विदेश के लगभग 40 फोटोग्राफरों के सर्वोत्तम श्रेणी के फोटो हैं।

इस प्रदर्शनी के क्यूरेटर, चेज़ के चेयरमैन और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फोटोग्राफर विजय क्रान्ति ने कहा, ''इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य लद्दाख की कलात्मक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता को फिर से रेखांकित करना है जिनके कारण यह प्रदेश दुनियाभर के फोटोग्राफरों और पर्यटकों का गंतव्य बन चुका है। शायद यह पहला अवसर है, जब इतने बड़े पैमाने पर लद्दाख की सुंदरता पेश करने वाली इतनी विशाल फोटो प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। हमारे इस प्रयास के कारण लद्दाख के कई नये और उदीयमान फोटोग्राफरों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला दिखाने और नया आत्मविश्वास अर्जित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।''

इस प्रदर्शनी में लगे पश्मीना संबंधी फोटो फोटोग्राफर विजय क्रान्ति के पश्मीना अध्ययन से लिये गये हैं।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से कला प्रेमियों सहित अन्य दर्शकों को लद्दाख की ललित कलाओं तथा पश्मीना और लकड़ी की कलात्मक नक्काशी समेत उन सभी उत्पादों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा, जिन्हें उनकी विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय पहचान के लिये इतिहास में पहली बार इस साल 'जीआईटैग' का सम्मान मिला है।

इस साल लद्दाख के इतिहास का सबसे पहला 'जी आई टैग' यहां की खुमानी की एक विशिष्ट प्रजाति 'रिक्सेकारपो एप्रीकॉट' को मिला है।

दूसरा जीआई-टैग लद्दाख के दूरस्थ और अति ठंडे क्षेत्र चंगथांग में पायी जाने वाली बकरी 'चांग-रा' के पश्मीना को मिला है। लद्दाख के लिये तीसरा जीआई-टैग पाने का सम्मान यहां की कलात्मक लकड़ी की नक्काशी को मिला है। ऐसा चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मान पाने वाला लद्दाखी उत्पाद यहां की पहाड़ियों में उगने वाली बेर की एक विशेष प्रजाति 'सी बकथार्न' है। राज्य में इसका हर साल लगभग 600 टन उत्पादन होता है और देश-विदेश में इसकी बहुत भारी मांग है।

दर्शकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क है और प्रदर्शनी प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 11 बजे से शाम सात बजे तक खुली रहेगी।

# ग्रेटर-नोएडा में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने जूस वाले को बनाया खजांची

**चालान से बचने के लिए युवक ने जूस वाले को किये 500 रुपये पेटीएम**

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर चालान के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। इसके लिए जूस वाले को उनके द्वारा खजांची बनाया गया है।। एक युवक के द्वारा यह पूरा वीडियो बनाया गया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इस वायरल वीडियो में जूस वाला खुद कह रह कि चालान के पैसे जो ऑनलाइन आते हैं वह उसके खाते में डलवाए जाते हैं।

ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहां पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर रिश्वत लेने का आरोप लग रहा है। इस वीडियो में एक युवक जूस का ठेला लगने वाले युवक से बातचीत कर रहा है। जिसमें वह कह रहा है कि ट्रैफिक पुलिस कर्मी चालान काट रहे थे, लेकिन अब बात 500 में बन गई है।

यह 500 रुपये जूस वाले के पेटीएम में उसके द्वारा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर दी जाती है।

इस दौरान वह युवक जूस वाले से पूछता है कि सुबह से काफी पैसा कमा लिया होगा। जिस पर जूस वाला कहता है कि अभी तो सुबह से केवल 800 रुपये आए हैं। इस दौरान जूस वाला बताता है कि जो भी पैसे ऑनलाइन आते हैं। वह मेरे खाते में पेटीएम कर दिए जाते हैं, जबकि जो पैसे नगद आते हैं, वह पुलिस वाले अपनी जेब में रख लेते हैं।

### सभी गांवों में बारात घरों की मांग : पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने माननीय उपराज्यपाल दिल्ली से मांग की कि दिल्ली के शहरीकृत गांव वालों को शादी समारोह आदि कार्यक्रमों के लिए एमसीडी व डीडीए द्वारा परेशान ना किया जाए।



पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली के ज्यादातर शहरीकृत गांवों में बारात घर नहीं है। गांवो की जमीन तो कोडियों के भाव अधिग्रहण कर डीडीए, एमसीडी व अन्य विभाग खाली पड़ी जमीन से मोटी कमाई कर रहे हैं।दूसरी ओर गांव वालों के लिए ऐसी कोई भी सुविधा नहीं दी कि वे अपने सांस्कृतिक, सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों को कर सके। गांव नांगलोई सईदान में जिस जगह कार्यक्रमों को किया जाता रहा है। अचानक बंद कर दिया गया है। जिसके कारण गांव वाले कार्यक्रमों के लिए परेशान हो रहे है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बात की लेकिन उन्होंने उपराज्यपाल,एनजीटी के सख्त निर्देशों का हवाला दिया की जो जगह लिस्टेड है।वहीं कार्यक्रम होंगे। पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि एमसीडी, डीडीए अपनी मर्जी से ऐसी जगह चयन करती है। जो गांवों के लोगों की पहुंच से बाहर होती है। पंचायत संघ ने मांग कि जब तक जिन गांवो में ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती तब तक गांवो के जहां कार्यक्रम होते आ रहे हैं। उन्हें करने दें।गांव वालो को परेशान न किया जाए। इस संबंध में सभी निगम पार्षदो विधायको,सांसदो से आह्वान किया कि वे इस पर गांवो के साथ खड़े होकर काम करें।नही तो उनको गांवो व उन सभी लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा जो ऐसी परेशानी का सामना कर रहे है।

### महिला डॉक्टर पर डॉग ने किया हमला

नोएडा। सेक्टर 46 में एक पालतू डॉगी ने दिल्ली के सफदर जंग अस्पताल की महिला डॉक्टर पर हमला कर उसके चेहरे पर काट लिया। चार टांके आने के बाद अब डॉक्टर कहते हैं कि चेहरे पर यह दाग जिंदगी भर रहेगा। इस मामले में पीड़िता ने डॉग मालिक पर मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर 39 में दिल्ली के सफदर जंग अस्पताल की महिला चिकित्सक अनविता विनीत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 नवंबर को सुबह वह सेक्टर 46 गार्डन ग्लोरी से घूम कर अपने घर जा रही थी। इस दौरान ऋषभ चौधरी नामक व्यक्ति के पालतू कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। डॉगी ने मुंह पर काटकर मांस निकाल लिया। इलाज के दौरान चेहरे पर चार टांके आए हैं और रैबीज के इंजेक्शन भी लगवाने पड़े। पीड़ित डॉक्टर ने बताया कि सर्जन ने कहा है कि चेहरे का निशान ठीक नहीं होगा और इलाज करने पर लाखों रुपए का खर्च आएगा। अभी तक इलाज में 30000 रुपए लग चुके हैं। कुत्ते के हमले का शिकार बनी महिला डॉक्टर ने बताया कि डॉगी के मुंह पर डॉग मास्क नहीं लगा हुआ था।

# सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में सजा का एलान, चार दोषियों को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए दोषियों की सजा का एलान हो चुका है। चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा जुर्माना भी लगाया गया है। शुक्रवार को दोषियों की सजा पर बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला 25 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया था। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह काम से घर लौट रही थीं। पुलिस ने दावा किया कि मकसद डकैती था।

मिली जानकारी के मुताबिक, अदालत ने दोषी रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलबीर मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सभी दोषियों के शपथ पत्रों के सत्यापन के संबंध में अतिरिक्त रिपोर्ट सचिव,



दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), दक्षिण, साकेत कोर्ट से प्राप्त हुई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि इसकी एक प्रति राज्य के सरकारी वकील के साथ-साथ दोषियों के संबंधित वकील को भी दी जाए। उन्होंने कहा कि अभियोजक और दोषियों के वकीलों की सजा पर बहस पूरी हो चुकी है।

सात नवंबर को अदालत ने यह देखते हुए मामले को स्थगित कर दिया कि दोषियों द्वारा दायर हलफनामों का सत्यापन पूरा नहीं हुआ है। इससे पहले 18 अक्टूबर को अदालत ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को धारा 302, और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत संगठित अपराध करने के लिए दोषी ठहराया था। वहीं, मामले में पांचवें आरोपी अजय सेठी को धारा 411 और मकोका प्रावधानों के तहत संगठित अपराध को बढ़ावा देने, सहायता करने या जानबूझकर मदद करने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए दोषी ठहराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार कपूर ने 30 सितंबर, 2008 को दक्षिण दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर पीड़ित की कार को लूटने के लिए उसका पीछा करते समय विश्वनाथन को देशी पिस्तौल से गोली मार दी थी। कपूर के साथ शुक्ला, कुमार और मलिक भी थे। पुलिस ने सेठी उर्फ चाचा से हत्या में इस्तेमाल की गई कार बरामद कर ली।

# संपादकीय

## भारतीयों की जिंदगी

उत्तरकाशी का सिलक्यारा सुरंग हादसा और उसके बाद चला बचाव अभियान न केवल प्रशंसनीय, बल्कि अनुकरणीय भी है। विशेष रूप से बचाव कार्य से यह सहज आभास हो जाता है कि हम भारतीय अपने जीवन और उसके मूल्य को लेकर कितने सजग हो गए हैं। हमारे लिए एक-एक भारतीय की जान कीमती है और हादसे के बाद एक क्षण के लिए भी यह एहसास नहीं होने दिया गया है कि बचाव में कोई कोताही बरती जा रही है। सुरंग में फंसे 41 हमवतन मजदूर किसी वीर योद्धा से कम नहीं हैं। जब अचानक ऐसा कोई हादसा होता है, तो संयम और मनोबल बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है। सभी 41 मजदूरों की प्रशंसा होनी चाहिए और बचाव कार्य में लगे उन तमाम मजदूरों और विशेषज्ञों की भी पीठ थपथपाने की जरूरत है, जिन्होंने मौके पर मोर्चा संभाल रखा है। तारीफ करनी चाहिए, उस इंजीनियर या अधिकारी की, जिसकी चतुराई से सुरंग में एक पाइप पहले ही बिछ गई थी और लगभग 60 मीटर तक मलबा गिरने के बावजूद कारगर जीवन-रेखा बनी हुई है। देश में जहां कहीं भी सुरंगें बन रही हैं, वहां ऐसी जीवन-रेखा का पहले ही बिछ जाना कितना जरूरी है, यह सबने देख लिया है। पाइप के स्वरूप में यह जीवन-रेखा इस हादसे का एक बहुमूल्य सबक है। ऐसा सुरंग हादसा भारत में पहले कभी नहीं देखा गया था और न ऐसा बचाव अभियान कभी चला है। जहां भारत के तमाम सुरंग विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है, वहीं विदेशी मशीनों और विदेशी विशेषज्ञों की मदद लेने में भी कोई संकोच नहीं है। भारत को अपनी तरक्की में किसी भी विशेषज्ञ मदद का लाभ लेने में हिचकना नहीं चाहिए और जहां बात भारतीयों के जीवन की आती है, तो उससे भी समझौते की कोई गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए। अगर सुरंग निर्माण में लगी कंपनियां किसी भी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही बरत रही हैं, तो उन्हें पाबंद करने की जरूरत है। अगर सुरंग निर्माण की निगरानी के लिए नए नियामक या नए नियमों की जरूरत है, तो इसमें देरी करना ठीक नहीं। सुरंग परियोजनाओं में वैज्ञानिकों को साथ रखने में ही सभी कंपनियों की भलाई है। आज बचाव कार्य में जो खर्च करना पड़ रहा है, वह सुरंग के सुरक्षित निर्माण में भी खर्च हो सकता था। यह भी एक अच्छी बात है कि बचाव कार्य की देख-रेख प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी कर रहे हैं और तभी बचाव कार्य में किसी भी तरह की कमी की आशंका नहीं है। इससे यह भी पता चलता है कि भारतीयों की जिंदगी को सरकार कितना महत्व दे रही है। 41 मजदूर केवल एक संख्या नहीं हैं, बल्कि हमारी तरक्की और गौरव का अहम हिस्सा हैं। जो देश अपने लोगों की परवाह करता है, वही तेजी से विकास करता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने बिल्कुल सही कहा कि भारत अपने सुपूतों को बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। ऐसे बचाव अभियान वाकई युद्ध स्तर पर ही चलाए जाने चाहिए। जिन अधिकारियों ने मजदूरों को चिंता न करने के लिए समझाया है, लूडो, योग और चोर-पुलिस जैसे खेलों के लिए प्रेरित किया, उनकी भी प्रशंसा होनी चाहिए। जो भारतीय आज के समय में देश के विकास के लिए बेहद मुश्किल कामों में लगे हैं, जिनकी जिंदगी हर पल चुनौतियों से घिरी हुई है, उन सभी की बेहतरी के बारे में भी सोचने और जरूरी कदम उठाने का वक्त आ गया है।



## पाकिस्तान में मीडिया का हाल

दक्षिण एशिया में पत्रकारिता की स्थिति इतनी बुरी है कि पाकिस्तान में अगर कोई किसी अनजान आदमी को अपना परिचय पत्रकार के रूप में दे, तो वह कहेगा कि इस मुल्क की ज्यादातर समस्याओं के लिए आप ही लोग जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान में मीडिया की स्थिति प्रिंट मीडिया की तुलना में टेलीविजन में ज्यादा खराब है, क्योंकि प्रिंट मीडिया कई फिल्टरों से होकर गुजरता है, छपने से पहले उसे संपादित किया जाता है। इसलिए प्रिंट मीडिया की स्थिति इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से थोड़ी बेहतर है। दुर्भाग्य से रेडियो समाचार पाने का कोई पसंदीदा माध्यम नहीं है। रेडियो का उपयोग ज्यादातर उन इलाकों के लोग करते हैं, जहां टेलीविजन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। लेकिन दुखद है कि प्रिंट मीडिया, जिसे मैं समाचार जुटाने का सबसे गंभीर माध्यम मानती हूं, विभिन्न कारणों से धीरे-धीरे मर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पाकिस्तान में न्यूजप्रिंट का आयात किया जाता है, जो अब काफी महंगा हो गया है। नतीजतन अखबारों की कीमत बढ़ जाने से लोग अब ऑनलाइन अखबार पढ़ने लगे हैं। अविभाजित पाकिस्तान में न्यूजप्रिंट, स्टेशनरी और कागज के अन्य उत्पाद पूर्वी पाकिस्तान से आते थे।

अखबारों की कीमत बढ़ने से मुझे सिर्फ एक व्यक्ति खुश दिखा, जो हर महीने मुझसे विभिन्न अखबारों की रद्दी का बंडल ले जाता है। उसने मुझे बताया कि जब वह रद्दी अखबारों को बाजार में बेचता है, तो पाता है कि हर महीने रद्दी की कीमत प्रति किलो ज्यादा मिलती है! लेकिन मैं जिस वजह से इस हफ्ते पत्रकारिता पर लिख रही हूं, उसे कई लोग %मीडिया का हथियारीकरण% कहते हैं, जिसमें राज्य (सत्ता प्रतिष्ठान) अपने राजनीतिक लक्ष्यों के लिए मीडिया का इस्तेमाल करता है।

सत्ता प्रतिष्ठान द्वारा मीडिया को आसानी से प्रभावित करने के कुछ खास कारण हैं, जिनमें से पहला कारण यह है कि यहां के मीडिया मालिकों में कोई एकजुटता नहीं है। दूसरी बात यह है कि मीडिया, खासकर प्रिंट मीडिया बहुत ज्यादा सरकारी विज्ञापनों पर निर्भर है। राज्य के पास यह शक्ति भी है कि वह केबल ऑपरेटरों को किसी भी चैनल को बंद करने का आदेश दे सकता है और ऐसा जब भी हुआ है, टेलीविजन चैनल दिवालिया हो गए हैं, क्योंकि उन पर एक साल से अधिक समय के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे हालात में, जहां लगातार मीडिया की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी है, गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता कैसे हो सकती है?

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद जेल में डाल दिया गया है और उनके खिलाफ ढेरों मामले दर्ज किए गए हैं। अब उन मामलों की सुनवाई जेल के भीतर हो रही है, क्योंकि राज्य को डर है कि कोर्ट में उनकी मौजूदगी और मीडिया से बात करने का अवसर उनकी लोकप्रियता को उजागर कर देगा। दरअसल सुरक्षा प्रतिष्ठान इमरान खान की लोकप्रियता से इतना डरा है कि कुछ महीने से किसी ने उनका चेहरा नहीं देखा है। हालांकि उनके परिवार के लोग और वकील उनसे मिलते हैं, लेकिन जनता को उनकी तस्वीर या वीडियो से वंचित कर दिया गया है।

सुरक्षा प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य पीटीआई को उसके समर्थकों और पार्टी के चुनाव लड़ने योग्य उम्मीदवारों से अलग करना है, ताकि चुनाव में कोई पीटीआई का उम्मीदवार न बन सके। हालांकि पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की कोई योजना नहीं है। इसलिए पिछले कुछ महीनों से इमरान खान के करीबी लोगों, मित्रों, पार्टी सदस्यों, समर्थकों, पीटीआई समर्थक पत्रकारों को अगवा करके महीनों के लिए हिरासत में रखा जा रहा है। हिरासत में कई लोगों को यातनाएं भी दी गईं। सत्ता प्रतिष्ठान की कार्य प्रणाली कुछ ऐसी है कि जब अपहृत व्यक्ति अवैध हिरासत से बाहर आने के लिए तैयार होता है, तब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है, जिसमें वह व्यक्ति पीटीआई और इमरान खान की आलोचना करते हुए घोषणा करता है कि वह पार्टी छोड़ रहा है, जबकि कई लोगों ने तो राजनीति ही छोड़ने की घोषणा की है।

# स्वतंत्र न्यायपालिका राष्ट्र की रीढ़



सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

कोई भी समाज बिना विधान मंडल के रह सकता है, परंतु ऐसे किसी सभ्य राज्य की कल्पना नही की जा सकती, जिसमें न्याय पालिका न्यायाधिकरण की कोई व्यवस्था नहीं- किसी राज्य में न्याय व्यवस्था की अनिवार्यता प्रोफेसर गार्नर के इस विचार से सहज ही लग जाता है। ऐसे विचार के परिप्रेक्ष्य में भारतीय न्यायिक व्यवस्था की स्थिति क्या... ? अपेक्षा अनुरुप सुदृढ़ रह गई है। किसी भी राज्य की संस्कृति एवं सभ्यता के समुचित विकास के लिये अति सुरक्षा और व्यवस्था की नितांत आवश्यकता होती है। इस तथ्य के स्पष्टीकरण के लिये एक उदाहरण है जैसे आपके पास एक सौ रुपया है, जिसे आप अपने इच्छानुसार खर्च करने के लिये पूरी तरह स्वतंत्र हैं। तब आप एक अच्छा सा घोड़ा खरीदते हैं, और उस पर सवारी कर सरपट घोडा दौड़ाते हुए भीड़ भरे बाजार में चले जायें, चाहे इससे किसी का पैर कुचल जाये, किसी की दुकान उलट जाये या फिर भगदड़ मच जाये तब आपके इस कार्य की अनुमति न तो समाज ही दे सकता है और न ही सरकार बल्कि आपके ऐसा करने से सरकार आपको गिरफ्तार कर लेगी। ठीक यही दशा राष्ट्र की होती है। यदि किसी देश या राष्ट्र की सरकार जो सार्वभौम शक्ति की सूत्रधार होती है- अपने निरंकुश इरादों को संपूर्ण देश की जनता पर थोपती है. अथवा सरकार द्वारा नियुक्त कोई बड़ा अधिकारी या मंत्री अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता है तब स्वतंत्र न्यायपालिका की महती आवश्यकता प्रतीत होती है।

इस प्रकार स्वतंत्र न्यायपालिका जनता अथवा सरकार द्वारा उत्पन्न अराजकता के वातावरण में पूर्णतया: नियंत्रण रखने की नितांत आवश्यक होती है। एक स्वतंत्र न्यायपालिका को देश की असीम शक्तियों पर नियंत्रण का उत्तरदायित्व वहन करना पड़ता है। वह जन समाज की उच्छृंखलताओं और उदण्डताओं पर नियंत्रण रखते हुये शासन संबंधी सुचारु व्यवस्था में अपना पूर्ण योगदान देती है। बिना स्वतंत्र न्यायपालिका के स्वस्थ, सबल और महान राष्ट्र की कल्पना करना असंभव है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि स्वतंत्र न्यायापालिका राष्ट्र की रीढ़ है, जिसकी शक्ति पर संपूर्ण राष्ट्र का शासन चक्र अविराम गति से घूमता रहता है।

सरकार के प्रमुख अंग हैं कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका। इस प्रकार सरकार का तीसरा अंग न्यायपालिका अपने कर्तव्यों ,उत्तरदायित्वों तथा अधिकारों का समुचित पालन तभी कर सकती है, जब वह व्यवस्थापिका तथा कार्यपालिका से सर्वथा स्वतंत्र रहे। यदि न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं होगी और उन पर कार्यपालिका या व्यवस्थापिका का अंकुश होगा तो वह निष्पक्ष एवं कुशल प्रशासन का कार्य भार संभालने में असमर्थ, विवश और पंगु बनी रहेगी। यही कारण है कि मनीषियों, राजनीतिज्ञों एवं योग्य प्रशासकों ने सर्वसम्मति से इस बात को स्वीकार किया हैं कि राजतंत्र में ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र में भी लोकसमाज के अधिकारों की सुरक्षा के लिये स्वतंत्र न्यायपालिका का होना नितांत अनिवार्य है ।न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिये प्रतिभाशाली और विद्वान न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है। अत: न्यायाधीशों के उनके कार्य तथा उनक सत्यपरक न्यायों के लिये प्रत्येक राष्ट्र को मूलभूत आधारों का प्रश्रय लेना पड़ता है!

(1) न्याय की विधि ऐसी होनी चाहिये, जिससे नियुक्त न्यायाधिशों में पक्षपात अथवा किसी भी प्रकार का अनैतिक भाव उत्पन्न न हो सके। इसके लिये कठोर और विवेकशील विधि को ग्रहण करना चाहिये ताकि न्यायपालिका का कार्य स्वच्छ पक्षपात हीन किसी भी अन्य दबाव से मुक्त रहे।

(2) न्यायाधीशों के पदों पर उन्हीं व्यक्तियों की नियुक्ति होनी चाहिये जो विवेकशील, अनुभवी व मानवीय नैतिक मूल्यों से परीपूर्ण हों तथा इन समस्त दायित्वों व विधि का अनुभव रखने वाला विधिवेतत्ता होना चाहिये।

(3) न्यायाधीशों को उत्तम आचरण, आकर्षक और पर्याप्त उच्च स्तर के मूल्यों वाला होना नितांत आवश्यक है क्योंकि इसी कारण देश के विद्वान विधिवेत्ता इस कार्य की ओर आकृष्ट होंगे और पर्याप्त धनराशि मिलने पर भ्रष्टाचार तथा अन्य अनैतिक कार्यों के वाल्याचकों से सर्वदा दूर रहेंगे।

(4) न्यायाधीशों की पदावधि दीर्घ होनी परमावश्यक है। क्योंकि दीर्घ अवधि होने से वे लम्बे समय तक कार्य करने की आश्वस्त भावना के कारण ईमानदारी से अपने कार्य का संचालन करने में सर्वथा योग्य सिद्ध हो सकते हैं।

(5) न्यायाधीश की पूर्ण सुरक्षा और उनका संरक्षण होना आवश्यक है, जिससे कि उन्हें सरलता से पदच्युत न किया जा सके। यह स्थिति उन्हें निर्भीक और इमानदार बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है। सरकार के विरुद्ध न्याय करने पर किसी न्यायाधीश को, अपने स्थगन का भय नहीं होना चाहिये। इसी तथ्य को समक्ष रखकर न्यायाधीश को पदच्युत करने की नीति और विधि का निर्माण होना चाहिये।

(6) न्यायपालिका को कार्यपालिका से सर्वथा स्वतंत्र रखा जाना चाहिये। अर्थात एक ही व्यक्ति को न्यायपालिका तथा कार्यपालिका की शक्तियों का साथ-साथ समावेश नही करना चाहिये। अन्यथा दोनों अंगों का एक ही कर्ताधर्ता कदापि निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्भीक नहीं हो सकता ।स्वतंत्र न्यायपालिका की सर्वप्रथम विशेषता यह है कि उसके न्यायाधीश को किसी भी प्रकार के दबाव अथवा राजनीतिक प्रभावों से मुक्त रखा जाता है। ताकि वे बिना किसी दबाव के निष्पक्ष न्याय का उत्तर दायित्व वहन कर सकें। यदि उन पर किसी अधिकारी, अथवा दल के नेता का अंकुश हो अथवा कोई अधिकार या दल विशेष के नेता उन्हें पदच्युत करने में समर्थ होंगे तो न्यायपालिका का न्याय निष्पक्ष होना असंभव होगा। इसीलिये न्यायपालिका सर्वथा स्वतंत्र रखी जाती है। स्वतंत्र तथा शक्तिशाली न्यायपालिका ही नागरिकों के स्वायत्तों का संरक्षण करती है। और उन्हें नागरिकता की चेतना से प्रबुद्ध बनाय रखती है।

स्वतंत्र न होने की दशा में न्यायपालिका कार्य पालिका से प्रभावित होकर सदैव उन्हीं के अनुकूल कार्य संचालन करेगी तथा किसी भी समय नागरिकों के स्वायत्तों का अपहरण कर लेगी। इसीलिये न्यायपालिका स्वतंत्र रहकर कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका के अनुचित कार्यों तथा आदेशों की उपेछा करके भी नागरिकों के मूल अधिकारों का संरक्षण करती है।

स्वतंत्र न्यायपालिका की शक्ति अद्भुत होती है। वह सरकार के अंगों पर पूर्ण नियंत्रण रखती है। यहां तक कि वह कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका के कार्यों को अवैध घोषित कर सकती हैं। वह सरकार के उच्च पदाधिकारीयों की स्वेच्छाचारिता पर अंकुश लगा सकती है। इस प्रकार स्वतंत्र न्यायपालिका लोक समाज को पूर्ण सुरक्षा देने की दृष्टि से सरकार के अन्य अंगों पर पूर्ण नियंत्रण रखती है। लोकतंत्र शासन पद्धति में स्वतंत्र न्यायपालिका का अन्यतम महत्व है। यदि नागरिकों को स्वच्छ, निष्पक्ष और सत्य न्याय प्राप्त न हो तो उनका राज्य के ऊपर से विश्वास और निष्ठा हट जाती है। ऐसी स्थिति में प्रजातंत्र की मूल भावना को आघात लगने की आशंका बनी रहती है अत: लोकतंत्र की इस सुरक्षा के लिये स्वतंत्र न्यायपालिका का होना परम आवश्यक है। लार्ड ब्राइस ने स्वतंत्र न्यायपालिका को संविधान का प्रहरी घोषित किया है- क्योंकि स्वतंत्र न्यायपालिका ही संविधान की रक्षा करती है।

वह निर्भीक रूप से व्यवस्थापिका अथवा कार्यपालिका के उन समस्त कृत्यों का घोषित कर सकती है जो संविधन के प्रतिकूल हो। ऐसी स्थिति में. संविधान की व्याख्या के माध्यम से वह उनकी रक्षा करती है ।स्वतंत्र न्यायपालिका जहां एक ओर राष्ट्र के अंतर्गत आदर्श सुरक्षात्मक व्यवस्था बनाये रखने का कार्य करती है,, वहीं वह राज्य के प्रशासन में राज्य के सर्वप्रमुख राष्ट्रपति को तथा राज्य इकाइयों के प्रधान राज्यपालों को उचित परामर्श देने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राजनीति के विद्वान ब्राइस ने स्वतंत्र न्यायपालिका के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्पणी इस प्रकार दी है- न्यायपालिका की कार्यकुशलता से बढ़कर सरकार की उत्तमता का दूसरा उदाहरण नहीं है। क्योंकि किसी अन्य वस्तु का नागरिक सुरक्षा और हितों पर इतना प्रभाव नहीं पड़ता, जितना उसके इस *ज्ञान से कि वह एक निष्पक्ष, त्वरित और निश्चित न्याय आसन पर निर्भर रह सकता हैं। कानून को कुटिलता पूर्वक लागू किये जाने से यह समझना चाहिये कि नमक ने अपना स्वाद खो दिया है। व्यवस्था की आशा उस समय समाप्त हो जाती है, जब उसे दुर्बलतापूर्वक या उत्तेजनापूर्वक लागू किया जाए। यदि न्याय का दीपक अंधकार से आवृत्त हो जाय तो उससे उत्पन्न अंधकार का अनुमान लगाना कठिन है। ऐसी स्थिति में यदि यह कहा जाए कि भारतीय न्यायिक व्यवस्था अस्वस्थ रही है तो वह निश्चित ही चिंताजनक विषय होगा। वह भी तब जब यह कथन किसी और ने नहीं बल्कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री पी. एन. भगवती ने कहा हो ।भारतीय न्यायिक व्यवस्था के विध्वंस का मूलभूत कारण यह है कि भारतीय समाज में कानून और न्याय के प्रति सम्मान की भावना नहीं रह गई हैं %वहां प्रत्येक व्यक्ति की रुचि कानून का पालन करने में नहीं वरन उसकी गिरफ्त में न आने के उपायों में है। कानून भी कुछ ऐसे ही बनाए जाते हैं कि उन्हें तोड़ना, उसके ज़ पालन करने से कही आसान होता है। जब किसी भी अपराधी की सहजता से जमानत पर रिहाई हो जाती हैं ताकि वह अपने खिलाफ सबूतों को मिटा सके और गवाहों को धमका सके, जब किसी वाद का अंतिम रूप से निर्णय होने में 8-10 वर्ष का समय लगता हो और जब ढहती हुई न्यायिक व्यवस्था को सुधारने की राजनीतिक इच्छा शक्ति का अभाव हो तो न्याय की बात न करना ही श्रेय कर होगा। एक ओर तो भारतीय न्यायालय मुकदमों से पटे पड़े हैं और दूसरी ओर त्रासदी यह है कि न्यायाधीशों के अनेक पद वर्षों से रिक्त पडे हैं।

यही नही न्यायालयों के आधे से अधिक न्यायाधीश विभिन्न न्यायिक जांच, आयोग आदि के कार्यों में रत हैं।

## हिंदी भाषा साहित्य पर व्यवसाय की छाया-दृष्टि

वर्तमान में हिंदी को वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद से जोड़ा गया है। और बीच-बीच में हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज़ चैनल में न्यूज़ एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 140 उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है ।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 140 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका,मॉरीशस,फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया,न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं। ऐसे में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है ।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी,वी, इंटरनेट, कंप्यूटर,व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है।

डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था। इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल हृदय की विशाल भाषा है।




# वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह



पूरे विश्व में बाबा गुरु नानक देव के अवतरण दिवस 27 नवंबर 2023 के इंतजार में श्रद्धा भाव से आंखें बिछाए भक्तगण

प्रात: काल अमृत वेले की मधुर बेला पर दैनिक प्रभात फेरी में धन गुरु नानक सारा जग तारिया की गूंज - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत अनेक धर्मों कीआध्यात्मिक आस्था का प्रतीक रहा है, जो आदि अनादि काल से हर धर्म जातिके रीति रिवाजों से भाव विभोर होकर हर धर्म के गुरुओं महात्माओं महापुरुषों के उत्सव मनाते हैं जिसमें हर धर्म के लोग भी शामिल होते हैं,जो अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि भी है। इसलिए ही भारत को धर्मनिरपेक्ष, अनेकता में एकता वाला स्वर्ण भारत कहा जाता है। ऐसे ही पावन पलों में से एक बाबा गुरु नानक देव जयंती 27 नवंबर 2023 को मनाई जाएगी परंतु दीपावली के बाद शुरू हुए कार्तिक मास में प्रतिदिन प्रात काल अमृतवेले की मधुर बेला पर सिख समाज व सिंधी समाज की ओर से दैनिक प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें धन गुरु नानक सारा जग उतारिए और वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के नारों से हर राज्य हर शहर और अनेक देशों में वहां की धरती गूंज उठी है, और हो भी क्यों ना, क्योंकि 27 नवंबर 2023 को गुरु नानक देव जी का 554 वा अवतरण दिवस मनाया जाएगा, जिसकी खुशी से पूरा कार्तिक मास अनेक उत्सव के साथ मनाया जा रहा है इसी कड़ी में हमारे छोटे से गोंदिया शहर में भी रोज प्रात: कालीन अमृत वेले सिख समाज व सिंधी समाज द्वारा प्रभात फेरी निकालकर अलग-अलग क्षेत्र में के अंतर्गत भ्रमण कर प्यासी रूहों को तृप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। चूंकि रोज प्रभात फेरी में भक्तगण आनंदित हो रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से और मेरी ग्राउंड रिपोर्टिंग के आधार पर हम चर्चा करेंगे, पूरे विश्व में बाबा गुरु नानक देव के 554 वें अवतरण दिवस 27 नवंबर 2023 के इंतजार में आंखें बिछाए भक्तगण। प्रात: काल अमृत वेले की मधुर बेला पर दैनिक प्रभात फेरी में धन गुरु नानक सारा जग उतारिए की गूंज।

साथियों बात अगर हम गुरु नानक देव जयंती के उपलक्ष में कार्तिक माह से लेकर प्रभात फेरी पर्व मनाने की करें तो, इस दिन प्रात- काल स्नान करके प्रभात फेरी की शुरुआत की जाती है। इसके साथ ही सिख समुदाय के लोग गुरुद्वारे में भजन और कीर्तन करते हैं। इसके साथ ही गुरु नानक जी को विशेष रूप से रुमाल भी सजाया जाता है। पूरे गुरुद्वारों को दीपों से सजाया जाता है। प्रार्थना सभा के बाद लंगर का आयोजन करने के साथ सेवा दान किया जाता है। इसके साथ ही गुरबाणी का पाठ किया जाता है ।गुरु नानक देव के पावन प्रकाशोत्सव पर सिख समाज के लोगों ने दिवाली के चंद्र से लेकर प्रभात फेरी निकाली जाती है। प्रभातफेरी में सिख समुदाय सिन्धी समुदाय के महिला पुरुष एवं बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्साले रहें है। प्रभातफेरी गुरुद्वारों से निकलकर नगर में भ्रमण करते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचरही है। प्रभात फेरी में शामिल महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग ढोलक बजाते धन गुरु नानक, धन गुरु नानक की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया। संगत ने दुख भंजन तेरा नाम जी ठाकुर गाइए आतम रंग, मारेया सिक्का जगत विच नानक निर्मल पंथ चलाया, सब ते वड्डा सतगुर नानक जिन कल राखी मेरी आदि शबदों का गायन किया। इधर प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में हर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से हर कस्बे में प्रभातफेरी निकालजा रही है। रोजाना सुबह 5 बजे पूरे कस्बे में प्रभात फेरी 27 नवंबर तक निकाली जाएगी। प्रभातफेरी में गुरु नानक देवजी की महिमा का गुणगान किया जाता है। प्रभातफेरी गुरुद्वारा परिसर से शुरू होकर कस्बे के गली-मोहल्ले से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचकर समाप्त होती है। सिख समुदाय के लोगों का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष कि पूर्णिमा तिथि पर गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। इस साल कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर को है, इसलिए 27 नवंबर को ही सिख धर्म के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी जयंती मनाई जाएगी। गुरु नानक देव की जयंती को गुरु पर्व और प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सिख लोग गुरुद्वारे जाकर गुरुग्रंथ साहिब का पाठ करते हैं। गुरु पर्व पर सभी गुरुद्वारों में भजन, कीर्तन होता है और प्रभात फेरियां भी निकाली जाती हैं।

साथियों बात अगर हम प्रभात फेरी केइतिहास और महत्व की करें तो प्रभात फेरी का इतिहास काफी पुराना है। लेकिन खासतौर से सिख धर्म में प्रभात फेरी को अधिक अहमियत मिली है। आज भी न सिर्फ सिख बल्कि दूसरे समुदायों के लोग भी गुरुपूरब से पहले ही प्रभात फेरियां शुरू करते हैं, ताकि गली-गली घूमकर सिख गुरुओं की सीख को लोगों तक पहुंचाया जाए। तड़के-तड़के गुरुद्वारों से निशान साहिब लेकर जत्थे गलियों में निकलते हैं। जहां-जहां से प्रभात फेरी निकलती है वहां-वहां अब लोग चाय के साथ-साथ खाने-पीने के स्टॉल भी लगाते हैं। स्पेशल बैंड परफॉर्मेंस होती है। गतका अखाड़े परफॉर्म करते हैं। अब इन प्रभात फेरियों में हजारों लोग जुड़ने लगे कुछ लोगों का मानना है कि प्रभात फेरी का मकसद उन आलसी लोगों को सुबह समय से जगाना भी है जो अपने स्वार्थ के लिए भगवान को भूल चुके हैं। सुबह का समय भगवान को याद करने का होता है, ताकि आने वाला जीवन अच्छा बीते लेकिन कुछ लोग अपने आलस्य के चक्कर में आराधना से दूर होते जा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम बाबा गुरुनानक देव की जीवनी की करें तो, गुरुनानक देव जी सिखों के प्रथम गुरु थें। इनके जन्म दिवस को गुरुनानक जयंती के रूप में मनाया जाता है। नानक जी का जन्म 1469 में कार्तिक पूर्णिमा को पंजाब (पाकिस्तान) क्षेत्र में रावी नदी के किनारे स्थित तलवंडी नाम गांव में हुआ। नानक जी का जन्म एक हिंदू परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम कल्याण या मेहता कालू जी था और माता का नाम तृप्ती देवी था। 16 वर्ष की उम्र में इनका विवाह गुरदासपुर जिले के लाखौकी नाम स्थान की रहने वाली कन्या सुलक्खनी से हुआ। इनके दो पुत्र श्रीचंद और लख्मी चंद थें ।दोनों पुत्रों के जन्म के बाद गुरुनानक देवी जी अपने चार साथी मरदाना, लहना, बाला और रामदास के साथ तीर्थयात्रा पर निकल पड़े। ये चारों ओर घूमकर उपदेश देने लगे। 1521 तक इन्होंने तीन यात्राचक्र पूरे किए, जिनमें भारत, अफगानिस्तान, फारस और अरब के मुख्य मुख्य स्थानों का भ्रमण किया। इन यात्राओं को पंजाबी में उदासियाँ कहा जाता है। गुरुनानक देव जी मूर्तिपूजा को निरर्थक माना और हमेशा ही रूढ़ियों और कुसंस्कारों के विरोध में रहें। नानक जी के अनुसार ईश्वर कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारे अंदर ही है। तत्कालीन इब्राहीम लोदी ने इनको कैद तक कर लिया था। आखिर में पानीपत की लड़ाई हुआ, जिसमें इब्राहीम हार गया और राज्य बाबर के हाथों में आ गया। तब इनको कैद से मुक्ति मिली ।गुरुनानक जी के विचारों से समाज में परिवर्तन हुआ। नानक जी ने करतारपुर (पाकिस्तान) नामक स्थान पर एक नगर को बसाया और एक धर्मशाला भी बनवाई। नानक जी की देह त्याग 22 सितंबर 1539 ईस्वी को हुआ। इन्?होंने अपनी मृत्यु से पहले अपने शिष्य भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी बनाया, जो बाद में गुरु अंगद देव नाम से जाने गए।

साथियों बात अगर हम बाबा गुरु

## शार्ट न्यूज

### पुलिस की हिरासत से वृद्ध आरोपी फरार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में मारपीट का एक वृद्ध आरोपी पुलिस के जवानों को चकमा देकर आरक्षी की अभिरक्षा से फरार हो गया। इस मामले में एसपी ने कठोर कदम उठाते हुए एक कांस्टेबल की निलम्बित कर दिया तथा पी आर डी जवान के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए रिपोर्ट भेजी गयी है। सीओ सदर एसपी उपाध्याय ने बताया कि दीवानी न्यायालय के जेएम प्रथम कोर्ट से तेजीबाजार थाना के नोखई बिन्द (65) पुत्र रामदुलार बिन्द उ के विरुद्ध धारा 323,325,504 और 506 के अंतर्गत गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। इस आरोपी कल तेजी बाजार पुलिस गिरफ्तार करके थाने पर ले आयी। उसके बाद उसे न्यायालय भेजने के लिए मेडिकल कराने के लिए नौपेड़वा सीएससी पर ले जाया गया जहां से आरोपी पेशाब करने का बहाना करके पुलिस हिरासत से फरार हो गया। कास्टेबल पवन पाण्डेय की तहरीर पर थाना बक्सा पर नोखई बिन्द के विरुध्द मुकदमा पंजीकृत किया गया है। लापरवाही के आरोप में का पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक ने निलम्बित कर दिया ।

### आजमगढ़ में 94 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**आजमगढ़।** आजमगढ़ शहर कोतवाली में विसर्जन जुलूस में डीजे बंद कराने को लेकर हुए विवाद में 94 लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिले के कदमघाट पर 21 नवंबर की रात में छठ देवी की प्रतिमा के विसर्जन जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा डीजे बंद कराकर दो घंटे के अंदर प्रतिमा का विसर्जन करने का निर्देश दिया था। इस पर पूजा समिति के लोग भड़क गये और हंगामा कर दिया। इस मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने 14 नामजद समेत 80 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस बारे में जिले के एसपी ग्रामीण संजय कुमार ने बताया कि विसर्जन के दौरान आयोजकों ने शांति-व्यवस्था को चुनौती दी थी। ऐसे में इन सभी लोगों के विरूद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। 21 नवंबर की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पूजा संपन्न हो गई थी। देर शाम में पूजा समिति द्वारा घाट पर स्थापित छठ माता की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा था। इसके लिए एक वाहन पर डीजे भी बज रहा था।

### श्मशान घाट को जारी गृहकर नोटिस निरस्त

**झांसी।** झांसी में श्मशान घाट को गृहकर नोटिस देने के बाद नगर निगम बैकफुट पर आ गया है। विरोध प्रदर्शन शुरू हुए तो नगर निगम ने गलती मानते हुए शनिवार को गृहकर नोटिस को निरस्त कर दिया है। साथ ही मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने कर विभाग के स्टाफ को निर्देश दिए कि भविष्य में करमुक्त भवनों को गृहकर नोटिस जारी न हो। जीआईएस सर्वे की प्रस्तावित कर सूची की गहराई से जांच की जाएगी। इसमें से करमुक्त को अलग करके शेष सूची के अनुसार नोटिस जारी किए जाएंगे। जिन कर्मचारियों ने श्मशान घाट को नोटिस जारी किया था, उसके खिलाफ भी जांच शुरू हो गई है। नगर निगम का गृहकर विभाग अक्सर विवादों में घिरा रहता है। यह विभाग गरीबों के मकानों पर लंबा-चौड़ा गृहकर लगा देते हैं तो बड़े-बड़े भवन पर न के बराबर गृहकर लगाने की वजह से सुर्खियों में रहता है। लेकिन गुरुवार को इस विभाग ने सारी हदें पार कर दी थी। नगर निगम ने उन्नाव गेट बाहर स्थित मुक्तिधाम पर 90 हजार रुपए का गृहकर बकाया का नोटिस चस्पा कर दिया था। मुक्तिधाम के नाम पर काटे गए इस नोटिस में 15 दिन की मोहलत दी गई थी।

### उन्नाव में दुपट्टे के सहारे युवक ने लगाई फांसी

**उन्नाव।** उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र में युवक का शव अधबने घर में उसी के दुपट्टे से शुक्रवार को फंदे से लटका मिला था। मृतक के भाई ने किशोरी के पिता व परिजनों पर फंदे से लटकाकर हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। मुकदमा दर्ज करने को लेकर शनिवार को आधा सैकड़ा ग्रामीण कोतवाली पहुंच कर हंगामा करने लगे। उग्र ग्रामीणों व परिजनों को समझाने के दौरान एसएसआई से महिलाएं अभद्रता करने लगी जिसमे उसके बिल्ले उखड़ गए। मामला बढ़ता देख कोतवाली प्रभारी ने किसी तरह मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर कार्रवाई करने का भरोसा देकर शांत कराया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी रामप्रसाद रावत का बेटा दीपक (22) का पड़ोसी में रहने वाली किशोरी से काफी समय से नजदीकी थी। बीते दिन शुक्रवार दोपहर उसका शव किशोरी के घर में मिला। किशोरी के अनुसार घटना के समय पिता खेत गए थे। मां की दो साल पहले मौत हो चुकी है, इससे वह घर पर अकेली थी। इस दौरान दीपक घर आया और कमरे का दरवाजा खोलने की जिद करने लगा। न खोलने पर फंदा लगाकर जान दे देने की बात कही।

### एसडीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

भदोही। उपजिलाधिकारी शिवप्रकाश यादव ने तहसील सभागार में कानून गो, लेखपाल व रजिस्टर कानून गो के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि पट्टा प्राप्त किए लाभार्थियों को चिंहित करते हुए उन्हें कब्जा दिलाया जाए और फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट दे। धन सत्यापन कार्य में तेजी लाने का भी कड़ा निर्देश दिया। बैठक में एसडीएम ने धान सत्यापन के कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। कहा कि जिससे कास्तकारों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होने एनएच 731बी से प्रभावित काश्तकारों को मुआवजा जल्दी से जल्दी दिलाने के लिए लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित पत्रावलियों का निस्तारण जल्द से जल्द करें। एसडीएम ने राजस्व संहिता की धारा-116 से संबंधित बंटवारे की पत्रावलियों को शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। कानून गो को धारा-24 के पैमाइश से संबंधित पत्रावलियों को टाइट टेबल बनाकर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए गए। इसके अलावा निर्वाचन कार्य, आईजीआरएस और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया गया।

### महराजगंज में युवक ने की पत्नी की हत्या

**महराजगंज।** महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को महिला का शव संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया था। शनिवार को महिला के पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में खुलासा किया गया है कि पति ने ही अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। शव की पहचान पूनम पत्नी नन्हे लाल के रूप में की गई थी। पूरा मामला गोधवल गांव का है। शुक्रवार की सुबह 28 वर्षीय पूनम की डेड बॉडी देख इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में अक्सर मारपीट होती रहती थी। इसके पीछे की वजह दोनों को लंबे समय से कोई बेटा न होना बताई जा रही है। गुरुवार की शाम को भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद पति नन्हेलाल ने पत्नी के हत्या का प्लान बनाया और खेत मे ले जाकर गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। शुक्रवार की सुबह फसल काटने गई महिलाओं ने खेत में शव देखकर शोर मचाया। शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुचीं श्यामदेउरवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका पूनम की दो बच्चियों की मां थी। तहरीर और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर पति नन्हें के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### स्टांप चोरी में 92 प्रतिष्ठानों को नोटिस

कानपुर। जमीनों की खरीद बिक्री के मामलों में बड़े पैमाने पर स्टांप चोरी की गई। डीएम कोर्ट में संबंधित प्रतिष्ठानों और व्यक्तियों के खिलाफ वाद दायर किया गया। डीएम कोर्ट के आदेश के खिलाफ वादियों ने हाईकोर्ट का रुख किया, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। अब डीएम के आदेश पर एडीएम फाइनेंस ने संबंधित 92 के खिलाफ राजस्व वसूली के नोटिस जारी किए हैं। एडीएम फाइनेंस राजेश कुमार के वर्ष-2008 से स्टांप चोरी के अलग-अलग मामले में चल रहे थे। राजस्व वसूली को लेकर डीएम कोर्ट से अलग-अलग वर्षों में प्रतिष्ठानों के खिलाफ नोटिस जारी किए गए थे। कोर्ट के आदेश के खिलाफ लोग हाईकोर्ट तक चले गए थे। लेकिन हाईकोर्ट से भी राहत न मिलने पर दोबारा राजस्व वसूली के लिए प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए हैं। 1 माह का समय दिया गया है। वसूली न जमा करने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# बलरामपुर अस्पताल के मेकओवर की तैयारी, सर्जरी वॉर्ड होगा मॉडर्न इक्विप्मेंट्स से लैस

## प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उठाया अहम कदम




लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं से युक्त प्रदेश बनाने की दिशा में सीएम योगी द्वारा उठाए जा रहे सार्थक प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। प्रदेश के अस्पतालों के मेकओवर, अपडेशन व मॉडर्न फैसिलिटीज से लैस करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सरकारी अस्पताल भी इस प्रक्रिया से अछूते नहीं है तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया, सिविल व पीजीआई समेत अब बलरामपुर अस्पताल को भी मॉडर्न इक्विप्मेंट्स से लैस करने की तैयारी चल रही है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की अध्यक्षता में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए सरकारी अस्पतालों के उच्चीकरण के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी जिसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस विषय में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक द्वारा भी घोषणा की गई थी कि बलरामपुर अस्पताल को मॉडर्न फैसिलिटीज से लैस होगा।

ऐसे में, अब बलरामपुर अस्पताल के सर्जरी विभाग को मॉडर्न फैसिलिटीज से लैस करने का कार्य शुरू हो गया है। इस क्रम में, उच्चीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 2.50 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दी गई है।

#### 109 से ज्यादा सर्जरी इक्विप्मेंट्स केटेगरी की अपडेशन प्रक्रिया होगी पूर्ण

इस उच्चीकरण प्रक्रिया के जरिए मूल रूप से सर्जरी विभाग के 109 से ज्यादा सर्जरी इक्विप्मेंट्स केटेगरी को अपडेट करने की तैयारी है। इसमें 28 लाख रुपए के 10 इलेक्ट्रो सर्जिकल जेनरेटर, 25 लाख के जेनरेटर फुटस्विच व लैप्रोस्कोपिक युनिट्स समेत तमाम इक्विप्मेंट्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वॉर्ड की साज-सज्जा में उपयुक्त होने वाले फर्नीचर्स व अन्य साजो-सामान की खरीद को भी बल मिलेगा। जिन साजो-सामान का क्रय उच्चीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए किया जाना है उनमें 480 रुपए से लेकर 28 लाख रुपए तक के इक्विप्मेंट्स शामिल है। निश्चित तौर, उच्चीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद यहां यहां ट्रीटमेंट कराने वाले मरीजों को फायदा होगा तथा तीमारदारों को भी होने वाली असुविधा में कमी आएगी।

# हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर मदद : योगी

गोरखपुर। (पी एम ए) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हर जरूरतमंद तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी पात्रों का आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने और किसी के पास यह कार्ड न होने पर, बड़े संस्थानों में उसके इलाज के लिए इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने की हिदायत दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे।

जनता दर्शन में उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी।

जनता दर्शन में पहुंची एक महिला ने मुख्यमंत्री को अपनी बिटिया के गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी दी। इस पर सीएम योगी ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबसे पहले महिला की बिटिया को लखनऊ के एसजीपीजीआई या केजीएमयू में भर्ती कराकर तुरंत इलाज शुरू कराया जाए। इसमें जो भी खर्च आना है, अस्पताल से इस्टीमेट बनाकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

# अयोध्या में 22 जनवरी को होगा राम मंदिर का उद्घाटन

अयोध्या। (पी एम ए) 22 जनवरी 2024 का देश और विदेश में रहने वाला हर राम भक्त बेसब्री से इंतजार कर रहा है। ऐसे में अयोध्या के कुछ होटलों ने मनमाने ढंग से एक रात के कमरे के दाम बढ़ा दिए हैं।

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर का 22 जनवरी 2024 को क्क्रूनरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इससे पहले ही अयोध्या के होटल के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। मंदिर और उसके पास के होटल के दामों को सामान्य किराए से लगभग 22 गुना ज्यादा बढ़ा दिया गया है। दरअसल, 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश के 4000 संत-महात्मा और समाज के 2500 प्रतिष्ठित महानुभाव उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही, शहर में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। ऐसे में भारी भीड़ और लोगों की जरूरत को देखते हुए अयोध्या के कुछ होटलों ने मनमाने ढंग से एक रात के कमरे के दाम बढ़ा दिए हैं। एक रात के कमरे का किराया 60 हजार तो कहीं 80 हजार है।

# रायबरेली सर्राफा व्यापारी लूट खुलासा : दो लुटेरे गिरफ्तार

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के लालगंज इलाके में दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी से 65 लाख की सोना लूट को अंजाम देने वाले शातिर लुटेरों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गयी जिसमें एक बदमाश पर शिकंजा कसने में पुलिस को कामयाबी मिली जबकि दो अन्य मौके से फरार होने में कामयाब हो गये।



अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने पिछले दिनों हुई तथाकथित 65 लाख के सोने की सर्राफा व्यापारी से हुई लूट का खुलासा करते हुए बताया कि लूट के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद लालगंज के सातन ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में एक आरोपी इमरान उर्फ बाबू अल्टर के पैर में गोली लगी है जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि मुठभेड़ के समय इमरान के साथ के दो अन्य साथी रिजवान उर्फ मोनू लंगड़ा और दिलशाद मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बड़ी लूट की वारदात में पुलिस की साख दांव पर लग गयी थी जब लुटेरों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नही आ रहा था। लूट का मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर इमरान दूसरे जिले कानपुर नगर का रहनेवाला था जबकि इस वारदात का सहयोगी आरोपी पम्मू सोनी जिसने मुख्य आरोपी इमरान को पीड़ित अनन्तराम सोनी के बारे में अवगत कराया था । वह फतेहपुर का रहनेवाला था और वह वादी अनन्त राम के मामा का लड़का था। मगर यह चूंकि अंधी वारदात थी लिहाजा शुरुआत में मामले का खुलासा बड़ा जटिल लग रहा था। लेकिन सटीक जांच के आधार पर पुलिस ने पहले बीती रात पम्मू सोनी को लालगंज मोड़ से गिरफ्तार किया उसके बाद वारदात को अंजाम देने वाले इमरान और उसके दोनो साथियों का भी खुलासा हो गया। गौरतलब है कि पीड़ित अनन्त राम सोनी सर्राफा व्यापारी है, उनकी रेकी पम्मू सोनी के इशारे पर इमरान कर रहा था। जिस दिन इंडिया ऑस्ट्रेलिया का क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल था ,उस दिन बाजार मे चहल पहल कम होने का फायदा उठा कर अनन्त राम सोनी का तथाकथित 65 लाख का स्वर्ण आभूषण का बैग इमरान समेत तीन लोगों ने लूट लिया। लुटेरे क्योंकि बाहरी व्यक्ति थे इसलिए इसकी कोई शिनाख्त नही कर पा रहा था।

# कंडक्टर को चापड़ मारने वाला बीटेक स्टूडेंड मुठभेड़ में गिरफ्तार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में नैनी स्थित एक इंजिनियरिंग कालेज में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोरांव थाना क्षेत्र के हाजीगंज निवासी छात्र लारैब हाशमी नैनी स्थित एक इंजिनियरिंग कालेज में बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र है। वह शुक्रवार की सुबह अपने कालेज जाने के लिए शांतीपुरम फाफामऊ से सिटी इलेक्ट्रिक बस में सवार हुआ था। अपने कालेज के गेट के पास उतरते समय बैग में रखे चापड़ (धारदार हथियार) से परिचालक हरिकेश विश्वकर्मा के गर्दन और हाथ पर हमला कर घायल कर दिया। बस में बैठी सवारियां कुछ समझ पाती, वह उतर कर भाग गया।

उन्होने बताया कि पुलिस ने आरोप को कालेज कैम्पस से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस आरोपी लारैब हाशमी को देर शाम चापड़ बरामदगी के लिए चंडी कछार ले गयी। उसने वहां चापड़ के साथ एक पिस्टल भी छिपाकर रखा था जिससे पुलिस पर फायर कर भागने लगा। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, गोली उसके पैर में लगी और वह घायल होकर वहीं गिर पड़ा। उसे रात में स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया।

धार्मिक नारा लगाते हुए वायरल वीडियो के बारे में पूछने पर उन्होने बताया कि उन्हें भी इसके बारे में सुनने को मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने हरिकेश के पिता रामशिरोमणि विश्वकर्मा की तहरीर पर औद्योगिक थाना क्षेत्र में आरोपी लारैब हाशमी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुदकाम दर्ज कराया।

गौरतलब है कि दो-तीन दिन पूर्व आरोपी के साथ कंडक्टर का किराए को लेकर विवाद हुआ था। शायद इसी बात का बदला लेने के लिए शुक्रवार को उसने कंडक्टर पर हमलाकर घायल कर दिया।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने घटाया एसी बसों का किराया

लखनऊ। (पी एम ए) शीतकाल में बसों के लोड फैक्टर को देखते हुए यूपी सरकार ने किराए में कमी करने का निर्णय लिया है। शरद ऋृतु में लोड फैक्टर में संभावित गिरावट व वातानुकूलन संयंत्र के कार्यशील न रहने के कारण परिवहन निगम को किराए में कमी के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह ने बताया कि वातानुकूलित सेवाओं को भी लाभप्रद बनाए जाने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। साथ ही लोगों को भी शीतकाल में कम खर्च में ठंड से बचाव के साथ यात्रा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि बसों के किराए में 16 दिसंबर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक छूट प्रदान की जाएगी।

# शाइन सिटी घोटाला : मालिक की करीबी महिला गिरफ्तार

हरदोई। निवेशकों से हजारों करोड़ ठगकर दुबई भाग चुके शाइन सिटी के मालिक राशिद नसीम और उसके गुर्गों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चल रही कार्रवाई के तहत हरदोई में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की और उसकी करीबी महिला शशिबाला को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक हरदोई शहर कोतवाली इलाके के धियर महोलिया गांव में ईडी की टीम ने शशिवाला के घर पर शुक्रवार को छापेमारी की कार्रवाई की। प्रवर्तन निदेशालय की टीम यहाँ चार गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंची थी और घर के बाहर केंद्रीय बलों के जवान को तैनात करके घर के अंदर मौजूद सभी सदस्यों से और शशिबाला से कई घंटे तक पूछताछ के बाद घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर से नगदी जेवर और कुछ कागज बरामद होने के बाद शशिबाला हिरासत में लिया और शनिवार सुबह करीब दस बजे मेडिकल कॉलेज में मेडिकल कराने के बाद अपने साथ लेकर गई है।

बताया जाता है कि शाइन सिटी घोटाले के मास्टरमाइंड राशिद नसीम की शशिबाला काफी करीबी है और कई जमीनों की खरीद फरोख्त में उसका नाम आने के बाद ईडी की टीम ने कार्रवाई की है।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम की कार्रवाई के बाद शशिबाला के घर के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है। घर में उसकी पुत्री और बहू मौजूद हैं जबकि पुत्र ईडी की टीम के साथ पीछे पीछे जाना बताया गया है।

### बाराबंकी में गड्ढे में पलटी कार, दो की मौत

बाराबंकी। बाराबंकी में कार सवार लोग देर रात्रि एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ड्राइवर कार से संतुलन खो बैठा। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसले में एक महिला और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ सभी घायलों का रेस्क्यू किया। इन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पूरा मामला जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाबा कुटी फतेहपुर मार्ग पर ग्राम वतिया के निकट का है। लखनऊ में शादी समारोह से वापस लौट रहे कार सवार की कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। सूचना पर मौके और पहुंची पुलिस ने कार के शीशे तोड़कर सभी को बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएससी पहुंचा है, जहां पर चिकित्सकों ने महिला आसमा और बच्चे अयान को मृत घोषित कर दिया। वहीं कार सवार अन्य सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वैन चालक रशीद ,जोया वह सलीम का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस ने लाशों का पंचनामा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हादसे की वजह है तेज रफ्तार बताई जा रही है। कार सवार सभी लोग कस्बा फतेहपुर के मोहल्ला नल पर दक्षिणी निवासी बताए जा रहे हैं, जो शुक्रवार की रात्रि में लखनऊ में अपने भांजी की शादी में शामिल होने के लिए गए थे। देर रात सभी मारुति वैन से सवार होकर घर वापस आ रहे थे तभी यह हादसा हुआ है।

# इटावा में कार ने दो को मारी टक्कर, दोनों की मौत

## भिंड से गोवर्धन जा रहे थे श्रद्धालु, पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से जांच में जुटी




**इटावा।** इटावा मध्य प्रदेश से मथुरा के गोवर्धन में परिक्रमा के लिये जा रहे 2 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत हो गई। भिंड जिले के दमोह के रहने वाले लगभग 60 श्रद्धालु बस से जा रहे थे। सभी श्राधुल इटावा के उदी इलाके में एक होटल के बाहर खाना खाने के लिये रुके थे। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 2 लोगो की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर कार की तलाश कर रही है। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के कामैत स्तिथ ढाबे पर बीती रात्रि 11 मध्यप्रदेश के भिंड जिले से श्रद्धालुओं की भरी बस जोकि मथुरा के गोर्वधन परिक्रमा करने जा रहे थे। रास्ते में खाना खाने के लिए जैसे ही श्रद्धालु उतरे वैसे ही दो श्रदालुओ को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही दो यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पर हड़कंप मच गया। आनन फानन में अन्य श्रद्धालुओं ने घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया है और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मृतकों का नाम 58 वर्षीय लालता प्रसाद और 59 वर्षीय राम सिया मांझी निवासी भिंड की मौत हो गई है।

#### इटावा की ओर से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी

मृतक लालता प्रसाद के पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिता जी हर माह गोर्वधन की परिक्रमा करने जाते थे। कल भी वह गांव के अन्य लोगों के साथ जा रहे थे। इटावा के उदी के पास पप्पू ढाबा पर सब लोग खाना खाने के लिए उतरे जिसके बाद पिता जी और उनके साथी पेशाब करने के लिए जा रहे थे तभी इटावा की ओर से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों की मृत्यु हो गई।

#### दोनों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

एसपी सिटी कपिल देव सिंह ने बताया कि बीती रात बढ़पुरा थाने के कामेत ढाबे के पास एक अज्ञात वाहन ने दो लोगों को टक्कर मार दी है। जिसमें दो लोगों की मृत्यु हो गई है। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। घटना करने वाली कार को सीसीटीवी के माध्यम से खोजा जा रहा है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# 11 एम्बुलेंस पर एक लाख चार हजार का चालान

## स्वास्थ्य विभाग और आरटीओ ने की संयुक्त कार्रवाई, दूसरे जनपदों की एम्बुलेंस पर भी नजर



आगरा। निजी एम्बुलेंस के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग और आरटीओ के संयुक्त अभियान में शनिवार यानी 25 नवंबर को 11 एम्बुलेंस पर कार्रवाई की गई। इनसे एक लाख चार हजार रुपए का चालान काटा गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने बिना पंजीकरण और अनफिट एम्बुलेंस के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। आज अभियान के तहत एसएन मेडिकल कालेज की इमरजेंसी, लेडी लायल हॉस्पिटल और दिल्ली गेट पर निजी एम्बुलेंस का निरीक्षण किया गया।

इसमें 11 एम्बुलेंस अनफिट मिले। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक लाख चार हजार रुपए का चालान काटा गया। अभियान में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. एसके राहुल और आरटीओ से शिव कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

#### इन नंबरो की एम्बुलेंस का कटा चालान

यूपी 80 सीटी 0616, यूपी 40 सीटी 5489,यूपी 40 बीएम 9082,यूपी 80 डीटी 1924, यूपी 85 एटी 8291,यूपी 80 सीटी 5613, यूपी 80 एफटी1517, यूपी 40 बीई 9363, यूपी 40 बीएम 9082,यूपी 83 टी 1260,यूपी 80 सीटी 1933 निजी एम्बुलेंस द्वारा मरीजों को निजी अस्पतालों में मरीजों को ले जाने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव का कहना है कि शिकायतों के आधार पर अभियान शुरू किया गया है। निजी एम्बुलेंस के अलावा अनफिट एम्बुलेंस पर भी विभाग की नजर है। पड़ोसी जनपदों से आने वाले अवैध, अनधिकृत एम्बुलेंस पर भी विभाग कार्यवाही करेगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की पुलिस ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित प्रमोद प्रजापति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि जहानागंज थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी ने नौकरी के नाम पर पांच लाख रूपए लिए। इसके साथ ही फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। जब पीड़ित ज्वाइन करने पहुंचा तो उसे अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद से पीड़ित अपने पैसे वापस मांगने लगा। इससे नाराज होकर आरोपी पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। इससे दुखी होकर पीड़ित ने थाने पर आकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस की इस विवेचना में मामले में तीन आरोपियों का नाम सामने आया। इन आरोपियों में सोनू कुमार, सूर्य प्रकाश दलाल, उपेन्द्र विक्रम मिश्रा प्रमुख हैं।

## शार्ट न्यूज

### तनावग्रस्त संपत्ति हस्तांतरित करने से जुड़ी पीआईएल को अदालत ने वापस लेने की अनुमति दी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने यस बैंक से जेसी फ्लावर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी को 48,000 करोड़ रुपये की तनावग्रस्त संपत्ति हस्तांतरित करने के मामले में दायर पीआईएल वापस लेने की अनुमति दे दी है। पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने उक्त जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल करते हुए इस मामले में एक विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने पाया कि याचिका वापस लेने पर पक्षों को कोई आपत्ति नहीं है और इस तरह मामले में आगे की सुनवाई रद्द कर दी गई। पीठ ने 22 नवंबर को आदेश दिया, वर्तमान रिट याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है। अदालत ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों के लाइसेंस और संचालन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो याचिकाकर्ता के अनुसार पूंजी पर्याप्तता, शासन, जोखिम प्रबंधन और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के मुद्दों को कवर करते हैं। अदालत ने कहा कि कुछ मामलों में संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) और बैंकों के बीच साझेदारी के लिए आरबीआई और बाजार नियामक सेबी, दोनों से मंजूरी जरूरी हो सकती है। स्वामी ने इस साल उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्रीय वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को बैंकों/एनबीएफएस या अन्य वित्तीय संस्थानों और एआरसी के बीच की गई व्यवस्थाओं को विनियमित करने का निर्देश देने की मांग की थी।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्य सरकार की ओर से फंड्स की अनदेखी से जुड़े आरोपों को नकारा

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केरल की वाम सरकार के धन आवंटन में लापरवाही के आरोपों को खारिज किया और दावा किया कि केंद्र सरकार बिना किसी देरी के दक्षिणी राज्य के लोगों को जरूरी पैसे तुरंत भेजती है। अलग-अलग श्रेणियों के तहत धन जारी नहीं करने के वाम सरकार के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर उंगली उठाई और आरोप लगाया कि देरी आवश्यक मानदंडों को पूरा करने में राज्य की विफलता के कारण है। केंद्र सरकार की कथित उपेक्षा के खिलाफ जनवरी में नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की घोषणा करने वाले सत्तारूढ़ माकपा नीत गठबंधन की आलोचना करते हुए वित्त मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2009-10 से 2023-24 तक केरल को वित्त आयोग अनुदान की सबसे अधिक राशि जारी की गई है। वित्त मंत्री ने कहा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के तहत सभी लंबित देनदारियों और वरिष्ठ नागरिक पेंशन को कवर करने वाली 2023-24 की पहली किस्त के तहत केरल को अक्टूबर 2023 में 602.14 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने निकटवर्ती अटिंगल में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### प्रवर्तन निदेशालय ने गोवा में 39 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की, जमीन हथियाने से जुड़े मामले में कार्रवाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर राज्य में अवैध तरीके से जमीन हथियाने वाले कुछ लोगों की गोवा स्थित करोड़ों रुपये मूल्य की 31 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। यह कार्रवाई धनशोधान मामले में जांच के तहत की गई है। एजेंसी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सर्किल रेट के अनुसार कुल 39.24 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है। यह मामला गोवा पुलिस की ओर से विक्रांत शेट्टी, मोहम्मद सुहैल, राजकुमार मैथी और कुछ अन्य के खिलाफ गोवा में अचल संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने से संबंधित है। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि आरोपियों ने अपने या अपने सहयोगियों या रिश्तेदारों के नाम पर विभिन्न अचल संपत्तियां अवैध रूप से अर्जित की। इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने अपने दावे के समर्थन में भूमि रिकॉर्ड में फर्जी दस्तावेज दिखाए और बताया कि अचल संपत्ति उनके पूर्वजों की है। इन जाली दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने उत्तराधिकार विलेख और सूची बनाकर उन्हें अपने नाम पर अपडेट कराया या भूमि रिकॉर्ड में बदलाव करवा लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि इनमें से कुछ अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को आरोपियों ने गोवा और अन्य राज्यों के खरीदारों को बेच दिया।

### 29 माह के उच्च स्तर से कम हो सकती है देश में बेरोजगारी, तीन हफ्ते में 10 फीसदी से कम रही औसत दर

नई दिल्ली। देश में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर नवंबर, 2023 में घट सकती है। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी बढ़ने से यह अक्तूबर में 29 महीने के उच्च स्तर 10.1 फीसदी पर पहुंच गई थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने के पिछले तीनों सप्ताह (19 नवंबर तक) के दौरान औसत बेरोजगारी दर 10 फीसदी से नीचे रही है। ऐसे में नवंबर में बेरोजगारी दर कम होकर करीब 9 फीसदी रहने की उम्मीद है। आंकड़ों के मुताबिक, 19 नवंबर तक तीनों सप्ताह को मिलाकर देश की औसत बेरोजगारी दर 8.8 फीसदी रही। 5 नवंबर को समाप्त पहले सप्ताह में यह दर 9.1 फीसदी रही। 12 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश में बेरोजगारी दर 0.4 फीसदी बढ़कर 9.5 फीसदी पर पहुंच गई। तीसरे सप्ताह में यह दर 1.6 फीसदी की गिरावट के साथ7.9 फीसदी पर आ गई। सीएमआईई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अक्तूबर की तुलना में नवंबर में ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी घटने की संभावना है, जबकि शहरी बेरोजगारी बढ़ सकती है। नवंबर के पहले तीन सप्ताह में ग्रामीण इलाकों में औसत बेरोजगारी दर 8.4 फीसदी रही। यह अक्तूबर के 10.8 फीसदी से कम है। वहीं, शहरी इलाकों में 19 नवंबर तक बेरोजगारी दर औसतन 9 फीसदी से ज्यादा रही। अक्तूबर में शहरी बेरोजगारी दर 8.4 फीसदी रही थी। 19 नवंबर तक तीन सप्ताह में ग्रामीण इलाकों में रोजगार मिलने की औसत दर 38.2 फीसदी से बढ़कर 38.4 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई।

### खुदरा निवेशकों ने दिखाया दम, 7377 करोड़ जुटाने थे, 2.59 लाख करोड़ के मिले आवेदन




नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह खुले पांच कंपनियों की प्रारंभिक पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) को खुदरा निवेशकों के दम पर जबरदस्त सब्सक्रिप्शन मिला है। ये कंपनियां बाजार से 7,377 करोड़ रुपये जुटाने उतरीं थीं। इसके बदले इनको 2.59 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के आवेदन मिले हैं। सबसे ज्यादा 3,042 करोड़ रुपये जुटाने वाली टाटा टेक ने एलआईसी के रिकॉर्ड को तोड़ भारतीय आईपीओ बाजार में इतिहास रचा है। टाटा टेक को कुल 73.58 लाख आवेदन मिले हैं। पिछले साल एलआईसी के इश्यू में कुल 73.34 लाख आवेदन मिले थे। हालांकि, उसमें भी 20 लाख से ज्यादा आवेदन विभिन्न कारणों से खारिज हो गए थे। 2008 में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर को 48 लाख आवेदन मिले थे। करीब 18 महीने बाद आए सरकारी आईपीओ इरेडा को कुल 30.92 लाख आवेदन प्राप्त हुए। फ्लेयर को 17 लाख, गांधार ऑयल को 28.47 लाख और फेडफिना को 3.67 लाख आवेदन मिले हैं। इस साल अब तक 45 आईपीओ आ चुके हैं। इनमें से लिस्टेड 40 आईपीओ में से 38 में निवेशकों ने जमकर कमाई की है। बीते दस साल में 2017-18 में छोटी कंपनियों को मिलाकर सर्वाधिक 188 कंपनियां आईपीओ लाई थीं। हालांकि इन सभी ने केवल 30,090 करोड़ रुपये ही जुटाए थे। 2021-22 में 120 कंपनियों ने 1.1 लाख करोड़ रुपये की रकम जुटाई।

# शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन- दाल मजबूत, चावल यथावत

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख रही। खाद्य तेलों में मांग सुस्ती से नरमी रही। तिलहनों में खरीदी से भाव बने रहे। दलहनों में मांग बढ़त लिए बताई गई। दाल में उठाव रहा। रही। चावल में कामकाज सामान्यवत बताया गया।

#### किराना बाजार

शक्कर में पूछपरख सुधार लिए रही। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा लिवाली से मजबूत रहा। साबूदाना में उठाव साधारण बताया गया। हल्दी में लग्नसरा लिवाली रही इससे भाव ऊंचे बोले गए।

#### तेल-तिलहन

लग्नसरा लिवाली कमी के साथ खाद्य तेल गिरावट लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहनों में स्थिरता दर्ज की गई।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों ? में भाव बने रहे। दाल में गिरावट दर्ज की गई। चावल में उठाव साधारण बताया गया।

#### किराना

शक्कर 4020 से 4060 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 9500 से 120 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से 4050 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 260 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6800, पैकिंग में 7000 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।



#### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6900 से 7000, सोयाबीन 5150 से 5200 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1560 से 1580, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 945 से 950, साल्वेंट 910 से 915, पाम तेल 895 से 900 रुपये प्रति 10 किलो।

#### दलहन

चना (कांटा) 6300 से 6350, चना विशाल 6150 से 6200, मसूर 6150 से 6200, तुअर निमाड़ी 9500 से 11100, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11300 से 11500, तुअर (कर्नाटक) 11500 से 11600, मूंग 8600 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 9200 से 9700, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 8200 से 8700, तुअर दाल सवा नंबर 14500 से 14600, तुअर दाल फूल 15200 से 15400, तुअर दाल बोल्ड 16300 से 16800, आयातित तुअर दाल 13800 से 13900, मसूर दाल 7750 से 8050, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11200 से 11500, उड़द मोगर 11400 से 11800 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

#### रवा-मैदा

रवा 1720 से 1730, मैदा 1650 से 1660, आटा 1610 से 1620, चना बेसन 4125 से 4150 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# ऑटो सीएनजी घरेलू पीएनजी में बायो-गैस का मिश्रण करना अनिवार्य होगा

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्रालय ने जैव स्रोतों से तैयार संपीडित बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन और खपत को प्रोत्साहन के लिए परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी ईंधन और रसोई में उपयोग के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) में बायोगैस का मिश्रण अनिवार्य किए जाने की योजना घोषित की है।

प्राकृतिक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि संपीड़ित बायो-गैस (सीबीजी) सम्मिश्रण की जिम्मेदारी (सीबीओ) लागू करने से इसके उत्पादन और खपत को बढ़ावा मिलेगा।



विज्ञप्ति के अनुसार पुरी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जैव ईंधन समन्वय समिति (एनबीसीसी) ने शुक्रवार को सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) खंडों में सीबीजी के चरणबद्ध अनिवार्य मिश्रण की शुरुआत किए जाने का निर्णय लिया। सीबीओ के मुख्य उद्देश्य सीजीडी क्षेत्र में सीबीजी की मांग को तेज करना, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के लिए आयात प्रतिस्थापन, विदेशी मुद्रा में बचत, सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करना आदि हैं।

सरकार का अनुमान है कि सीबीओ से लगभग 37,500 करोड़ रुपये के निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा 2028-29 तक 750 सीबीजी परियोजनाओं की स्थापना हो सकेगी।

बैठक के निर्णयों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 तक सीबीओ स्वैच्छिक रहेगा और अनिवार्य सम्मिश्रण दायित्व वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होगा।

वित्त वर्ष 2025-26, 2026-27 और 2027-28 के लिए सीबीओ को कुल सीएनजी/पीएनजी खपत का क्रमशः एक प्रतिशत, तीन प्रतिशत और चार प्रतिशत रखा जाएगा। 2028-29 से सीबीओ पांच प्रतिशत होगा।

केंद्रीय भंडार निकाय (सीआरबी) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री से अनुमोदित परिचालन दिशा-निर्देशों के आधार पर सम्मिश्रण अधिदेश की निगरानी और कार्यान्वयन करेगा।

बैठक में मक्का से इथेनॉल के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों, विशेष रूप से कृषि विभाग और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के साथ आने वाले वर्षों में इसे एक प्रमुख फीडस्टॉक बनाने पर भी चर्चा हुई। मक्के की खेती को और बढ़ावा देने के लिए बीज कंपनियों के साथ आसवकों (डिस्टिलर) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया गया है।

देश में वायु परिवहन क्षेत्र में जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए 2027 में एक प्रतिशत एसएएफ सांकेतिक सम्मिश्रण लक्ष्य (प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए) तथा 2028 में दो प्रतिशत एसएएफ सम्मिश्रण लक्ष्य (प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए) रखा गया है।

# गोपाल स्नैक्स ने आईपीओ के लिए दाखिल किए ड्राफ्ट पेपर

अहमदाबाद। भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नमकीन, पश्चिमी स्नैक्स, और अन्य उत्पादों की पेशकश करती, राजकोट स्थित एथनिक स्नैक कंपनी गोपाल स्नैक्स लिमिटेड जो भारत की एक तेजी से बढ़ती उपभोक्ता सामान वाली कंपनी है, ने अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी (एसइबीआई) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की आरे से शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा है कि गोपाल स्नैक्स लिमिटेड ने 650 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए हैं। शेयरों को एक रुपये के फेस मूल्य पर पेश किया जाता है और यह पूरी तरह से प्रमोटरों और अन्य बिक्री शेयरधारकों के द्वारा 650 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर्स की बिक्री का प्रस्ताव है, जिसमें शेयर्स का कोई नया इशू नहीं है। बिक्री के प्रस्ताव में बिपिनभाई विट्ठलभाई हदवानी के द्वारा 100 करोड़ रुपये तक, गोपाल एग्री प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (प्रमोटर बिक्री शेयरधारक) के द्वारा 540 करोड़ रुपये तक और हर्ष सुरेशकुमार शाह (अन्य बिक्री शेयरधारक) के द्वारा 10 करोड़ रुपये तक शामिल है। प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों के द्वारा सब्सक्रिप्शन के लिए आरक्षण भी शामिल है। गोपाल ब्रांड के तहत, कंपनी प्रतिदिन औसतन 8.01 मिलियन पैकेट्स बेचती है, जिसमें पापड़, मसालों, चने का आटा या बेसन, नूडल्स, रस, और सोन पापड़ी, के साथ-साथ नमकीन और गठिया जैसे एथनिक स्नैक्स और वेफर्स, एक्सट्रूडेड स्नैक्स, और स्नैक पेलेट्स जैसे पश्चिमी स्नैक्स जैसे तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता सामान सहित स्वादिष्ट उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल हैं। इक्विटी शेयर्स को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# टर्मिनल 1 का विस्तार फरवरी तक होगा पूरा

### घरेलू हवाई यात्रियों की हैंडलिंग क्षमता बढ़ेगी

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डा चालू वित्त वर्ष में महामारी से पहले के यात्री यातायात स्तर को पार कर सात करोड़ से अधिक हो जाएगा। उम्मीद है कि अगले साल फरवरी के अंत तक टर्मिनल 1 का विस्तार पूरा हो जाएगा, जिससे घरेलू हवाई यात्रियों की हैंडलिंग क्षमता में 2.3 करोड़ तक की वृद्धि होगी।

इसके अलावा हवाई अड्डा संचालक डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि टर्मिनल 2 (टी2) को थोड़े समय के लिए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल में बदला जाएगा। वर्तमान में, टी 2 घरेलू उड़ानों के लिए है और इसकी यात्री हैंडलिंग क्षमता 1.5 करोड़ है। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (आईजीआईए) देश का सबसे बड़ा हवाईअड्डा है और इसका संचालन दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (ष्ठद्बरु) करता है। वर्तमान में, हवाई अड्डे में तीन टर्मिनल हैं- टी 1, टी 2 और टी 3 - और यातायात के रुझान के आधार पर, ऑपरेटर टी 4 रखने पर निर्णय कर सकता है। वर्तमान में, केवल टी 3 के जरिए अंतरराष्ट्रीय परिचालन होता है। जयपुरियार ने यहां पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि यात्रियों की संख्या में सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा, इस वित्त वर्ष में हम कोविड-पूर्व (यात्री यातायात स्तर) से अधिक रहने जा रहे हैं। कोविड से पहले हमारे पास अधिकतम 6.93 करोड़ यात्री थे। पिछले वित्त वर्ष में हमने 6.53 करोड़ का आंकड़ा पार किया था और इस वित्त वर्ष में हम सात करोड़ का आंकड़ा पार कर लेंगे। कुल यात्रियों में 5.2 करोड़ से अधिक घरेलू यात्री होंगे और लगभग 1.8 करोड़ अंतरराष्ट्रीय यात्री होंगे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 526.4 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 52.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.04 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.13 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

# नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों का शुभारंभ इंडिगो से होगा

नयी दिल्ली। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने शनिवार को इंडिगो एयरलाइन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जिसके अनुसार यह इस निर्माणाधीन हवाई अड्डे से उडानों का उद्घाटन इंडिगो एयरलाइन से होगा।

इस नए हवाई अड्डे का उद्घाटन अगले वर्ष के उत्तरार्ध में इंडिगो एयरलाइन से हो सकता है।

एनआईए की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में काम करने जा रहा यह नया बड़ा हवाई अड्डा और इंडिगो उत्तर प्रदेश और उसके बाहर हवाई कनेक्टिविटी को विकसित और मजबूत करने की दिशा में मिलकर काम करेंगे।

एनआईए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा, हम इंडिगो के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए उत्साहित हैं, जिसका घरेलू और अंतरराष्ट्रीय



दोनों बाजारों में मजबूत आधार है। एनआईए और इंडिगो के बीच साझेदारी न केवल हवाई मार्ग से संपर्क को मजबूत करने में मदद करेगी बल्कि नवाचार को भी प्रोत्साहित करेगी, जिससे हमारे ग्राहकों के लिए एक असाधारण ग्राहक अनुभव सुनिश्चित होगा।

इस अवसर पर इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने कहा, हम 2024 में नए हवाई अड्डे के उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और 6ई नेटवर्क पर किफायती, समय पर और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए नवीन तरीकों का पता लगाने के लिए एनआईए प्रबंधन के साथ काम करना जारी रखेंगे।

नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का पहला चरण 2024 के अंत तक चालू हो जाएगा, जिसमें एक रनवे और एक टर्मिनल होगा जिसमें सालाना 120 लाख यात्रियों के यातायात को संभालने की क्षमता होगी। चौथे चरण के पूरा होने के बाद, हवाई अड्डे की क्षमता प्रति वर्ष सात करोड़ यात्रियों को संभालने की हो जाएगी।

# बैंकों के नाम से हो रही साइबर ठगी पर सरकार हुई सख्त

### धोखाधड़ी रोकने के लिए बनेगी नई गाइडलाइन

बैंकों और ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए अब केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। वित्त मंत्रालय साइबर सुरक्षा से जुड़े मसलों पर बात करने के लिए अगले सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्याधिकारियों के साथ बैठक करेगा। इस महीने की शुरुआत में कोलकाता के यूको बैंक के साथ हुई 820 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को देखते हुए यह बैठक की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्रालय ने पहले ही बैंकों से कहा है कि वे अपनी डिजिटल व्यवस्था और साइबर सुरक्षा से जुड़े कदमों की समीक्षा करें। मंत्रालय अब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठक कर स्थिति की जानकारी लेगा। दरअसल, दीपावली के दौरान यूको बैंक एक आईएमपीएस धोखाधड़ी से प्रभावित हुआ था, जिसमें यूको बैंक के कुछ खाताधारकों के खाते में 820 करोड़ रुपये जमा किए गए थे, जबकि किसी अन्य बैंक से कोई निकासी नहीं हुई थी। यूको बैंक इसमें से करीब 679 करोड़ रुपये या 79 फीसदी वापस लेने में सफल हुआ था, वहीं शेष राशि खाताधारकों ने निकाल ली। बैंक ने कहा कि 10 और 13 नवंबर के बीच इमीडिएट पेमेंट सर्विस से अन्य बैंकों के खातेदारों द्वारा कुछ लेन देन की पहल की गई, जिससे यूको बैंक के खाताधारकों के खातों में पैसे जमा हो गए, जबकि वास्तव में उन बैंकों से कोई धन प्राप्त नहीं हुआ।

एहतियाती कदम उठाते हुए यूको बैंक ने आईएमपीएस व्यवस्था को ऑफलाइन कर दिया। साथ ही बैंक ने साइबर हमले सहित कर्जदाता की आईएमपीएस सेवा के कामकाज को किसी तरह से बाधित करने की कवायद की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से संपर्क साधा। सूत्रों ने कहा कि इस तरह की धोखाधड़ी कुछ अन्य सार्वजनिक बैंकों के साथ दो बार पहले भी हो चुकी है, लेकिन उसे गंभीरता से संज्ञान में नहीं लिया गया, क्योंकि इसकी राशि बहुत कम थी। हाल ही में रिजर्व बैंक ने कहा था कि साइबर सुरक्षा की जरूरतों का न्यूनतम साझा ढांचा तैयार किया जाना चाहिए, जिससे कि वित्तीय संस्थानों के लिए बेहतरीन गतिविधियां और मानक स्थापित हो सकें और इससे सभी संस्थानों को साइबर जोखिम से खुद को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने में मदद मिल सके।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए अनिवार्य किया है कि वे व्यापक रूप से स्वीकार्य साइबर सुरक्षा नीति अपनाएं, जिसमें साइबर जोखिम को रोकने के लिए रणनीति स्पष्ट की गई हो और कारोबार की जटिलता के स्तर के मुताबिक जोखिम स्वीकार्य स्तर तक ही रहे।

नियामक ने जोर दिया है कि साइबर सुरक्षा नीति व्यापक आईटी नीति से अलग बनाने की जरूरत है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर ने भी बैंकों की साइबर सुरक्षा का मसला उठाते हुए कहा था कि बैंकों को हाइपर पर्सनलाइज्ड और टेक बैंकिंग माहौल में साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा मजबूत करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बैंकों को समय से ग्राहकों की शिकायत का समाधान मुहैया कराने की कवायद करने की जरूरत है, जो टेक्नोलॉजी और उत्पादों की व्यापकता में तालमेल नहीं बिठा पाए हैं।

# बफे की कंपनी ने पेटीएम में अपना पूरा हिस्सा 1371 करोड़ में बेचा

नई दिल्ली। दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशन में अपनी पूरी 2.46 फीसदी हिस्सेदारी 1,371 करोड़ में बेच दी है। इसमें बफे को प्रति शेयर 31 प्रतिशत का घाटा हुआ है, जिससे दिग्गज निवेशक को 620 करोड़ से ज्यादा का घाटा हुआ है।

2018 में उन्होंने करीब 2,200 करोड़ रुपये में कंपनी में 2.6 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। बर्कशायर के पास 1.56 करोड़ शेयर थे। एनएसई के मुताबिक, इन शेयरों को 877.29 रुपये प्रति शेयर पर बेचा गया। कोपथाल मॉरिशस इन्वेस्टमेंट व घिसालो फंड ने पेटीएम में 1.86 फीसदी हिस्सेदारी 1,039.52 करोड़ में खरीदी है।

एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को शेयरों का निपटान औसतन 877.29 रुपये प्रति शेयर पर किया गया, जिससे लेनदेन का मूल्य 1,370.63 करोड़ रुपये हो गया। शेयरों की खरीद और बिक्री मूल्य की तुलना से पता चलता है कि प्रत्येक शेयर पर 31 प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

एनएसई के पास उपलब्ध थोक सौदे के आंकड़ों के अनुसार, बीएच इंटरनेशनल होल्डिंग्स ने नोएडा स्थित पेटीएम में 1,56,23,529 शेयर या 2.46 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी। सितंबर तिमाही के अंत में, बीएच इंटरनेशनल होल्डिंग्स के पास पेटीएम में 2.46 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जैसा कि बीएसई के शेयरहोल्डिंग डेटा से पता चला है। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि इकाई ने 0.14 प्रतिशत हिस्सेदारी कब बेची थी।

## शार्ट न्यूज

### तेलंगाना के नारायण ने नेटल मास्टर्स चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में जीता स्वर्ण पदक

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार के पूर्व अतिरिक्त सचिव केएल नारायण (78) ने कर्नाटक के मैंगलोर के येम्मेकेरे स्विमिंग पूल में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप-2023 में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक और 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता है। नारायण ने भारतीय तैराकी महासंघ द्वारा 24 नवंबर से आयोजित की तीन दिवसीय चैंपियनशिप के 75-79 आयु वर्ग में शुक्रवार को 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शनिवार को 50 मीटर फ्रीस्टाइल में भी कांस्य पदक जीता। वह रविवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल में स्पर्धा करेंगे। वह वायुपुरी स्विमिंग पूल, वायुपुरी मनोरंजन केंद्र, सैनिकपुरी में प्रतिदिन अभ्यास करते हैं।

### फ्रेंड्स यूनाइटेड ने सुदेवा को 2-0 से हराया

नयी दिल्ली। फ्रेंड्स यूनाइटेड ने अंकित और अभय सिंह डसीला के गोलों की बदौलत शनिवार को अंबेडकर स्टेडियम पर खेली जा रही प्रीमियर लीग में सुदेवा एफसी को 2-0 से हरा दिया है। आज यहां खेल गये मुकाबले में युवा खिलाड़ियों से सजी सुदेवा पूरी तरह बदरंग नजर आई। दूसरी तरफ फ्रेंड्स यूनाइटेड ने बेहतर तालमेल से खेलते हुए मौकों का भरपूर लाभ उठाया। विजेता टीम अधिकांश समय हावी रही और सुदेवा के युवा अनावश्यक ड्रिबलिंग और गलत पासों के चलते मौके गंवाते चले गए। दिल्ली और देश की नामी अकादमियों में शामिल पराजित टीम के किसी भी खिलाड़ी का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। मिड फील्ड और फारवर्ड ने बेतुके खेल से आसान मौके गंवाए। फ्रेंड्स यूनाइटेड के दोनों गोल दर्शनीय रहे। दाएं बाएं छोर के क्रॉस पर अंकित और अभय ने रक्षापंक्ति को छकाते हुए शानदार गोल जमाए।

### अंडर- 17 फीफा विश्व कप क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना ने ब्राजील को हराया

जकार्ता। क्लाउडियो एचेवेरी की हैट्रिक की बदौलत अर्जेंटीना, ब्राजील को 3-0 से हराकर अंडर-17 फीफा विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंच गया है। जकार्ता इंटरनेशनल स्टेडियम (जेआईएस) में शुक्रवार को खेले गये इस मुकाबले में एचेवेरी तीन शॉट को गोल में तब्दील कर अर्जेंटीना को ब्राजील पर 3-0 से जीत दिला दी। वह पांच गोल के साथ टीम के ही ऑगस्टिन रॉबर्टो के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त सर्वोच्च स्कोरर बन गए है। मंगलवार को सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का जर्मनी से मुकाबला होगा। जर्मनी ने स्पेन के खिलाफ कड़ी मेहनत से 64वें मिनट में पेरिस ब्रूनर के पेनल्टी किक से किये गोल की बदौलत 1-0 से जीत हासिल की। 101वें मिनट में जर्मन मिडफील्डर पर जोरदार फाउल करने के बाद स्पेन के गोलकीपर राउल जिमेनेज को चेतावनी के बाद नहीं संभलने पर लाल कार्ड मिला।

### पंजाब ने उत्तराखंड को 13-0 से हराया

चेन्नई। एशियाई खेलों की विजेता भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की मदद से पंजाब ने शुक्रवार को यहां उत्तराखंड को 13-0 से हराकर हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हरमनप्रीत (22वें, 23वें, 55वें मिनट) के अलावा युवा भारतीय डिफेंडर जुगराज सिंह (14वें, 18वें, 39वें) ने भी हैट्रिक लगाई। राष्ट्रीय टीम के उनके साथी दिलप्रीत सिंह (37वें, 48वें) और सुखजीत सिंह (52वें) ने भी पंजाब के लिए गोल दागे। रविंदर सिंह (12वें), हरसाहिब सिंह (15वें, 54वें) और कंवरजीत सिंह (58वें) ने पंजाब के लिए अन्य गोल किए। भारत के टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे ललित उपाध्याय (11वें) ने भी उत्तर प्रदेश को एक अन्य मैच में राजस्थान पर 8-1 से जीत दिलाने में मदद की जिससे टीम पूल में शीर्ष पर रही। हॉकी 'पावरहाउस' ओडिशा ने भी तेलंगाना को 7-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया।

### भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। जूनियर सिलेक्शन कमेटी ने उदय सहारन को कप्तान चुना गया है। टूर्नामेंट 8 दिसंबर से यूएई में खेला जाएगा। भारतीय दल में 15 चयनित खिलाड़ियों के अलावा, 3 स्टैंडबाय प्लेयर्स को भी शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, 4 एक्स्ट्रा रिजर्व प्लेयर्स भी हैं। रिजर्व खिलाड़ी टीम के साथ यूएई नहीं जाएंगे। एशिया कप में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट 50 ओवर फॉर्मेट में होगा। पंजाब के उदय सहारन को टीम की कप्तानी सौपी गई है। वहीं, मध्यप्रदेश के सौम्य पांडे टीम के उपकप्तान रहेंगे। चयन समिती ने देशभर से टैलेंट चुने है। इसमें से महाराष्ट्र से दो और हैदराबाद से दो खिलाड़ी हैं। दूसरे राज्यों से एक-एक खिलाड़ी शामिल है। एशिया कप 8 दिसंबर को शुरू होगा, जिसमें भारत का पहला मुकाबला अफगानिस्तान से होगा और फाइनल 17 दिसंबर को खेला जाएगा। भारत 10 दिसंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा और फिर 12 दिसंबर को नेपाल से भिड़ेगा।

### हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में लौटेंगे

इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़ी बड़ी खबर आई है। गुजरात टाइटंस ने कप्तान हार्दिक पंड्या को रिलीज करने का फैसला किया है। हार्दिक फिर से अपनी पुरानी टीम मुंबई इंडियंस में लौट रहे हैं। गुजरात की टीम से जुड़े सूत्रों ने इस खबर को कन्फर्म किया है। शुभमन गिल को गुजरात की कमान सौंपी जा सकती है। इस समय IPL का ट्रेडिंग विंडो ओपन है। यानी टीमें अपने खिलाड़ी रिलीज कर सकती हैं और किसी अन्य टीम से खिलाड़ियों की अदला-बदली कर सकती है। पंड्या के मामले में बताया जा रहा है कि इस समय दोनों फ्रेंचाइजी हर तरह की डील की संभावना पर काम कर रही है। एक संभावना यह है कि पंड्या के लिए मुंबई इंडियंस 15 करोड़ रुपए गुजरात को दे दे। इस स्थिति में मुंबई को गुजरात के साथ किसी खिलाड़ी को ट्रेड नहीं करना होगा। हालांकि मुंबई के पास इस सीजन के लिए सिर्फ 5.5 करोड़ का पर्स बचा है। बाकी 9.5 करोड़ के लिए उसे किसी महंगे खिलाड़ी को रिलीज करना ही होगा। दूसरी संभावना यह है कि मुंबई भी पंड्या की कीमत के आपस-पास के अपने खिलाड़ी को गुजरात से ट्रेड कर ले। दोनों ही स्थिति में मुंबई को अपने किसी महंगे प्लेयर को छोड़ना होगा।

### विमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन 9 दिसंबर को

विमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन 9 दिसंबर को मुंबई में होगा। इसकी सभी 5 टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट भी जारी कर दी है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने शुक्रवार, 24 नवंबर को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी। मार्च 2023 में टूर्नामेंट का पहला एडिशन खेला गया था। गुजरात जायंट्स ऑक्शन में सबसे ज्यादा पर्स (5.95 करोड़ रुपए) के साथ उतरेगा, जबकि मुंबई इंडियंस के पास पांच फ्रेंचाइजी के बीच सबसे छोटा पर्स (2.1 करोड़ रुपए) होगा। पहले सीजन के ऑक्शन में स्मृति मंधाना सबसे ज्यादा कमाई करने वाली खिलाड़ी बनी थीं। उन्हें 3.4 करोड़ रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपनी टीम में शामिल किया था। उनके अलावा एश्ले गार्डनर, नेट साइवर-ब्रंट और बेथ मूनी शामिल थीं, जिन्हें सबसे ज्यादा बोली लगा कर टीम में शामिल किया गया था। WPL 2024 सीजन के लिए पांच टीमों ने 21 विदेशी प्लेयर्स समेत कुल 60 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। वहीं कुल 29 खिलाड़ियों को टीमों ने रिलीज किया है। इसमें से गुजरात जायंट्स ने सबसे ज्यादा (11) प्लेयर्स को रिलीज किया। गुजरात जायंट्स पिछले सीजन में आखिरी स्थान पर रहा था। WPL के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस विजयी रही और कई कड़े मुकाबलों के बाद खिताब अपने नाम किया। 26 मार्च को खेला गया फाइनल रोमांचक मुकाबला था, जहां मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर तीन गेंद रहते सात विकेट से जीत हासिल की।

# विश्व चैंपियन कॉलिन जैक्सन अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर घोषित

**कोलकाता।** टाटा स्टील कोलकाता 25K (TSK 25K) के 2023 के लिए पूर्व 110 मीटर बाधा दौड़ विश्व रिकॉर्ड धारक कॉलिन जैक्सन को अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर घोषित किया। प्रोकैम इंटरनेशनल प्रमोटर्स ने यह घोषणा की। उल्लेखनीय है कि 2014 में स्थापित, TSK 25Kने पूर्वी भारत में एक क्रांति ला दी और यह एक विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस है। यह आयोजन अब कोलकाता की जीवंत खेल भावना और ऊर्जा का उत्सव है। कॉलिन जैक्सन जैसे प्रतिष्ठित एथलीट की उपस्थिति अब आमार कोलकाता, आमार रन और भी बड़ा आकर्षक बनेगा। जैक्सन ने 1986 में राष्ट्रमंडल खेलों में 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। उन्होंने 1993 में स्टटगार्ट विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने का विश्व रिकॉर्ड बनाया और 1999 में फिर से विश्व खिताब जीता। उनके करियर का सर्वोच्च बिंदु तब आया जब उन्होंने 1993 में स्टटगार्ट में विश्व चैंपियनशिप में 12.91 सेकिंड में स्वर्ण पदक जीता।

इस मौके पर जैक्सन ने कहा, दौड़ एक सार्वभौमिक भाषा है जिसमें समुदाय को प्रेरित करने और एक साथ लाने की क्षमता है। यह एक संपूर्ण खेल है जो आपको अच्छा स्वास्थ्य रखने में मदद करता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आपको समाज में बदलाव लाने की क्षमता देता है। दौड़ना मूल रूप से मेरा पूरा जीवन रहा है - ट्रैक पर और उसके बाहर। इसने मुझे जीवन में आगे बढ़ने में मदद की है और मुझे बेहतर बनने और बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की है। मैं टीएसके 25के का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं और मैं सभी से इस सबसे बड़े खेल उत्सव में मेरे साथ आने का आग्रह करता हूं! आइए, मेरे साथ जुड़िए और दौड़ को अपने जीवन







का हिस्सा बनाइए। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कॉलिन जैक्सन टीएसके 25 के इंटरनेशनल इवेंट एंबेसडर के रूप में हमारे साथ शामिल होंगे। 110 मीटर बाधा दौड़ में उनका 10 साल का विश्व रिकॉर्ड और 60 मीटर बाधा दौड़ में 27 साल का विश्व रिकॉर्ड आज भी धावकों लिए प्रेरणा है। हमारा मानना है कि टीएसके 25य़ के लिए उनकी उपस्थिति और भागीदारी प्रतिभागियों को अपनी सीमा से आगे बढ़ने और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। हम कॉलिन जैक्सन के साथ एक सफल सहयोग की आशा करते हैं क्योंकि हम टीएसके 25य़ को सभी के लिए एक उल्लेखनीय अनुभव बनाने का प्रयास करते हैं।

### यह है कॉलिस का रिकॉर्ड

वह लगातार 12 वर्षों तक यूरोपीय चैंपियनशिप में अपराजित रहे, लेकिन जैक्सन का पीस डी प्रतिरोध 12.91 सेकंड 110 मीटर बाधा दौड़ का विश्व रिकॉर्ड बना हुआ है, जो एक दशक से अधिक समय तक कायम रहा। 2021 में ग्रांट होलोवे द्वारा इसे तोड़ने तक वह 60 मीटर बाधा दौड़ के विश्व रिकॉर्ड धारक भी थे। उनकी जीत की सूची में दो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण (1990 और 1994), एक विश्व इंडोर बाधा दौड़ चैम्पियनशिप और दो यूरोपीय इंडोर चैम्पियनशिप शामिल हैं। ट्रैक और फील्ड में अपना बेहद सफल करियर खत्म करने के बाद, जैक्सन ने खुद को फिर से स्थापित किया और उसी उत्साह के साथ अन्य क्षेत्रों का पता लगाने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने कई किताबें लिखीं - लाइफ़्स न्यू हर्डल्स, जहां उन्होंने एक शानदार करियर के बाद अचानक बदलाव के साथ तालमेल बिठाने के सदमे का वर्णन किया, द यंग एथलीट, जिसने युवा उम्मीदवारों को आश्चर्यजनक चरण-दर-चरण फोटोग्राफी, स्पष्ट, संक्षिप्त पाठ और उपयोगी युक्तियों के साथ मदद की। दौड़ना शुरू किया और उनकी जीवनी का शीर्षक द ऑटोबायोग्राफी रखा, जहां उन्होंने ट्रैक पर अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की। इसके अलावा, कॉलिन और उनकी बहन सुज़ैन पैकर ने गो डैड रन की स्थापना की, जो प्रोस्टेट कैंसर यूके के लिए धन जुटाता है और उतना ही महत्वपूर्ण रूप से, स्थिति के बारे में अतिरिक्त जागरूकता पैदा करने में मदद करता है। अब, गो डैड रन विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है जिन पर चर्चा करने या विचार करने में पुरुष अक्सर झिझकते हैं, जहां अज्ञात समस्याओं और लक्षणों के लंबे समय में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

## पाकिस्तानी ऑलराउंडर इमाद वसीम ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

कराची। पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

इमाद ने सोशल मीडिया के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हाल के दिनों में मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बारे में काफी सोच-विचार करते हुए इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने का सही समय है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक उनका समर्थन करने वाले पीसीबी को धन्यवाद। पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना वास्तव में सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय और टी-20 प्रारूपों में मेरी 121 उपस्थिति एक सपने के सच होने जैसी थी। नए कोचों और नेतृत्व के आने के साथ पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक समय है। मैं कामना करता हूं कि सभी इसमें शामिल हों और मैं टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, हमेशा इतने जुनून के साथ मेरा समर्थन करने के लिए पाकिस्तान प्रशंसकों को धन्यवाद। अंत में मेरे परिवार और दोस्तों को धन्यवाद जो मुझे उच्चतम स्तर पर पहुंचने में मदद करने में बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। मैं अब अंतरराष्ट्रीय मंच से दूर अपने खेल करियर के अगले चरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि बाएं हाथ के स्पिनर इमाद ने निचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में पाकिस्तान के लिए 55 एकदिवसीय और 66 टी-20 मैच खेले।

## दक्षिण अफ्रीका ने 2027 में होने वाले महिला विश्वकप के मेजबानी की दोवदारी वापस ली

एजेंसी

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने वर्ष 2027 में होने वाले महिला विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी वापस ले ली है।

दक्षिण अफ्रीका फुटबॉल एसोसिएशन ने शनिवार को महिला विश्वकप की मेजबानी की दावेदारी वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि वे वर्ष 2031 में होने वाले टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए बोली लगाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

इस तथ्य को लेकर विवाद रहा है कि महिला विश्वकप का आवंटन अभी तक नहीं किया गया है। यह




टूर्नामेंट सिर्फ चार साल के अंतराल पर होता है।

तुलनात्मक रूप से देखा जाये तो वर्ष 2026, 2030 और 2034 में होने वाले पुरुष टूर्नामेंट के मेजबानों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। 2026 के विश्वकप की मेजबानी कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका करेंगे।

वहीं 2030 के विश्वकप की मेजबानी मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन, अर्जेंटीना, उरुग्वे और पराग्वे और वर्ष 2034 में होने वाले विश्व की मेजबानी सऊदी अरब करेगा।

एसएएफए के सीईओ लिडिया मोनीपाओ ने कहा, हमने महसूस किया कि 2031 फीफा महिला विश्व कप के लिए अच्छी तरह से तैयार बोली पेश करना और जल्दबाजी में प्रस्तुति देने के बजाय यह सुनिश्चित करना बेहतर होगा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

दक्षिण अफ्रीका की 2027 फीफा महिला विश्व कप बोली की अध्यक्ष टुमी डलामिनी ने कहा, 2027 फीफा महिला विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीकी बोली का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान और विशेषाधिकार रहा है।

उन्होंने कहा, फुटबॉल दुनिया में सबसे एकजुट करने वाले खेलों में से एक है और दक्षिण अफ्रीका में महिलाओं के खेलों में निवेश करना प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। महिलाओं के खेल में निवेश करने के दक्षिण अफ्रीका के प्रयास प्राथमिकता रहेंगे और होने भी चाहिए। हम बोली लगाने वाले अन्य देशों को शुभकामनाएं देते हैं।

# हिंद महासागर में इजराइली जहाज पर हमला

## ईरान पर लगे ड्रोन से हमले के आरोप; सीजफायर से चंद घंटे पहले हुआ था हमला

इजराइल-हमास के बीच जारी जंग अब दूसरी जगहों तक फैलने लगी है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हिंद महासागर में शुक्रवार को एक इजराइली जहाज पर ड्रोन से अटैक हुआ है। इजराइल ने इस हमले के पीछे ईरान का हाथ बताया है। अटैक के तुरंत बाद जहाज में आग लग गई।

हालांकि, इसमें किसी की जान को खतरा नहीं हुआ। जिस जहाज पर हमला हुआ वो एक इजराइली अरबपति का है। रिपोर्ट के मुताबिक हमला शुक्रवार सुबह सीजफायर के चंद घंटों पहले हुआ। कार्गो जहाज पर हमला करने वाले ड्रोन की पहचान ईरान के मशहूर शाहेद-136 ड्रोन के तौर पर हुई है।

वहीं, इजराइल-हमास जंग के बीच आज सीजफायर का दूसरा दिन है। पहले दिन हमास ने 4 बच्चों सहित कुल 25 बंधकों को आजाद किया। इसमें 77 साल की हन्ना काट्जिर शामिल हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, विद्रोही संगठन फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद ने हन्ना के कैद में मारे जाने का दावा किया था। हमास की कैद से आजाद हुए इजराइलियों में 2 साल की बच्ची से लेकर 85 साल की महिला शामिल है।



टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, मारे गए सैनिकों के अंगदान होंगे। 10 नवंबर को 20 साल के सैनिक आइलेट की मौत हो गई थी। उसके माता-पिता ने आइलेट का दिल, किडनी, लंग्स और लीवर को दान करने का फैसला किया है। ये अंग 6 अलग लोगों को दान किए गए हैं। इसके बाद जंग में मारे गए अन्य सैनिकों के अंगदान करने का फैसला लिया गया।

### आज 14 बंधक छोड़े जाएंगे

बीबीसी के मुताबिक, हमास आज 14 इजराइली बंधकों को छोड़ेगा। बदले में इजराइल 42 फिलिस्तीनियों को रिहा करेगा। वहीं, टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हमास ने आज आजाद होने वाले बंधकों की लिस्ट भी नेतन्याहू सरकार को सौंपी दी है। उनके परिवारों को भी खबर दी जा चुकी है।

इससे पहले शुक्रवार को छोड़े गए 25 बंधकों में 13 इजराइली और 12 थाईलैंड के बंधक शामिल थे। इसके बदले में इजराइल ने भी 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया था। अलजजीरा के मुताबिक, इनमें 24 महिलाएं और 15 नाबालिग लड़के थे।

### बाइडेन बोले- सीजफायर बढ़ाने की कोशिश करेंगे

वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि 4 दिन का सीजफायर सिर्फ शुरुआत है। इस डील को आगे बढ़ाने की भी संभावनाएं हैं। बाइडेन ने आगे कहा- हम इस मौके पर 2-स्टेट सॉल्यूशन (अलग फिलिस्तीन देश) के लिए नए सिरे से कोशिश करेंगे।

बाइडेन ने कहा कि बंधकों का आजाद होना इस बात का सबूत है कि हमास सिर्फ दबाव की भाषा जानता है। हम कभी भी उन पर ये भरोसा नहीं कर सकते कि वो कुछ सही करेंगे।

### राफा बॉर्डर पार कर इजराइल पहुंचे बंधक

इधर हमास ने जिन बंधकों को छोड़ा उन्हें एम्बुलेंस से राफा बॉर्डर पार करवाया गया। इसके बाद वहां से वे इजराइल के हत्जेरिम एयरबेस पहुंचे। बंधकों को इजराइल के 6 अस्पतालों में रखा गया है। यहां डॉक्टरों की टीम उनकी जांच कर रही है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, सभी बंधकों स्वस्थ हैं। उधर, आजाद हुए फिलिस्तीनियों के परिजन उनसे अस्पताल में मिल सकेंगे।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक 4 दिन के सीजफायर के दौरान 150 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले कुल 50 बंधकों को छोड़ने पर सहमति बनी है। इजराइल ने बंधकों को वापस लाए जाने वाले इस ऑपरेशन को हैवन्स डोर नाम दिया है।

## आयरलैंड में बच्चों समेत 5 लोगों को चाकू मारा : दंगे भड़के

### प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों में आग लगाई, दुकानें भी लूटीं

**डबलिन।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन में गुरुवार (23 नवंबर) दोपहर एक स्कूल के बाहर करीब 5 लोगों पर चाकू से हमला किया गया। इसमें 3 बच्चे शामिल हैं। एक बच्चे की उम्र 5 साल बताई जा रही है। जिन पांच लोगों पर हमला हुआ वो सभी घायल हैं। हमले के बाद डबलिन में दंगे भड़क गए। आयरलैंड पुलिस ने द्धइस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। फिलहाल हमले की वजह साफ नहीं हुई है। पुलिस को शक है कि ये एक आतंकी घटना भी हो सकती है। आयरिश टाइम्स के मुताबिक, हमले में 3 बच्चे, एक



महिला और एक आदमी घायल हुए। इस घटना के बाद पारनेल स्क्वेयर पर कुछ लोग ग्रुप में इकट्ठा होकर प्रवासियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद प्रदर्शनकारी पुलिस ने भिड़ गए और उनकी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने अब तक 34 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। शहर में कई जगह तोड़फोड़, आगजनी और चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस के साथ झड़प में कुछ लोग घायल भी हुए। डबलिन पुलिस के मुताबिक, शहर में जो हिंसा हो रही है, उसमें दक्षिणपंथी तत्वों का हाथ का है। उनका एक गुट इन हमलों को अंजाम दे रहा है।

## इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजे

यरूशलम। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में लोगों को हवाई हमले के सायरन सुनायी दिए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, उत्तरी इजरायल में सायरन बज उठा। इज़रायली सेना ने बताया कि देश के उत्तर में एक 'संदिग्ध हवाई लक्ष्य' की ओर एक इंटरसेप्टर लॉन्च किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि उसने लेबनान से इजरायली सेना के ड्रोन की ओर लॉन्च की गई एक मिसाइल को मार गिराया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष सात अक्टूबर को शुरू हुई।

## इजरायल दूसरे बैच में 42 फिलिस्तीन कैदियों, हमास 14 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा

खान यूनिस। हमास और इजरायल के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान चल रही अदला-बदली के तहत शनिवार को दूसरे बैच में इजरायल के 42 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने के बदले में हमास 14 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते के तहत इजरायली जेलों में बंद 42 फिलिस्तीनियों को भी रिहा किया जा रहा है, जिनमें 18 महिलाएं और 24 लड़के शामिल हैं। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बोलते हुए कहा कि उन्हें चल रही वार्ता के विवरण के बारे में बात करने की अनुमति नहीं थी। उन्होंने कहा कि मध्यस्थ मिस्र और कतर ने इजरायल को हमास द्वारा दिए गए उन बंधकों की एक सूची दी है जिन्हें रिहा किया जाना है। संघर्ष विराम के पहले दिन शुक्रवार को 63 कैदियों और बंधकों को रिहा किया गया था। आगामी अदला-बदली में हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजरायल पर हमले के दौरान बंधक बनाए गए लगभग 240 बंधकों में से 24 को कल रिहा करने के बाद हुई है। बदले में इजरायल ने 39 फिलिस्तीनियों को जेल से रिहा कर दिया है। गाजा में कैद से मुक्त कराए गए लोगों में 13 इजरायली, 10 थाई नागरिक और फिलीपींस का एक नागरिक था।

## फिनलैंड ने लेबनान में कमजोर बच्चों, युवाओं के लिए 30.70 लाख यूरो का दान दिया

बेरूत। फिनलैंड सरकार ने लेबनान में कमजोर बच्चों और युवाओं की सहायता के लिए शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के माध्यम से 30.70 लाख यूरो (लगभग 40 लाख अमेरिकी डॉलर) का दान दिया। यूनिसेफ की ओर से जारी बयान के अनुसार यह दान विद्यालय न जाने वाले एवं हाशिए पर रहने वाले बच्चों और उनके परिवारों को शिक्षा, बाल संरक्षण, किशोर और युवा जुड़ाव, सामाजिक सहायता, स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं प्रदान करके सहायता करेगा। बयान में कहा गया है कि ये सेवाएं बच्चों और युवाओं की निरंतर शिक्षा सुनिश्चित करेंगी तथा सभी बच्चों के लिए एक सुरक्षात्मक वातावरण प्रदान करते हुए अधिक सामाजिक एकजुटता में योगदान देंगी। लेबनान में फिनलैंड के राजदूत ऐनी मेस्कैनन ने कहा, लेबनान में बढ़ते संकट के वर्तमान संदर्भ में सबसे कमजोर बच्चों को पीछे छोड़ा जा रहा है। स्थिति बच्चों के जीवन के लगभग हर पहलू को प्रभावित करती है। लेबनान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि एडौर्ड बेगबेडर ने कहा, इस नए योगदान के माध्यम से हम कमजोर बच्चों और किशोरों को सुरक्षा, सामाजिक सहायता, शिक्षा और कौशल-निर्माण सेवाएं प्रदान करके उन्हें बेहतर बनाने तथा उनके भविष्य को सुधारने का काम जारी रखेंगे।

## कुवैत गाजा में घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए तैयार

कुवैत सिटी। कुवैत ने गाजा पट्टी से घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए अपने अस्पतालों और विभिन्न क्षेत्रों की तैयारी की घोषणा की है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स पर कहा, हमारे फिलिस्तीनी भाइयों से घायल लोगों का उपचार करने के लिए कुवैत में संबंधित अधिकारी निरंतर समन्वय और सहयोग बनाए हुए हैं। घायलों को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल सुविधा प्रदान की जाएगी। आधिकारिक कुवैत समाचार एजेंसी के अनुसार कुवैत गाजा पट्टी तक सहायता पहुंचाने के लिए 23 अक्टूबर से मिस्र के उत्तरी सिनाई गवर्नरेट में अल-अरिश हवाई अड्डे के लिए उड़ानें संचालित कर रहा है, जो भोजन और चिकित्सा आपूर्ति, टेंट और एम्बुलेंस ले जाती हैं। गौरतलब है कि हमास और इजरायल के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम पर समझौता हो गया है। समझौते के तहत, हमास इज़रायल में बंद लगभग 150 फ़िलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से करीब 50 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। इसके अलावा, संघर्ष विराम ने एन्क्लेव में अधिक सहायता आपूर्ति की डिलीवरी को सक्षम किया है और क्षेत्र के बाहर इलाज के लिए घायलों और बीमारों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस ष्ठ 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240, अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# मैक्स हॉस्पिटल साकेत ने हरिद्वार में लॉन्च की कार्डियोलॉजी की ओपीडी सेवा

**हरिद्वार।** उत्तर भारत के लीडिंग अस्पतालों में शुमार मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत (नई दिल्ली) ने आज वरदान पॉलीक्लिनिक एंड फार्मेसी, शिवालिक नगर, हरिद्वार के सहयोग से कार्डियोलॉजी के लिए अपनी विशेष ओपीडी सेवा लॉन्च की. ओपीडी लॉन्च अस्पताल द्वारा उठाया गया एक और पेशंट-केंद्रित कदम है. इससे यहां के मरीजों को दूसरे शहर की तरफ नहीं जाना पड़ेगा और यहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी.

मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत के प्रिंसिपल डायरेक्टर और यूनिट हेड कार्डियोलॉजी डॉक्टर राजीव अग्रवाल की मौजूदगी में ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ किया गया. हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक वरदान पॉलीक्लिनिक और फार्मेसी में डॉक्टर प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे.

इस ओपीडी लॉन्च का मकसद मरीजों को स्पेशल केयर देने के लिए विशेषज्ञ




डॉक्टरों और मॉडर्न इलाज मॉड्यूल तक लोगों की पहुंच आसान बनाना है. वरदान पॉलीक्लिनिक एंड फार्मेसी, शिवालिक नगर, हरिद्वार की तरफ से प्रेस वार्ता में श्री बिपिन श्रीवास्तव और श्री नरेंद्र पाल जी मौजूद रहे

मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत के प्रिंसिपल डायरेक्टर और यूनिट हेड कार्डियोलॉजी डॉक्टर राजीव अग्रवाल ने कहा, मरीज अक्सर शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज कर देते हैं, जैसे सीने में दर्द, दबाव या भारीपन (एनजाइना का संकेत), जबड़े, बाएं कंधे, बाहों, कोहनी, या पीठ में दर्द, सांस की तकलीफ (डिस्पेनिया), ठंडा पसीना, मतली, थकान, हल्का सिर दर्द या बेहोशी लक्षण हो सकते हैं. ये लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और मरीज भी बीमारी की अलग-अलग स्टेज में हो सकते हैं. कई मरीज जिन्हें कई दिल के दौरे पड़ते हैं या कार्डियोमायोपैथी को पतला करते हैं, वो अंततः हार्ट फेल की चपेट में आ जाते हैं. डॉक्टर अग्रवाल ने आगे कहा, तकनीकी प्रगति ने इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. कार्डियक सर्जरी के क्षेत्र में मिनिमली इनवेसिव तकनीक, ट्रांसकैथेटर प्रक्रियाएं जैसी तरक्की हुई हैं. इन नवाचारों ने मरीजों के परिणामों में सुधार किया है, साथ ही इनवेसिवनेस को कम किया है, और इलाज के विकल्प बढ़ा दिए हैं. इस तरह की प्रगति से कार्डियक सर्जरी के क्षेत्र में अच्छा वक्त देखने को मिला है. इस तरह की प्रक्रियाओं इलाज तो अच्छा होता ही है, मरीजों की लाइफ में भी सुधार आता है. इस तरह की विशेषज्ञता के साथ, हमने जटिल प्रक्रियाओं में 90 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय सफलता दर हासिल की है. मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत में हम हार्ट से जुड़े मुश्किल मामलों के लिए तृतीयक केयर प्रदान करते हैं, जिसमें इंटरवेंशनल और मेडिकल प्रबंधन दोनों शामिल हैं. यहां हार्ट मरीजों के इलाज के लिए 24×7 सेवाएं उपलब्ध हैं. अस्पताल के पास टीएवीआई, डिवाइस इम्प्लांटेशन, लीडलेस पेसमेकर जैसे जटिल मामलों के इलाज भी विशेषज्ञता हासिल है.

# "प्रतीक्षा" की नई मालकिन बनीं श्वेता बच्चन नंदा

### अमिताभ बच्चन ने बेटी के नाम किया जूहू वाला 50 करोड़ का बंगला

मुंबई। (पी एम ए) बेटा-बेटी एक समान। ये बात सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने हालिया फैसले से साबित कर दी है। उन्होंने अपनी जायदाद का सबसे खास बंगला प्रतीक्षा बेटी श्वेता बच्चन के नाम कर दिया है। जी हां, आपने ठीक सुना। महानायक ने अपनी पत्नी जया बच्चन की रजामंदी से बेटी श्वेता बच्चन को जुहू वाला बंगला %प्रतीक्षा% गिफ्ट कर दिया है। 8 नवंबर 2023 को इस घर की डील साइन की जिसमें 50.65 लाख रुपए रजिस्ट्रेशन और स्टैंप ड्यूटी के दिए गए हैं।

प्रतीक्षा दो प्लॉट्स में बना हुआ है। एक हिस्सा अमिताभ बच्चन के नाम पर था और दूसरा हिस्सा जया का। ऐसे में दो डीड्स साइन हुई हैं। पहली अमिताभ, जया और श्वेता के बीच जो प्लॉट नंबर 14 के लिए साइन की गई है।

यहां प्रतीक्षा बंगला विट्ठलनगर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, जेवीपीडी स्कीम, जुहू में बना है. यह 890.47 स्क्वायर मीटर्स में बना है। इसकी के साथ प्रतीक्षा प्लॉट



नंबर 15 में भी बना है। यह 674 स्कायर मीटर का एरिया कवर करता है. प्लॉट नंबर 15 की डीड अमिताभ और श्वेता के बीच साइन हुई है तो इस तरह टोटल 1564 स्कायर मीटर एरिया हुआ है। बंगले की मार्केट वैल्यू की अगर बात करें तो वो 50.63 करोड़ बताई जा रही है हालांकि, यह प्राइसिंग कन्फर्म नहीं है।अब श्वेता प्रतीक्षा की नई मालकिन बन चुकी हैं।

प्रतीक्षा वो बंगला है जिसे अमिताभ बच्चन ने मुंबई में सेटल होने पर सबसे पहले खरीदा था। उनके पिता हरिवंश राय बच्चन ने ही इस बंगले का नाम अपनी कविता से प्रेरित होकर लिखा था। जिसका मतलब है, स्वागत सबके लिए हैं यहां पर, लेकिन नहीं किसी के लिए प्रतीक्षा।

## शार्ट न्यूज

### रमेश भण्डारी की एफएमडी भोजपुरी की नई प्रस्तुति फंसरी लगा कि मर जाइब रिलीज़.!




यूँ तो एफएमडी भोजपुरी चैनल पर अभी बहुत गाने नहीं रिलीज हुए हैं लेकिन जो भी गाने इस चैनल पर हैं उन सबका कुछ ना कुछ यूनिक टाइटल सहित कुछ नया और बेहतरीन प्रेजेंटेशन जरूर है जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है । अभी कुछ दिनों पहले ही इस चैनल पर एक भक्तिमय प्रस्तुति छठ गीत के रूप में रिलीज किया गया था , जिसे अच्छे खासे लोगों ने पसन्द भी किया था । इसी कड़ी में स्वस्थ भोजपुरी पर गायक छोटू तिवारी और किरण साहनी का एक नया वीडियो सॉन्ग रिलीज हुआ है जिसका टाइटल है फँसरी लगा के मर जाइब। इस वीडियो सॉन्ग में प्रेमी और प्रेमिका के नोक झोंक के साथ साथ प्रेम के एक अलग स्वरूप का दर्शन भी है, जो कि इस वीडियो सॉन्ग को फील करने के बाद ही अनुभव हो सकता है । इस अनोखे प्यार भरे म्यूजिकल तकरार को काफी बेहतरीन अंदाज में फिल्माया गया है । फँसरी लगा के मर जाइब गीत के म्यूजिक बनाये हैं सूरज देव ने। इसके वीडियो डायरेक्टर व कैमरामैन हैं अजमल टाइगर, जिसे एडिट किया है अकमल टाइगर ने । यह जानकारी पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने दिया ।

### अंतिम वीकेंड पर दिल्ली पवेलियन में उमड़ी भीड़

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर दिल्ली पवेलियन में जमकर भीड़ उमड़ी एवं लोग पेवेलियन के सभी स्टालों पर जमकर खरीदारी करते देखे गए। दिल्ली पवेलियन में बने अक्षरधाम मंदिर के साथ सेल्फी लेने का भी लोगों में जमकर क्रेज देखा गया। वहीं पवेलियन में रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्टेज शो का भी लोगों ने लुत्फ उठाया। 42वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में दिल्ली सरकार के डीएसआईआईडीसी द्वारा आयोजित दिल्ली पवेलियन में दीपा गुप्ता के स्पॉटलाइट ऑन ट्रेंड्स के एस 16 स्टॉल पर आर्टिफिशियल ज्वैलरी लोगों को लुभा रहे हैं। दिल्ली के शहादरा से आई स्टॉल की संचालिका दीपा गुप्ता ने बताया कि हमारे स्टॉल पर मिक्स मेटल के ज्वैलरी, स्टोन ज्वैलरी , पेंडेंट्स, झुमका, कुन्दन, टीका आदि के मनमोहक डिजाइन के लोग मुरीद हो गए एवं जमकर खरीदारी कर रहे हैं। यहां पर 100 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के आर्टिफिशियल ज्वैलरी उत्पाद उपलब्ध हैं।

# निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में दर्द-मंदों एवं ज़ईफ़ों को मिलेगा लाभ

**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप शिवम हॉस्पिटल में रविवार को जयपुर स्थित जेएनयू मेडिकल अस्पताल और कॉलेज के द्वारा निशुल्क मेगा मल्टीस्पेशिलिटी चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर लगाया गया है। जरूरतमंद एवं दिर्घजीवी इस शिविर में सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक अपना स्वास्थ्य जांच करा सकते हैं।

तीन घंटे के इस शिविर में जयपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में जर्नल फिजिशियन, कान, नाक, गला रोग, प्रसूती एवं स्त्री रोग, शल्य चिकित्सक, नेत्र रोग, हड्डी व जोड़ प्रत्यारोपण के चिकित्सक शिविर में शामिल होंगे। सभी अनुभवी चिकित्सकों द्वारा रोगियों को बेहतर इलाज़ सहित परामर्श दिया जाएगा।

शिवम हॉस्पिटल संचालक डॉ. दीपक शर्मा द्वारा मिली जानकारी में बताया गया कि, हर वर्ष की भांति इस शिविर में भी सभी प्रकार के मरीज़ों का इलाज़ निशुल्क किया जाएगा। डॉ. दीपक ने दर्द-मंदों एवं ज़ईफ़ों के लिए इस शिविर को सफल बनाने के लिए आंमत्रित किया।

साथ ही बताया कि, शिविर में जाँच एवं परामर्श के दौरान विशेषरूप से नेत्र रोग, चर्म रोग एवं ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ई.सी.जी व महिलाओं में बच्चे दानी के कैंसर की जाँच की जाएगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की टीम में महिला रोग विशेषज्ञ भी शामिल हैं।

# किसी फरिश्ते से कम नहीं है समाजसेवी कृष्णानंद उपाध्याय, लावारिस महिला का कराया इलाज, दी नई जिंदगी

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के प्रमुख समाजसेवी और लावारिसों के वारिस के रूप में मशहूर समाजसेवी व लावारिस सेवा एवम् शव दाह ट्रस्ट के मुखिया कृष्णानन्द उपाध्याय एक अनूठी मिसाल पेश की । आपको बता दें कि कृष्णानंद उपाध्याय एव उनके सहयोगी के द्वारा एक सप्ताह से मेडिकल कॉलेज गोराबाजार के आइसुलेशन वार्ड में भर्ती लावारिस महिला चोटिल अवस्था में बेड पर थी। जैसे ही यह सूचना कृष्णानंद उपाध्याय को मिली उन्होंने बिना देर किए तुरंत अस्पताल पहुंचे और उस लावारिस महिला का संपूर्ण जाँच कराया और जांच में पता चला कि लावारिस महिला के दाहिने पैर की दोनों हड्डी फ्रैक्चर है और गहरे चोट आई है। यही नहीं 6 माह की गर्भवती भी है , यह कुकृत्य



किसके द्वारा किया गया है यह जांच का विषय है। कृष्णानंद उपाध्याय ने बताया कि आज भी समाज में मानव के रूप में ऐसे भेड़िया है जो इस तरह की लावारिस महिलाओं को अपना निवाला बनाते हैं। उन्होंने बताया कि अज्ञात लावारिस महिला का इलाज मेडिकल कॉलेज में तैनात चिकित्सक डॉ. वैभव एव सहयोगी चंदन सिंह के द्वारा पैर का प्लास्टर किया गया। अब धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कृष्णानंद उपाध्याय ने बताया कि मेरा संगठन लगातार 9 वर्षों से लावारिस लोगों की सेवा में लगा जुटा हुआ है। लावारिस लोगों को भोजन करना, उनके कपड़ों की व्यवस्था करना, स्नान करना एवं साफ सफाई की व्यवस्था भी हमारे संगठन के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है।

समाज के ऐसे असहाय जिनके पास सामान्य जनमानस जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते, ऐसे लोग जब भी कृष्णानंद उपाध्याय से संपर्क करते हैं तो वह तुरंत उनकी सेवा में पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि लावारिस सेवा शव दाह ट्रस्ट के द्वारा जनपद गाजीपुर के समस्त थाना क्षेत्र से बरामद अज्ञात शवों का नि:शुल्क अंतिम संस्कार कराया जाता है। अब तक मेरे ट्रस्ट के द्वारा लगभग 800 लावारिस शवों का हिंदू रीति रिवाज से दाह संस्कार के उपरान्त प्रत्येक वर्ष सामूहिक पिण्डदान, श्राद्ध कर्म भी कराया जाता है। उस श्राद्धा कर्म में समाज के बड़ी हस्तियां शामिल होती हैं और गरीब ,कमजोर लोगों को कंबल वितरण के साथ-साथ उनको भोजन भी कराया जाता है। उनके सहयोगियों में प्रमुख रूप से राकेश ,राधेश्याम राजभर, दीपक वर्मा, राजू पाल, रिंकु, शैलेंद्र यादव, पंकज यादव, नेहाल, गोपाल कश्यप आदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

आतंकवाद के नाम पर फौजियों की जिंदगियों से खेलती गोलियाँ । अपनों को रोता बिलखता छोड़ बलिदान देने वाले जवान । न देखा जाने वाला वह अश्रुपूरित मंजर । माँओं की कोख सूनी करता, पत्नी और बच्चों के सिर से उठता पति व पिता का साया । और कुछ दिन समाचारों में रहकर भुला दिए जाने वाले हमारे सैनिक । जाने कब खत्म होगा यह खूनी खेल जिसके कारण अनगिनत मानव जीवन अकारण बेमौत मरता है ? कैसे एक मानव ही किसी दूसरे मानव की जिन्दगी खत्म कर चैन से जी सकता है ?



श्वेता अग्रवाल

# एंडोस्कोपिक सर्जरी से रीढ़ के इलाज में आ रही क्रांति

व्यक्ति के शरीर की रीढ़ प्रकृति का एक बहुत की कॉम्प्लेक्स चमत्कार है, जो पूरे शरीर की संरचना को मैनेज करता है. लेकिन, दुर्भाग्य से यही रीढ़ बहुत लोगों के लिए दर्द और परेशानी का कारण बन जाती है. हर्नियेटेड डिस्क, स्पाइनल स्टेनोसिस और रीढ़ की अन्य बीमारियां बहुत दर्दनाक होती हैं और लाइफ को मुश्किल बना देती हैं. रोजमर्रा के काम करना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है. हालांकि, पारंपरिक ओपन सर्जरी लंबे समय से रीढ़ की हड्डी की बीमारियों के इलाज में मानक रही है लेकिन एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी ने पूरा गेम बदल दिया है.

गुरुग्राम स्थित सीके बिरला अस्पताल के स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ अरुण भनोट ने बताया की एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एक मिनिमली इनवेसिव तकनीक है जिसके जरिए बहुत ही सटीकता से रीढ़ के ऑपरेशन किए जाते हैं. इस तकनीक से की जाने वाली सर्जरी में टिशू का नुकसान भी कम से कम होता है. इस सर्जरी से कई तरह के फायदे होते हैं.



-तेजी से होती है रिकवरी- एंडोस्कोपिक सर्जरी में छोटे कट लगाए जाते हैं जिससे टिशू डैमेज कम होता है. इसका फायदा ये होता है कि मरीज की रिकवरी तेजी से होती है. पारंपरिक सर्जरी की तुलना में एंडोस्कोपिक सर्जरी के बाद मरीज जल्द ही अपनी सामान्य गतिविधियों में लौट जाता है.

-कम दर्द : मिनिमली इनवेसिव तकनीक से ऑपरेशन में आसपास के टिशू को नुकसान कम पहुंचता है. सर्जरी के बाद दर्द कम होता है. इसका फायदा ये होता है कि लंबे समय पर दर्द की दवाइयां नहीं खानी पड़ती हैं.

-कम से कम निशान- छोटे कट लगाने से फायदा ये होता है कि स्किन पर निशान बहुत कम आते हैं. इससे शरीर की खूबसूरती भी मेंटेन रहती है.

-इंफेक्शन का कम रिस्क- कम जख्म होने के चलते इंफेक्शन का रिस्क कम रहता है, जिससे शरीर सुरक्षित रहता है.

### इमेजिंग की भूमिका

एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एडवांस इमेजिंग तकनीकों, जैसे एमआरआई, सीटी स्कैन और इंट्राऑपरेटिव फ्लोरोस्कोपी पर बहुत अधिक निर्भर करती है. इन तकनीक से सर्जिकल क्षेत्र की रियल टाइन, हाई रिज़ॉल्यूशन इमेज मिलती है जिससे सर्जन का पिन पॉइंट सटीकता के साथ नेविगेट करने में मदद मिलती है. नसों और रक्त वाहिकाओं को अच्छे से देखकर ट्रीट किया जाता है जो मरीज के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है.

### विभिन्न स्थितियों का इलाज

एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी से हर्नियेटेड डिस्क, स्पाइनल स्टेनोसिस, स्पाइनल इंफेक्शन जैसी रीढ़ की हड्डी की समस्याओं का इलाज किया जाता है.

### अस्पताल में कम स्टे

एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी के मामले में अस्पताल में कम वक्त रहना पड़ता है. यहां पेशंट केंद्रित अप्रोच से इलाज किया जाता है. कई मिनिमली इनवेसिव सर्जरी डे-केयर में की जा सकती है या एक दिन के अस्पताल स्टे में ही की जा सकती है. इस तरह मरीज उसी दिन घर लौट जाता है. इससे स्वास्थ्य सुविधाओं पर तो प्रेशर कम होता ही है, साथ ही मरीज का भी अच्छा अनुभव रहता है. रीढ़ की सर्जरी का पहला उद्देश्य मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है, और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी इसमें काफी महत्वपूर्ण होती है. स्पाइन सर्जरी में मरीज की तेज रिकवरी होती है, दर्द कम होता है, निशान कम से कम होते हैं, मरीज का अनुभव अच्छा रहता है और वो जल्दी ही अपने डेली रुटीन में लौट जाते हैं. जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती जा रही है, स्पाइन सर्जरी में क्रांति आ रही है. यह तकनीक मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है और उनका भविष्य उज्जवल हो रहा है.

## मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 83वीं ट्रेन द्वारकाधीश रवाना

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत शनिवार को 83वीं ट्रेन दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यात्रा पर जाने से पहले यहाँ एक कार्यक्रम में तीर्थयात्रियों से मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर ट्रेन लगभग हर सप्ताह तीर्थयात्रा पर जा रही है। इसी कड़ी में आज भी एक ट्रेन 780 तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही है। इससे पहले अभी तक 82 ट्रेन यात्रियों को लेकर तीर्थ यात्रा पर जा चुकी हैं और लगभग 80 हजार तीर्थ यात्री तीर्थयात्रा करके आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर तीर्थयात्रा में महिलाएं ज्यादा होती हैं। इसका कारण यह भी है कि हमारे समाज में आदमी तो फिर भी काम के सिलसिले में इधर-उधर घूम आते हैं, लेकिन महिलाओं को मौका नहीं मिलता है। उनकी पूरी जिंदगी परिवार के लालन-पालन में गुजर जाती है। महिलाएं खुद को पीछे ही रखती हैं और सबकुछ अपने परिवार के लिया करती हैं।

# ऐप बेस्ड प्रिमियम बसों पर पहला हक दिल्ली के गांव वालों का : दयानंद वत्स भारतीय

**दिल्ली के गांव वालों ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐप बेस्ड प्रिमियम बसें चलवाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री से लगाई गुहार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ग्रामीण यात्री परिषद् एवं दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के उपराज्यपाल माननीय श्री विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत को एक्स पर पोस्ट लिखकर उनसे दिल्ली के दूरदराज के गांवों और बार्डर एरिया से ऐप बेस्ड प्रिमियम बसें चलवाने की गुहार लगाई है। वत्स ने कहा कि अभी भी ऐप बेस्ड कैब और आटो वाले गांवों में नहीं जाते। डीटीसी की बसों के सहारे ही लोग गिरते पड़ते अपनी ड्यूटी पर और छात्र अपने स्कूल और कालेज जा पाते हैं। दिल्ली के सुदूर गांवों और बार्डर



एरिया से अभी तक मैट्रो कनेक्टिविटी तक सुलभ नहीं है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और आई.पी यूनिवर्सिटी द्वारका, सराय काले खां और आनंद विहार बस अड्डा और हज़रत निज़ामुद्दीन व आनंद विहार रेलवे स्टेशन, केंद्रीय सचिवालय, दिल्ली सचिवालय तक कोई भी सीधी बस सेवा नहीं है। जिसके ग्रामीण क्षेत्रों के दैनिक यात्री और विद्यार्थियों को परिवहन की भारी परेशानी हो रही है। दिल्ली में इस समय डीटीसी और क्लस्टर डिम्ट्स की बसें परिचालन में हैं। लेकिन उनके रुट गांवों से नहीं चलते। वत्स ने कहा कि ऐप बेस्ड प्रिमियम बस सेवाओं की सबसे ज्यादा जरूरत गांव के यात्रियों को है। इसलिए यह ऐप बेस्ड प्रिमियम बसें ओचंदी बार्डर, सिंधु बार्डर, टीकरी बार्डर, ढांसा बार्डर ,बदरपुर बार्डर से चलाई जाएं। दिल्ली के सुदूर गांवों यथा कुतुबगढ, कटेवडा, हरेवली, घोगा, माजरा डबास, बवाना, नरेला, अलीपुर, पल्ला, बख्तावर पुर, मुखमेल पुर, बुराड़ी, सावदा, निजामपुर , घेवरा, नांगलोई, नजफगढ़, महरौली मुंडका, किराड़ी, कंझावला, दिचाऊं कलां, हिरनकूदना, नीलवाल, छावला, नानकहेडी, मित्राऊ, पंडवाला कलां व पंडवाला खुर्द, मटियाला, ककरोला, बक्करवाला आदि सुदूर गांवों के लोगों को इन बसों की ज्यादा जरूरत है। शहर में परिवहन के की साधना मिल जाते हैं लेकिन गांव में दिन ढलते ही परिवहन का कोई साधन नहीं मिलता।

# पाखी हेगड़े का गोरखपुर में ऐलान , लड़कियों को सेल्फ डिफेंस तकनीक वेन्जो से करेंगी प्रशिक्षित .!

अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने फिल्मों के साथ साथ अब समाजसेवा का कार्य भी शुरू कर दिया है । लम्बे समय से फ़िल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में सफल रहने के बाद अब इस समाजसेवा के तहत उन्होंने महिला सशक्तिकरण को केंद्रबिंदु में रखकर अपना फाउंडेशन खड़ा किया है, जिसके तहत पाखी हेगड़े बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस की विभिन्न तकनीकों से प्रशिक्षित करना चाहती हैं । पाखी हेगड़े का मानना है कि बच्चियाँ खुद की सुरक्षा करने में स्वयं सक्षम हैं बस उन्हें सही तरीके से प्रशिक्षित करने भर की जरूरत है । पाखी ने गोरखपुर में आज प्रेस से बात करते हुए यही बताया कि उनका फाउंडेशन इसी दिशा में कार्य कर रहा है जिसके तहत वे



ग्रामीण इलाकों में भी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व उनके सशक्तिकरण के लिए बेहतरीन प्रयास किये जा रहे हैं । विशेष तौर पर युवतियों को सेल्फ डिफेंस के लिए प्रशिक्षित करना और विद्यालयों के पाठ्यक्रम में इस सेल्फ डिफेंस को शामिल कराना भी मुख्य उद्देश्य है , ताकि बच्चियाँ अपने बचपन से ही सेल्फ डिफेंस की तकनीक सीख लें व अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर आश्रित ना रहा करें ।

पाखी हेगड़े ने बताया कि केंद्र सरकार ने भी महिला सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं जो काफी सराहनीय हैं लेकिन उन योजनाओं को उनके मूल रूप में भारत के ग्रामीण इलाकों तक सुगमतापूर्वक पहुंचाने में उनका फाउंडेशन कार्य कर रहा है ।

हमारे फाउंडेशन का यही उद्देश्य है कि महिला सशक्तिकरण को लेकर हम जितनी जागरूकता और प्रशिक्षण लोगों तक पहुंचा सकें वही हमारी उपलब्धि होगी। सेल्फ डिफेंस में वेन्जो तकनीक इसी ओर इशारा करती है ।

## अर्जुन मुण्डा और भूपेंद्र भाई पटेल ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** केन्द्रीय जनजाति कार्यमंत्री अर्जुन मुण्डा और गुजरात प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने आज श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला और प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर पर जाकर दर्शन-पूजन किया। केन्द्रीय मंत्री आज यहां भारतीय तीरंदाजी संघ और उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन करने आये थे। वहीं गुजरात प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आवंटित गुजरात भवन की जमीन का निरीक्षण करने आये थे। दोनों अतिथियों ने श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन और प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर पर जाकर पूजा-अर्चना किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर 16 दिवसीय जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया

### महिलाओं पर सभी प्रकार की हिंसा सभ्य समाज के लिए कलंक : संत्रा भृगु दयानंद वत्स

**नई दिल्ली।** नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली की राष्ट्रीय सचिव संत्रा भृगु दयानंद वत्स ने आज ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 16 दिन तक चलने वाले जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संत्रा वत्स ने कहा कि दुनिया 21वीं सदी में जी रही है। फिर भी पूरे विश्व में महिलाओं को सभी प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक मामले घरेलू और यौन हिंसा के होते हैं। आज के आधुनिक समाज में भी महिलाओं पर




होने वाली हिंसा सभ्य समाज के लिए कलंक के समान है। वत्स ने कहा कि एक महिला बहन, बेटी, मां, पत्नी के रुप में परिवार, समाज और देश के निर्माण में अपना जीवन खपा देती है। वही समाज के कुछ लोग महिलाओं पर हिंसा करने में आगे रहते हैं। महिलाओं पर घरेलू हिंसा के अधिकांश मामलों में घर-परिवार की महिलाओं की संलिप्तता पाई जाती है। यौन हिंसा के बढ़ते आंकड़े भी डराने वाले हैं। इसलिए महिलाओं को सभी प्रकार की हिंसा से बचाने के लिए समाज में जन-जागरूकता जरूरी है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि शिक्षित परिवारों में घरेलू हिंसा के मामले अधिक आ रहे हैं। वत्स ने कहा कि इससे निपटने का केवल एक ही तरीका है और वह है बचपन से ही महिलाओं को मानसिक रुप से सशक्त बनाना। महिलाओं को अबला नहीं सबला बनाना होगा। यदि महिलाएं सशक्त, शिक्षित, सक्षम, समर्थ और आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर होंगी तो उन पर होने वाली घरेलू और यौन हिंसा रुक सकेगी। इसलिए समाज में महिलाओं को एकजुट होना होगा, आवाज उठाती होगी। शिक्षित और सभ्य समाज का यह दायित्व है कि वह महिलाओं की शिक्षा पर निवेश करें और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अपना योगदान दे। ट्रस्ट की और से आज 25नवंबर से 10दिसंबर मानवाधिकार दिवस तक यह विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वत्स ने कहा कि सभी लोग स्त्री के हर रुप का सम्मान करें। तभी यह दुनिया रहने वाली बनेगी।

CMYK CMYK CMYK CMYK